e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 96
रविवार
09.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
प्रभातमंत्र.com prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23
ताजा खबरों के लिए देखें

**सुविचार**
असंभव शब्द का शब्द केवल कायर करते है, बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग खुद पक्का करते है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**
इफ्तार (09/04/23) 06:10
सेहरी (10/04/23) 04:11
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

बोकारो, रामगढ़ व लोहरदगा में लेवी को लेकर नक्सलियों ने दिया घटना को अंजाम

# नक्सलियों ने मचाया तांडव, फूंके 12 वाहन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के बोकारो,रामगढ़ व लोहरदगा में शुक्रवार की रात लेवी नहीं मिलने के कारण नक्सलियों ने एक दर्जन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के ललपनिया थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित कैरी में हथियारबंद नक्सलियों ने शुक्रवार की देर रात एक जेसीबी मशीन व चार ट्रैक्टर को जलाने के उद्देश्य से उसमें आग लगा दी। लेकिन इसमें जेसीबी पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। लेकिन ट्रैक्टर में आग नहीं लगने से चार ट्रैक्टर के सीट जलकर जरूर नष्ट हो गया। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने जेसीबी पर फायर ब्रिगेट की मदद से काबू पाया। हथियारबंद नक्सली नल जल योजना के तहत पाइपलाइन कार्य मे काम किए जाने का विरोध कर रहे थे। नक्सलियों ने धमकी दी है कि जो भी इस योजना में काम करेगा उसका यही हश्र होगा। बोकारो के एसपी चंदन झा ने घटना की पुष्टि करते हुए मामले की जांच करने और कारवाई करने की बात कही। सभी गाड़ियां पीडीएस डीलर लीला साव की है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ललपनिया इलाके में इस तरह की घटना बरसों बाद हुई है। जानकारी के मुताबिक कैरी में 22 करोड़ की लागत से हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य पाइप लाइन का काम चल रहा है। जिस काम को करने के बाद जेसीबी और ट्रैक्टर मालिक लीला साव के घर के सामने खड़ा किया गया था। देर रात हथियारबंद अपराधियों ने जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर में आग लगा दी।बोकारो एसपी चंदन झा ने कहा कि घटना हुई है। जेसीबी पूरी तरह जलकर खाक हुआ है। सभी ट्रैक्टर सुरक्षित है। घटना की जांच की जा रही है। लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत मकान्दू स्थित बालाजी स्टोन माइंस पत्थर खदान और पुंडरीक नाथ शाहदेव नामक क्रेशर में शुक्रवार की रात पीएलएफआई नक्सली संगठन द्वारा मचाये गए उत्पात में लगभग डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ। नक्सलियों ने माइंस में लगे एक टाटा हिटाची पोकलेन और त्रिपुरारी लाल के क्रेशर में लगे जैक्सन कंपनी का एक 250 केवीए का डीजी जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया। सूत्रों की माने तो घटना के पीछे लेवी का मामला सामने आ रहा है। और लेवी नहीं देने के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद पोकलेन चालक हजारीबाग जिले के चौपारण नावाडीह निवासी धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि वह शुक्रवार की मध्य रात्रि खदान में पोकलेन में सो रहा था। तभी सात-आठ की संख्या में पहुंचे लोगों ने ऊपर से पत्थर फेंके और उसे गाड़ी से नीचे उतरने को कहा। मेरे साथ लप्पड़ थप्पड़ से मार पीट करने लगे। फिर पोकलेन मशीन में आग लगा दी। कहा कि हमलोग कृष्णा गोप के आदमी हैं। तुम्हारा मालिक पैसा नही पहुंचाया है। इस लिए मशीन जला रहे हैं। उसके बाद सभी क्रेशर पहुंचे और डीजी को भी आग लगा दी जिससे डीजी भी पूरी तरह जलाकर खाक हो गया।

### तथाकथित नक्सलियों ने फूंके दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर

**रामगढ़:** रामगढ़ जिला के गोला थाना क्षेत्र के परसाडीह गांव में रविंद्र महतो कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यस्थल पर तथाकथित नक्सलियों ने दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर फूंक डाले। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि जिन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। वे लोग पहले से ही वाह निगाह रखे हुए थे। परसाडीह गांव में पुल निर्माण का कार्य पिछले कई महीनों से जारी है। शुक्रवार की रात जब हथियारबंद लोग वहां पहुंचे तो उन लोगों ने निर्माण स्थल पर मौजूद मजदूरों की पिटाई भी की, जिससे वे घायल हो गये। अपराधियों ने एक कमरे में भी आग लगा दी। जिसमें कुछ रुपये और अन्य कागजातों की जलने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला लेवी और रंगदारी से जुड़ा हुआ है। अपने वर्चस्व को एक बार फिर कायम करने के लिए तथाकथित नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

पलामू टाइगर रिजर्व में हैं तीन बाघ

# आज जारी होगा सेन्सस रिपोर्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक के मैसूर में आयोजित कार्यक्रम में बाघों के सेन्सस की रिपोर्ट जारी करेंगे. झारखंड के पीसीसीएफ सह वाइल्ड लाइफ हॉफ और पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैसूर गए हैं.

पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में तीन बाघ मौजूद है. इसकी पुष्टि बाघों की गिनती के दौरान हुआ है. पलामू टाइगर रिजर्व एक अधिकारी ने बताया कि वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ने इलाके में तीन बाघों के होने की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पीटीआर के इलाके में पंहुचे बाघ को आकंड़ों में शामिल नहीं किया गया है. यह बाघ सेन्सस के बाद इलाके में आया हुआ है. पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों का विचरण हमेशा होता है। इस समय था जब यहां सैकड़ों की संख्या में बाघ रहते थे।

## कोरोना से नौ की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी):** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6,155 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान नौ संक्रमित लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में 3,253 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब तक कोरोना वायरस से 4,41,89,111 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.74 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 31,194 हो गई है। दैनिक संक्रमण दर 5.63 प्रतिशत है।

## क्विक न्यूज

### सीयूईटी यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन का एक और मौका

**नई दिल्ली :** राष्टीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने उम्मीदवारों को विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (यूजी)-2023 के लिए आवेदन का एक और मौका देते हुए आवेदन विंडो को कल (9 अप्रैल) से फिर खोलने का निर्णय लिया है। पहले आवेदन करने की समय सीमा 30 मार्च को समाप्त हो गई थी। अब इसे 11 अप्रैल तक फिर से खोला जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने शनिवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, कई छात्रों के अनुरोध के बाद, हमने रविवार, सोमवार और मंगलवार को सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन पोर्टल को फिर से खोलने का फैसला किया है। यह पोर्टल मंगलवार (11 अप्रैल 2023) को रात 11.59 बजे बंद हो जाएगा। छात्रों से अधिक जानकारी के लिए https://cuet.samarth.ac.in पर जाने का अनुरोध किया जाता है।

### मुंबई में तीन आतंकियों के घुसने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सतर्क

मुंबई : मुंबई में तीन आतंकियों के घुसने की जानकारी मिलने के बाद मुंबई पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस टीम इसकी गहन छानबीन कर रही है।पुलिस के अनुसार मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में राजा ठोंगे नामक व्यक्ति ने शुक्रवार को फोन कर तीनों आतंकियों के बारे में सूचना दी। राजा ठोंगे ने पुलिस को बताया कि तीन आतंकवादी शुक्रवार सुबह दुबई से मुंबई आए हैं। साथ ही राजा ठोंगे ने दावा किया है कि मुंबई आए आतंकियों के संबंध पाकिस्तान से हैं और इन तीनों का अवैध कारोबार भी है। उसने यह भी कहा है कि उनमें से एक का नाम मुजीब सैयद है। इस आधार पर पुलिस फिलहाल आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सड़क हादसों में 9 की मौत, 17 घायल



एजेंसी

**लखनऊ :** यूपी में शनिवार को एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। बलरामपुर में जहां एक साथ एक ही परिवार के छह लोगों मौत हो गई वहीं उन्नाव में पेड़ से बाइक टकराने में एक की मौत हो गई। महोगा में सड़क हादसे में लोडर की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे खड़े ट्रक में पीछे से टेंपो ट्रैवलर टकराने से 17 लोग घायल हो गए। उन्नाव के फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन दोस्तों में एक की मौत हो गई, दो को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कालीमिट्टी- शिवराजपुर मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास शनिवार सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे तीन लोगों को लहूलुहान पड़ा देखा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया।महोबा में लोडर ने पहले महिला को टक्कर मारी फिर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में महिला और लोडर में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। शनिवार सुबह करीब आठ बजे चरखारी-मुस्करा मार्ग पर खरेला थाना क्षेत्र कके बसौट बैरियर के पास छोटा हाथी (लोडर ) ने बसौट निवासी 50 वर्षीय हल्केबाई को टक्कर मार दी। महिला की मौके पर मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद लोडर भी अनियंत्रित होकर पलट गया।

इससे लोडर में सवार 50 वर्षीय ग्राम धवारी निवासी नाथूराम की दब कर मौत हो गई। बुदेलखंड एक्सप्रेसवे पर करीब 110 की रफ्तार से भाग रही टेंपो ट्रैवलर (17 सिटर) हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इसमें सवार महिला व बच्चों समेत 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।


# तेलंगाना में 11,360 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन



एजेंसी

**हैदराबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में 11,360 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।पीएम मोदी ने हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। बता दें कि ये देश की 13 वीं वंदे भारत ट्रेन है। यह ट्रेन सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आईटी सिटी, हैदराबाद को भगवान वेंकटेश्वर के निवास स्थान तिरुपति से जोड़ती है। हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एम्स बीबीनगर का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना-आंध्रप्रदेश को जोड़ने वाली एक और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा, यह ट्रेन एक प्रकार से आस्था, आधुनिकता और टूरिज्म को जोड़ने वाली है। इसके साथ ही आज यहां 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि हैदराबाद में करीब 70 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क बनाया गया है। आज यहां 13 एमेम्टीज सर्विस शुरू हुई है,एमएमटीएस का तेजी से विस्तार हो सके जिसके लिए तेलंगाना के लिए 600 करोड़ रुपए रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा यहां हाईवे के प्रोजेक्ट का तेज़ी से विकास किया जा रहा है। केंद्र सरकार तेलंगाना में आधुनिक नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए जुटी है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ मुट्ठीभर लोग विकास कार्यों से बौखलाए हुए हैं, ऐसे लोग जो परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को पोषित करते रहे उन्हें काम करने वाले लोगों से परेशानी हो रही है। इन्हें देश, समाज के भले से कोई लेनादेना नहीं है।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## दिल के अरमां, आंसुओं में बह गए

# लंबे समय तक के लिए बंशीधर महोत्सव स्थगित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के इंतजार कर रहे लोगों को एक बड़ा झटका लगा है। जहां बंशीधर महोत्सव को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो जाने से लोगो के दिल के अरमान आंसुओं में बह गए। शिक्षा मंत्री के स्वर्गवास हो जाने से महोत्सव की अंतिम चरण की तैयारियों के बीच अगले आदेश तक के लिए इसे रद्द कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा श्री बंशीधर नगर में 8 एवं 9 अप्रैल को बंशीधर महित्सव कार्यकम को निर्धारित किया गया था। श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर बंशीधर नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। हर तरफ खुशियों का माहौल था। इसी बीच 6 अप्रैल को झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के निधन होने के कारण जिला प्रशासन की ओर से 8 एवं 9 अप्रैल को होने वाले महोत्सव कार्यक्रम को अनिश्चित समय के लिए रद्द करने की सूचना जारी किया गया था। वही जिला उपायुक्त शेखर जमुआर ने झारखंड के प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को पत्राचार कर राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन आगामी 9 एवं 10 अप्रैल को करने अथवा कोई अन्य नई तिथि निर्धारित करने की मांग भी की थी। लेकिन सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा की दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव विभागीय सूचना आने तक अगले आदेश के लिए कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। अगले 15 दिनों के बाद आधिकारिक घोषणा होने पर कार्यक्रम की तिथि निर्धारित होगी। इधर बंशीधर महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर इवेंट मैनेजमेंट की टीम महोत्सव के अंतिम रूप देने में लगे थे। कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया था। महोत्सव में बैठने वाले लोगों के लिए लगभग दस हजार कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। लेकिन शनिवार को इवेंट मैनेजमेंट टीम को अगले आदेश तक के लिए महोत्सव स्थगित होने की मिली सूचना के बाद कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट, स्टेज एवं कुर्सियों को समेटने लगी है। जिससे कार्यक्रम स्थल पर विरान दिखने लगी है। इधर लंबे समय के बाद जहां लोगों में महोत्सव होने का इंतजार था। वही महोत्सव की तिथि निर्धारित होने के बाद स्थगित होने से श्री बंशीधर नगर वासियों में मायूसी देखी जा रही है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी दिवंगत शिक्षा मंत्री को श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** अररूआ खुर्द स्थित झामुमो कार्यालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन कर राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त किया। शोक सभा में शामिल झामुमो के नेता एवं कार्यकर्ता ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रद्धांजलि दी। प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो व्यवहार कुशल, मिलनसार एवं कर्तव्य निष्ठ थे। उनका असमय चले जाना झामुमो के साथ- साथ झारखंड राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं झामुमो नेता अतहर हुसैन ने कहा कि झामुमो एक संघर्षशील, जुझारू, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ नेता को खो दिया है। वहीं सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मंत्री जगरनाथ महतो जी एक आंदोलनकारी नेता थे। उनका जीवन दर्शन प्रेरणा स्त्रोत है। झारखंड के माटी ने अपना एक बेटा खो दिया लेकिन उनकी सोच हम सबों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगी। शोक सभा में प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, मो0 अतहर हुसैन, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, प्रखंड सचिव रामपुकार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष राजू सिंह उर्फ राजा सिंह, मो0 दानिश, मो0 सलीम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दिल्ली सरकार की भांति झारखंड सरकार भी अधिवक्ताओं को दे सुविधाएं : रामदेव यादव



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार को भी दिल्ली सरकार के तर्ज पर अधिवक्ताओं को सुख सुविधा मुहैया करना चाहिए। दिल्ली सरकार बधाई के पात्र हैं। उक्त बातें पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा। वह शनिवार को अधिवक्ता संघ के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि झारखंड के अधिवक्ताओं की समस्याओं के निदान के लिए बहुत जल्द सभी जिला में घूमकर अधिवक्ताओं से रूबरू होंगे। एक प्रश्न के जवाब में श्री यादव ने बताया कि आगामी होने वाला झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में वह सदस्य के रूप में अपना भाग्य आजमाएंगे। रामदेव यादव ने एक मांग पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष को भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा कानून शीघ्र लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण कोष लागू कर अधिवक्ताओं को आर्थिक रूप से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने मांग किया कि प्रदेश में 30 वर्ष तक प्रैक्टिस पूर्ण कर चुके वृद्ध अधिवक्ताओं को 10000 मासिक पेंशन की भुगतान किया जाए। इसके अलावा अन्य 11 सूत्री मांग उन्होंने अपने पत्र में लिखा है। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता मदन मोहन सिंह, ललित शुक्ला, संजय पांडे, शंकर त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जेल में बंद कैदी की तबीयत बिगड़ी सदर अस्पताल में भर्ती



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल जेल मेदनीनगर में बीती रात एक कैदी बसंत महतो की अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद जेल कर्मियों के द्वारा सुरक्षा के बीच उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 11:00 बजे सेंट्रल जेल में बंद कैदी पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम खामडीह निवासी बसंत महतो की अचानक तबीयत खराब हो गई। और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद जेल कर्मियों के द्वारा उसे सुरक्षा के बीच इलाज के लिए तुरंत मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके बाद जेल प्रशासन के द्वारा इस घटना की जानकारी बसंत महतो के परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर शनिवार की सुबह परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और बसंत की सेवा करने में लग गए हैं। परिजनों का जेल प्रशासन से आग्रह है कि बसंत को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा जाए, सदर अस्पताल में उनकी तबीयत ठीक नहीं हो रही है। बताते चलें कि 4 महीना पहले बसंत महतो सेंट्रल जेल में रेप केस का सजा काट रहा है। उसके गांव की ही एक लड़की ने उसपर रेप का आरोप लगाया था। आरोप लगाने के पश्चात कुछ दिन से बसंत महतो फरार चल रहा था।इसके बाद खुद वह कोर्ट में जाकर जज के सामने सरेंडर किया। तब से वह सेंट्रल जेल में सजा काट रहा है।

## जींवत झांकी व लड़की बुलैट राईडर्स के साथ निकलेगी जन्मोत्सव शोभायात्रा : युवा वाहिनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लड़की बुलैट राईडर्स व जीवंत झांकी व तरसा पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव शोभायात्रा में।शोभायात्रा में वाराणसी से शंख बजाने वाले विशेषज्ञों की विप्र टोली इस शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए सबसे आगे चलेंगे।इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जन्मोत्सव शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी),प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय(लल्लू पांडेय) व पलामू जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे ने बताया कि जन्मोत्सव शोभायात्रा में जीवंत झांकी में भगवान परशुराम, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का दरबार,देवो के देव महादेव व बीर बजरंग बली पर आधारित जींवत झांकी की प्रस्तुती की जाएगी। उन्होंने बताया कि लड़की बुलैट राईडर्स शहर के लिए अनोखा दृश्य होगा और शहर में इस प्रकार की यह पहली प्रस्तुती होगी, वहीं शोभायात्रा में लाईव भक्ति जागरण भी प्रस्तुत किया जाएगा।जिसमें बाहर के कलाकारों के द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुती की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेड़मा रांची रोड (ठाकुरबाड़ी के नजदीक) स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय से 22 अप्रैल को संध्या तीन बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पंडित चंद्रशेखर आजाद चौक (रेड़मा) होते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पहूँचेगी जहाँ मंग्ला काली मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया की शोभायात्रा वहाँ से निकलकर सुभाष चंद्र बोस चौक होते हुए बेलवाटिका के रास्ते से गुजरते हुए रेड़मा ठाकुरबाड़ी में भव्य आरती के साथ समाप्त होगा।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा समापन के बाद मिलन समारोह सह रात्रि भोज के साथ शोभायात्रा उत्सव के समापन की घोषणा की जाएगी।

## शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होना होगा : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत ग्राम - हरैया में शाखा की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता लखन राम ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पार्टी जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता नवीकरण को समय पर करने को कहा और उन्होंने कहा कि नौडीहा बाजार के ग्राम, हरैया, अमवाडीह, हुलसी कला,करकटा सहित सभी गांव में पार्टी की सदस्यता बढ़ रही है इस इलाके में पार्टी की सदस्यता को दुगना करना है तभी हम शोषण मुक्त समाज की स्थापना कर सकेंगे। इस इलाके में पहले जमींदार परिवार के शोषण से मुक्ति कम्युनिस्ट पार्टी ने करवाया था आज उसी जमीन को पूर्व जमींदार परिवार के लोग प्रशासनिक और अंचलाधिकारी के सहयोग से गरीबों के जोत कोढ़ एवं घरबारी की भूमि से लोगों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है उनके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी सरकार ने आम जनता पर भिन्न भिन्न तरह के टैक्स, जीएसटी लादकर गरीबों को मंगहाई में झोक दिया। और देश के पुंजीपतियो को मालोमाल कर दिया है। मनरेगा में को काम नहीं हो रहा है।खेत में अकाल पड़ा हुआ है। मजदूरों के पास कोई काम नहीं है। राज्य सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है। ऐसी परिस्थिति में पार्टी ने भाजपा भगाओ देश बचाओ का नारा कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया है ओर भाजपा को भगाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होना होना। बैठक में राजेंद्र बैठा, चलितर भूइंया, बिनोद भूइंया, सुनर भूइंया, रामानन्द भूइंया, कमल भूइंया, बिगन राम, सुबोध भूइंया, भजन भूइंया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से युवक घायल



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा थाना क्षेत्र के लहेलहे गांव निवासी अमित कुमार बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अमित कुमार शनिवार की सुबह अपने घर से बाइक पर सवार होकर किसी काम से हुसैनाबाद जा रहा था। इसी बीच रास्ते में नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको में एक अज्ञात वाहन के धक्के से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद राहगीरों और स्थानीय के द्वारा इस घटना की जानकारी नावा बाजार थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल अमित कुमार को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान बताया गया कि अमित कुमार का दाहिना पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना के बाद से पुलिस अज्ञात वाहन की पता लगा में जुट गई हैं।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा, सुनी जनसमस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बसरिया गांव का किया दौरा लोगों के साथ किया सीधा संवाद। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और डालटेनगंज के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बसरिया में लोगों के साथ सीधा संवाद किया। इस कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए केएन त्रिपाठी ने उस पर संज्ञान लिया और संबंधित पदाधिकारियों से बातचीत कर समस्या के निराकरण के लिए आग्रह किया। केएन त्रिपाठी ने बताया कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। जिसके लिए विधायक जिम्मेदार हैं और सरकार के स्तर से वह कोसिस कर रहे है। उन समस्याओं का निराकरण हो सके।


## खाटीन जामा मस्जिद में तरावीह मुकम्मल हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत अंतर्गत खाटीन जामा मस्जिद में 15वीं रात शुक्रवार को तरावीह मुकम्मल हुई ये तरावीह महल्ले के हाफिज तौहीद अंसारी ने पढ़ाया। एक रोजा से चल रहा था तरावीह जो 15 वीं रात को मुकम्मल हो गई इसके बाद मस्जिद में मिल्लाद शरीफ का आयोजन किया गया । मिलाद शरीफ में संमाप्ति के बाद हाफिज तौहीद द्वारा कहा गया कि इस रमजान पवित्र महीना में हर समय इबादत करे और रोज़ा रखे साथ इन्होंने अपने इलाके के साथ-साथ मुल्क में अमन-चैन,भाईचारगी, तरक़्क़ी के लिए दवाएं की गई ।नव जवां यादे हुसैन कमिटी हर साल तरावीह पढ़ाने का इंतजाम करती है असगर हुसैन, गुलाम मुस्तफा, तबारक हुसैम, मुस्ताक अहमद, मुमताज अंसारी रौशन जमीर, सदर फिरदौस आलम, सफीक अब्बासी, मुस्तकीम अब्बासी, असलम अब्बासी, मुस्लिम खलीफा, इदरीश सिद्दीकी, अरमान अंसारी, सगीर हुसैन, आबिद हुसैन, हुसैन अंसारी समेत काफी संख्या में मुस्लिमभाई उपस्थित थे।

## डायन-भूत का आरोप लगा कर महिला के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** बेनीडीह गांव में डायन भूत का आरोप लगाकर महिला के साथ मारपीट के एक आरोपी को रामगढ़ थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल। रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेनीडीह में 6 फरवरी 2023 को डायन भूत का आरोप लगाकर एक महिला से मारपीट करने के मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने करवाई की है रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में करवाई करते हुए पुलिस टीम ने इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त साभान अंसारी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि युवक के खिलाफ 8 फरबरी 2023 को लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। जिसके संघर्ब में कांड आईपीसी की धारा 341, 323, 325, 307, 504, 506, 34 और डायन प्रथा प्रतिरोध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।इसी के तहत अनुसंधान में उसके बिरूध में सच पाया गया। जिस आरोप में उसको गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## जंगली सुअर के हमले से व्यक्ति घायल स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के खूरा कला गांव निवासी राजदेव भुइयां जंगली सुअर के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजदेव भुइयां उम्र 50 वर्ष शनिवार की सुबह अपने घर से खाना पीना खाकर पास के जंगल में मवेशियों को चराने निकला था। इसी दौरान जंगली सूअर ने उस पर हमला बोल दिया। इसके बाद जंगल में ही गाय चराने वाले एक अन्य व्यक्ति ने इस घटना की जानकारी घायल राजदेव भुइयां के परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल के परिजन जंगल पहुंचे। और उसे इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## नेशनल टाइल्स एंड मार्बल स्टोर का उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** विधायक आलोक चौरसिया ने शाहपुर में नेशनल टाइल्स एंड मार्बल स्टोर का किया उद्घाटन। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर में डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक चौरसिया ने नेशनल टाइल्स मार्बल स्टोर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि इस स्टोर के खुलने से आसपास के लोगों को टाइल्स और मार्बल लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रारंभ

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पाटन व झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय पंडवा में वर्ग छ में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है उक्त जानकारी विद्यालय की वार्डन अर्चिता सिंह ने दी। कहा कि जिन बच्चीयों को नामांकन कराना है विद्यालय में आकर अपना एंट्री करा लें। कहा कि नामांकन में वैसी छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके एकल मां-बाप हो अथवा अनाथ हो, सुदूरवर्ती क्षेत्र के हो, बीपीएल सूची में नाम हो, क्षितिज हो। कहा कि नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज में छात्रा की आधार कार्ड की छाया प्रति, छात्रा का बीपीएल नंबर, छात्रा का जाति प्रमाण पत्र का कॉपी लेना आवश्यक है। कहा कि आवासीय बालिका विद्यालय में एससी के लिए अठारह, एसटी के उन्नीस, ओबीसी के लिए छब्बीस, अल्पसंख्यक के लिए तीन तथा बीपीएल छात्रा के लिए उन्नीस सीट खाली है। वहीं आवासीय बालिका विद्यालय में एससी छात्रा के लिए 17, एसटी छात्रा के लिए तीन ,ओबीसी छात्रा के लिए 15, अल्पसंख्यक के लिए दो तथा बीपीएल धारी के लिए 13 सीट खाली हैं। वार्डन ने बताया कि नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 13 अप्रैल है।

## पवित्र माह ए रमजान में हाफिज को 15 दिन में कुरान ए पाक मुकम्मल करने पर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर:** रमजान का महीना मुसलमानों के लिए रहमत बरकत व मगफिरत का महीना होता हैं। पवित्र माह ए रमजान में विशुनपुर स्थित गौसिया मस्जिद में कुरान ए पाक खत्म पढ़ा गया। हाफिज याकूब साहब द्वारा 15 दिनों में कुरान ए पाक पढ़ कर समाप्त करने से अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान व अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा हाफिज याकूब साहब को बुके व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हाफिज याकूब साहब ने कहा कि माह ए रमजान में नेक नियत से किया गया इरादा खाली नहीं जाता है। अल्लाह इस मुबारक महीने में एक नेकी के बदले 70 गुना नेकी देता है। उन्होंने कहा कि हर वो शख्स जिसे अल्लाह ने दौलत से नवाजा है वह पूरी इमानदारी से जकात निकाले इससे इंसान का माल महफूज और पाक होता है। इस अवसर पर तौहिद खान ने कहा कि 15 रमजान को खत्म कुरान ए पाक पढ़ा गया. उन्होंने कहा कि हाफिज याकूब साहब को 51,786 रुपए देकर सम्मानित किया गया. इन अवसर पर अल्लाह सेअपने मुल्क में आपसी भाईचारा अमन-चैन एवं सुख समृद्धि की दुआएं मांगी। मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि इस पवित्र महीना में अपने माल 2.5 प्रतिशत गरीब असहाय अपने आस पास लोगो के बीच इंदाद करना चाहिए. कार्यक्रम का अंत मे सलातो सलाम पढ़कर समापन किया गया। मौके पर मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना पैगाम रजा, आमीन खान, लालबाबू खान, शमीम खान, खुर्शीद खान, अख्तर खान, मंसूर खान, फुलटून, शकील अहमद गुलु, मेराजुद्दीन खान, सलाहू खान, फेराजुल खान, अजूबा खान, अजहरुल खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में दो परिवार आपस में भिड़े जमकर चली लाठियां



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शाहपुर में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट, आठ दिन बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में गत 30 मार्च को घर पर हमला कर प्रेम राम चंद्रवंशी उसके पुत्र गुड्डू एवं या भतीजा सनी के साथ मारपीट कर जख्मी करने की घटना के 8 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। इस संबंध में चैनपुर थाना में छह लोगो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मारपीट में प्रेम और उसके पुत्र को गंभीर चोट आई है प्रेम का एक हाथ फैक्चर कर गया है शरीर के अन्य हिस्सो मे भी गंभीर जख्म बने हुए हैं। पीड़ित प्रेम राम ने शनिवार को बताया कि 30 मार्च नवमी के दिन ढेर शाम अचानक घर पर आठ दस लोग पहुंचे और लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया की उसके गोतिया के गणेश राम के साथ उसका जमीन विवाद है फर्जी तरीके से गणेश राम ने उसके और उसके गोतिया परिवार के अन्य हिस्से के जमीन और मकान अपने नाम करवा लिया है। इस संबंध में कुछ दिन पहले चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। इस एफआईआर के कारण गणेश और उसकी पत्नी ऊषा देवी दामाद सहित आठ दस लोग आचनक नवमी के दिन आ धमके और घेर के उसकी जमके पिटाई की आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ नही पाई है। इस संबंध में चैनपुर के थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता एसडीपीओ ऋषभ गर्ग से मिलकर करवाई की गुहार लगाई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडा पुजा के दौरान दो युवक गोली लगने से हुए घायल

**रांची ।** इटकी थाना क्षेत्र में आयोजित मंडा पुजा के दौरान शनिवार को अहले सुबह मंडा पूजा में नाच-गाना के दौरान की गई फायरिंग से अफरातफरी मच गई। इस दौरान गोली लगने से दो युवक घायल हो गया। इटकी पुलिस के मुताबिक गोली लगने से रवि नायक और अमन लकड़ा दोनों घायल हो गए। इनमें से एक इलाज रिम्स और दूसरे का बेड़ों अस्पताल में चल रहा है। गोली दोनों युवकों के पैरों में लगी है। गोली चलाने वाला हथियारबंद व्यक्ति फरार है। घटना की जांच की जा रही है।

### रांची जीपीओ में आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**रांची।** मुख्यालय द्वारा प्राप्त सर्कुलर से अवगत कराते हुए स्टेट सचिव ने कहा कि पोस्टमैन के जनवरी 96 से बकाया भुगतान, प्रशिक्षण अवधि की गणना कर प्रोन्नति में लाभ देना, पेंशनर्स के अनुशासनात्मक लम्बित मामलो का निपटारा, हर स्तर पर पेन्शन अदालत का आयोजन सुनिश्चित करना जैसे मुद्दों पर चरणबद्ध धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है।28 अप्रैल को प्रमंडलीय सचिव सचिव डाक विभाग को ज्ञापन भेजेंगे।29 मई को राज्य सचिव इमेल के माध्यम से ज्ञापन सचिव डाक विभाग को प्रेषित करेंगे।23 जून को मुख्य डाक महाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन दिया जायगा। बैठक में त्रिवेणी ठाकुर, त्रिलोकी साहू,सुखदेव राम,सिद्दीक अंसारी, सत्यवीर मंडल लखन सिंह,मनराखन, राजेन्द्र महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रांची में आदिवासी संगठनों के बंद का व्यापक असर, परिवहन व्यवस्था ठप

**टायरों को आग लगाकर रास्ता रोक दिया है। रातू रोड-बिरसा चौक बायपास रोड पर किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया जा रहा था।**



छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची (झारखंड)** : पाहन महासभा झारखंड प्रदेश और समस्त आदिवासी मूलवासी संगठनों का सरना झंडा जलाने की घटना के विरोध में आहूत राजधानी रांची बंद का आज सुबह से व्यापक असर दिख रहा है। पारंपरिक हथियारों और लाठियां से लैस आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर हैं। यह लोग आवागमन बाधित कर रहे हैं। इससे राजधानी की परिवहन व्यवस्था ठप हो गई है।

इन लोगों ने बिरसा चौक को चारों ओर से घेर लिया है। टायरों को आग लगाकर रास्ता रोक दिया है। रातू रोड-बिरसा चौक बायपास रोड पर किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया जा रहा।

इस रास्ते में डीपीएस स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थान है। इससे स्टूडेंट्स और अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रांची के अन्य हिस्सों में भी परिवहन सेवा चरमरा गई है।बंद के मद्देनजर जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय की 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा दी है। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने न पाए, इसके लिए 1500 जवानों को राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में तैनात किया गया है। झारखंड प्रदेश पाहन महासंघ के जगदीश पाहन ने सरकार से मांग की है कि सरना झंडा का अपमान करने वालों को फौरन गिरफ्तार किया जाए।

## सीआईडी की टीम ने तीन साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि सूचना के आधार पर सीआईडी की टीम ने दबिश देकर ऑनलाइन एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वालो चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार अपराधियों में मोहन साव, गोपाल सिंह, अमर प्रताप सिंह उर्फ शुभम कुमार और सपन कुमार सिन्हा शामिल है। सभी आरोपी मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं। अमर प्रताप सिंह और गोपाल सिंह वर्तमान में रांची में रह रहे हैं , जबकि मोहन साव गिरीडीह और सपन कुमार साव हजारीबाग में रहता है।

अमर प्रताप सिंह उर्फ शुभम कुमार और गोपाल सिंह के पिता झारखंड पुलिस में एसआई के पद कार्यरत थे। करीब तीन वर्ष पूर्व रिटायर्ड हो चुके हैं। आरोपी के कब्जे से 11 महंगे मोबाइल फोन, 25 सिम कार्ड, 14 चेकबुक, 19 एटीएम, 3 लैपटॉप, 1 स्वाइप मशीन, 1 स्कैनर, 1 राउटर, 21550 नकद, बरामद किया गया है। आरोपी देशभर में कॉलगर्ल सप्लाई करने का झांसा देकर लोगों से ठगी करता था। यूजर जैसे ही अपना नेट बैंकिंग का आईडी पासवर्ड डालता तो साइबर अपराधियों द्वारा इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित यूजर आईडी, पासवर्ड, ओटीपी आदि डाटा डेस बोर्ड के माध्यम से संरक्षित कर उसके खाते से पैसे उड़ा लेते थे। अनुराग गुप्ता ने आगे बताया कि एसबीआई, पीएनबी समेत अन्य बैंक के खाताधारकों को केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग के फेक एंड्रॉयड एप्लीकेशन के जरिए एक फिशिंग यूआरआई का एसएमएस भेजते की जानकारी मिली थी। जांच और अनुसंधान के बाद अपराधियों को चिन्हित कर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी मोहन साव का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है।

## उपराष्ट्रपति से मिले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उपराष्टपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने नई दिल्ली स्थित उप-राष्टपति निवासमें उपराष्टपति से शिष्टाचार भेंट की।

## आपसी विवाद के कारण हुई गोलीबारी एक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि बच्चों के आपसी लड़ाई के कारण गोलीबारी हुई है। 7-8 अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की है। आपसी विवाद बीते शुक्रवार रात की है। दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी।

इसी घटना के कारण गोलीबारी कर दहशत फैलाने का काम किया गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, थाना प्रभारी राजेश सिन्हा मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक गोलीबारी की घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में लोग खौफ में है। ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना के बाद से इलाके माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



## ममता बनी चुटिया की थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के दिशा निर्देश पर रांची जिला अंतर्गत 5 थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है । ऐसा इसलिए किया गया है कि कुछ दिनों से संबंधित थाना इंस्पेक्टर का डीएसपी में प्रोन्नति होने पर वे सभी प्रशिक्षण में है।

इस कारण से थाना कार्यों में कोई अवरोध पैदा न हो, इसको देखते हुए या निर्णय लिया गया है । सुखदेव नगर थाना की सबसे चर्चित महिला पुलिसकर्मी ममता कुमारी को चुटिया का थाना प्रभारी बनाया गया है।इसके अलावा



मधुसूदन मोदक :डेली मार्केट थाना प्रभारी,आभास कुमार :थाना प्रभारी काके, इम्तियाज एहसान : थाना प्रभारी जगन्नाथपुर, लक्ष्मीकांत :डोरंडा थाना प्रभारी बनाए गए हैं।

## रांची जिला से झामुमो पांच लाख सदस्य बनायेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में रातु रोड में हुई। संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची जिला से इस सत्र में पांच लाख सदस्य बनाए जायेंगे। सभी वर्ग संगठन की जिला एवं महानगर के गठन के लिए अनुशंसा केन्द्रीय समिति को भेजा जाएगा। बैठक में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। सभी ने कहा कि टाईगर हमेशा जिंदा था, जिंदा है और जिन्दा रहेंगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जगरनाथ महतो युगों-युगों तक तमाम झारखंडियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। बैठक में झामुमो की केन्द्रीय सदस्य सह राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, अन्तु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय सदस्य नवीन चंचल, पूर्व महानगर अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहु, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, संगठन सचिव लालज कुमार नाथ शाहदेव, संयुक्त सचिव विक्की यादव सहित अन्य नेता शामिल थे।



## ईडी जांच के बाद साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना में एफआइआर दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में अवैध खनन को लेकर हुए खुलासे के बाद साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना में एफआइआर दर्ज कराया गया है। एफआइआर जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने दर्ज कराया है। दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा गया है कि बीते पांच अप्रैल को ईडी और जिला प्रशासन की ओर से जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मारीकुट्टी, डेम्बा, सिमरिया, धुर्वे, चुआ, जोकमारी, लालमाटी, भुरकुंडा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अवैध उत्खनन किया हुआ पाया गया। साथ ही उसी क्षेत्र पर ड्रील होल कर बारुद को होल में डाला हुआ भी देखा गया। इससे साफ प्रतीत होता है कि अभी भी इलाके में अवैध खनन किया जा रहा है। दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा गया है कि इस क्षेत्र पर पूर्व में विष्णु कुमार यादव उर्फ छोटू यादव के द्वारा अवैध खनन किया गया है। इस स्थल पर किसी प्रकार का कोई खनन पट्टा या अनुज्ञप्ति निर्गत नहीं है। इससे यह स्पष्ट है कि यह पूर्ण रूप से अवैध क्षेत्र है। इस कृत से सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है एवं राष्ट्रीय सम्पति का क्षरण भी हो रहा है। इससे पूर्व ईडी की टीम पांच अप्रैल को साहिबगंज में उन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंची, जिन इलाकों को अवैध खनन क्षेत्र चिह्नित कर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। टीम को पहाड़ों पर अवैध खनन के लिए लगाए गए बारूद मिले, जिससे पता चला कि वहां ब्लास्टिंग किए जा रहे हैं। छानबीन में पता चला कि वहां रात में अवैध खनन होता है। जांच एजेंसी ने ड्रोन से वहां की तस्वीरें ली। मौके पर पोकलेन और डंपर जैसे वाहनों के पहियों के ताजा निशान भी मिले हैं। निरीक्षण के बाद जांच एजेंसी ने विस्तृत रिपोर्ट साहिबगंज एसपी को भेजी है। इसमें कहा गया है कि मामला गंभीर है। पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराने की जरूरत है।




## चित्रपट झारखंड का फिल्म महोत्सव जून में, पोस्टर का हुआ लोकार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चित्रपट झारखंड का तीन दिवसीय लघु फिल्म महोत्सव 23 से 25 जून तक चलेगा। लघु फिल्म महोत्सव का आयोजन सरला बिरला यूनिवर्सिटी कैंपस में होगा। इसको लेकर खेलगांव में शनिवार को झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन सेंट्रल की ओर से आयोजित चौथे फोटोग्राफिक एक्सपो के मुख्य मंच पर लघु फिल्म महोत्सव के पोस्टर का लोकार्पण हुआ। इस पोस्टर लोकार्पण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के नामचीन छायाकारों के अतिरिक्त ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, बिहार आदि प्रदेशों के भी फिल्म मेकर्स और छायाकार उपस्थित थे। चित्रपट झारखंड के डॉ सुशील अंकन ने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य झारखंड प्रदेश के फिल्म निर्माताओं को एक दृष्टि प्रदान करना है, जिससे वे भारतीय मूल्यों को केंद्र में रख कर सार्थक फिल्में बनाएं और समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करें। फिल्मों को रोजगार से जोड़ते हुए झारखंड में फिल्म निर्माण करने पर डॉ अंकन ने बल दिया।

## पराना रेस्टोरेंट में शनिवार को अचानक आग लगने से मची खलबली

**रांची।** हरमू रोड के गौशाला चौक स्थित पराना रेस्टोरेंट में शनिवार को अचानक आग लग गयी। आग लगने की खबर से वहां अफरा-तफरी मच गई । काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी से कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। आग लगने का कारण भी पता नहीं चल पाया है, हालांकि आशंका जतायी जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। पराना रेस्टोरेंट आरएस स्क्वायर बिल्डिंग के सबसे ऊपर फ्लोर पर स्थित है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा नेताओं का हो रहा सघन दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** हेमंत सरकार के खिलाफ प्रखंड और जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद प्रदेश भाजपा 11 अप्रैल को प्रदेश भर के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रोजेक्ट भवन सचिवालय का घेराव करेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संसद के चालू सत्र के बीच नई दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर राज्य से जुड़े पार्टी के सभी सांसदों की बैठक भी हुई, जिसमें प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल हुए। दिल्ली से लौटते ही सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सिंहभूम और रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न जिलों में मंडल स्तर तक की बैठक को सम्बोधित करते हुए आगामी 11 अप्रैल को रांची प्रोजेक्ट भवन सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। प्रकाश ने कहा कि भाजपा राज्य के जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है। जनता हेमंत सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। भाजपा हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों, सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, खनिज संसाधनों की मची लूट, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय, बेरोजगारी के सवाल पर लगातार सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू के दौरे पर जाएंगे।



## झा जी बोलने पर हुई लड़ाई, फिर 25 राउंड फायरिंग, एक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शनिवार को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि बच्चों के आपसी लड़ाई के कारण गोलीबारी हुई है। 7-8 अपराधियों ने दहशत फैलाने की नियत से करीब 25 राउंड फायरिंग की है। दिन में भी दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। बस्ती के चौधरी नामक व्यक्ति ने बताया कि बिरेंद्र झा के बच्चे से मारपीट हुई थी, सिर्फ झा जी बोलने पर बात बिगड़ गई। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के सोनू विक्रम ने साथियों के साथ आया और गोलीबारी की, गोलीबारी एक घर की खिलाड़ी पर भी लगी। पुरा मुहल्ले में दहशत फैल गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, थाना प्रभारी राजेश सिन्हा मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक गोलीबारी की घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में लोग खौफ में है। ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना के बाद से इलाके माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। हालांकि पुलिस ने सोनू विक्रम सिंह को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि वर्चस्व की लड़ाई है हालांकि हम लोगों ने एक युवक सोनू विक्रम को पकड़ दिया है उससे पूछताछ जारी है।



**घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, थाना प्रभारी राजेश सिन्हा मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक गोलीबारी की घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में लोग खौफ में है।**

## 200 लोगों के बीच फल वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह और रमजान के पाक मौके पर और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात के कहे अनुसार हिंदपीड़ी, पहाड़ी टोला और गाड़ी खाना के जरूरतमंद लोगों के बीच 200 पैकेट फल बांटा गया।

इसमें संयोजक के रूप में डॉक्टर आरिफ नसीर बट, शमीम रजा, रफिया नाज, नय्यर आजम और इरशाद नूर मौजूद रहे। आरीफ भट ने बताया कि माहे रमजान का मुबारक महीना है और ऐसे मौके पर दिल खोलकर जितना भी आप जरूरतमंदों के बीच बांट सकते हैं बांटे। जितना बाटेंगे अल्लाह उससे बढ़कर और आपको देगा । इसलिए हर इंसान को चाहिए कि अपने आसपास और जरूरतमंदों के बीच जो भी बन सके उसे वितरण करना चाहिए।



## संक्षिप्त खबरें

### खलारी मंडल भाजपा के बैठक में पहुंचे राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, डकरा के सभागार कक्ष में भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में कांके विधानसभा के लोकप्रिय विधायक समरीलाल जी ने शिरकत किये. बैठक का मुख्य उद्देश्य दिनांक 11 अप्रैल को झारखंड भाजपा द्वारा आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने प्रदेश के भ्रष्ट हेमन्त सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिन झूठे वादों और आश्वासनों के बदौलत हेमन्त सोरेन ने झारखंड की सत्ता कब्जाई थी, सरकार बनने के बाद उसमें से एक भी वादे पर खरी नहीं उतरी. आज झारखंड पूरे देश मे हत्या, बलात्कार, अपहरण और भ्रष्टाचार के मामलों में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है. झारखंड का निर्माण भारतीय जनता पार्टी की अटल सरकार ने किया था और भाजपा ही प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर रख सकती है. इस परिवारवादी भ्रष्ट हेमन्त सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प भारतीय जनता पार्टी के एक एक कार्यकर्ता ने ले लिया है. इसके लिए दिनांक 11 अप्रैल को पूरे प्रदेश के 32000 गांवों से कार्यकर्ता फ़हेमन्त हटाओ, झारखंड बचाओफ़ के नारे की संकल्प शक्ति के साथ सचिवालय घेराव का कार्य करेंगे. उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने खलारी प्रखंड से हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित किया. सभा का संचालन मंडल के महामंत्री कार्तिक पांडे ने किया एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड प्रभारी सतीश कुमार शाह ने किया.

### गोली लगने से दो घायल

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के गढ़गांव बस्ती मे मंडा पूजा के मौके पर आयोजित रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शनिवार की सुबह अज्ञात द्वारा चलायी गयी गोली में दो लोग घायल हो गये। घायलों में गढ़गांव के रवि नायक व बेड़ो सरना टोली के अमन लकड़ा के नाम शामिल है। रवि को इलाज के लिये रिम्स में भरती कराया गया है। मामूली रूप से घायल अमन को बेड़ो स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद घर वापस भेज दिया गया है। इस संबंध में रवि के पिता मखन नायक द्वारा थाना में एक मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी लि. ने किया सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

**रविन्द्र कुमार @प्रभात मन्त्र**

**खलारी :** मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी लिमिटेड ने सरकारी जमीन पर बिना लगान व लीज लिए हुये कई वर्षों से कब्जा जमाकर अपना धंधा चला रहा है. इस अवैध कब्जे वाले भूमि पर खलारी अंचलाधिकारी के समक्ष कई समाजसेवी ने भी मुद्दा उठाया है. समाजसेवी के द्वारा उठाये गए मुद्दे पर खलारी अंचलाधिकारी के द्वारा उक्त मोनेट परिसर के आवंटन वाले भूमि का जांच कई बार किया गया. अंचलाधिकारी के जांच में उक्त भूमि पर मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी लिमिटेड ने सरकार का (गैरमजरूआ भूमि) 50 डिसमिल से ज्यादा भूमि पर अवैध कब्जा जमाये हुये है. मोनेट के अवैध कब्जे वाले जमीन पर खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या ने नोटिस कर अवैध कब्जा वाले जमीन को मुक्त करने का आदेश मोनेट को



दिया गया था. खलारी सीओ के आदेश को मोनेट नजरअंदाज करते हुए उक्त परिसर को खाली नही किया. बताया जाता है कि अवैध कब्जे वाले जमीन पर मोनेट कोलवाशरी का प्लांट का 12 पिलर खड़ा है.

**मोनेट डेनियल कोलवाशरी ने अवैध 12 पिलर लगाया**

विश्रामपुर, खाता संख्या 41, प्लॉट संख्या 19, रकबा 6.34 एकड़ रकबा 0.50 एकड़ लगभग भूमि पर मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी लिमिटेड के. डी. एच. डकरा द्वारा किये गए. अतिक्रमण को हटाने हेतु आदेश पारित किया गया है. साथ ही साथ उन्हें अतिक्रमण हटाने हेतु आदेश दिया गया है. परन्तु अभी तक उनके द्वारा अतिक्रमण हटाकर अधोहस्ताक्षरी को सूचित नहीं किया गया है. स्थानीय जाँच में पाया गया कि वर्तमान में अतिक्रमण है. चूंकि उक्त भूमि पर लोहे के बड़े- बड़े 12 पीलर बने हुये हैं, जिस पर वाश कोल को ले जाने के लिये बेल्ट लगा हुआ है जिसे जे. सी. बी. के द्वारा नहीं हटाया जा सकता है.

**खलारी सीओ ने मोनेट पर पत्र जारी कर की कार्रवाई**

अंचल अधिकारी, खलारी, राँची के द्वारा प्रपत्र ॥ झारखण्ड सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 2000 की धारा 6 की उप-धारा (2) के तहत (1) महाप्रबंधक, मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी लिमिटेड के. डी. एच. डकरा, में आपके द्वारा मौजा- विश्रामपुर, खाता संख्या- 41, प्लॉट संख्या- 19, रकबा - 6.34 एकड़, मधे रकबा 0.50 एकड़ (नक्शा की छायाप्रति सलंग्न) भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए बिहार सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 5 की उपधारा (1) के खंड (c) के अधीन एक आदेश पारित किया गया है जिसे अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (5) में यथा परिभाषित सार्वजनिक भूमि पाया गया है.आपको एतत् द्वारा 2.11.22 की अवधि के भीतर आदेश का अनुपालन करने की अपेक्षा की जाती है. अंचलाधिकारी व डीसी एसडीओ की जाँच होने के बाउजूद भी अवैध कब्जा नही हट पा रहा है कही न कही मोनेट के पोषित माफिया व सफेदपोश लिप्त तो नही?।

# कोयला उठाव करने में ट्रक मालिको से स्पेशल, जेनरल व टोकन के नाम पर वसूली बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनके एरिया ट्रक ऑनर असोसिएशन ने एनके एरिया अतर्गत रोहणी, चुरी,पुरनाडीह,के0 डी0 एच0, डकरा परियोजनाओं के कांटा घरों मे ट्रक ऑनर असोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी कांटा घरों में घूम घूम कर ट्रक (गाड़ी) मालिको से जानकारी लेते हुए अवगत कराया कि कोयला उठाने के लिये जो अवैध वसूली हो रही थी. उसे थाना प्रभारी के हस्तक्षेप व कानूनी कार्रवाई की बात कही जाने पर पूर्णतः बंद कर दिया गया है. इससे पूर्व सभी परियोजना से कांटा घरों में स्पेशल लोडिंग,जेनरल लोडिंग



व टोकन के नाम पर अवैध वसूली जम कर हावी था. जो एक घोर अपराध है,इस तरह के वसूली को ट्रक ऑनर ने कड़ी निंदा करते हुए स्थानीय थाना प्रभारी से शिकायत किया गया था. जिस पर खलारी थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुऐ वसूली धकरको को चेताते हुए बताया कि कोल डंप से अवैध वसूली करने वालो पर मामला दर्ज किया जायेगा. थाना प्रभारी के कार्रवाई से ट्रक ऑनर के यूनियन ने लोकल थाना प्रभारी को बहुत-बहुत साधुवाद धन्यवाद दीया है. अथवा क्षेत्र में ट्रक से अवैध वसूली पर पाबंदी लगाई है इससे ट्रक मालिकों ने थाना प्रभारी के प्रति आभार प्रकट किया है, और विश्वास जताया है कि भविष्य में ट्रक मालिकों से किसी भी तरह का कोई शोषण नहीं होगा.वही यूनियन ने गाड़ी मालिकों से जानकारी ली और तय भाड़ा पर जोर दिया गया और सभी कांटा घर पर भाड़ा लिस्ट चिपकाया गया. मौके पर संरक्षक राजन सिंह राजा,अध्यक्ष तनवीर आलम, रंजन सिंह बिट्टू, मदन सिंह, सुनील मंडल, जितेंद्र चौहान,विक्की सिंह, कन्हैया झा, सुरेंद्र चौहान,सोनू सिंह,सत्येंद्र खरवार,बबलू जी, अजय कुमार,सूरज मुंडा, अमित कुमार,लड्डू सिंह, सोनू साहू,शकील अंसारी सहित अन्य शामिल थे.

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सरकार के निर्देशानुसार सदर अस्पताल खूंटी में रिनपास के डॉक्टरों द्वारा शिजोफ्रेनिया साइकोसिस न्यूरोलिक एवं बौद्धिक विकलांगता से ग्रसित तोरपा, कर्रा,अड़की ,खूंटी एवं शहरी क्षेत्र के नौ मरीजों का उपचार किया गया मौके पर जिले के सिविल सर्जन अजीत खलखो ने बताया कि यह कैंप महीने के हरेक दूसरे शनिवार को खूंटी के सदर अस्पताल में लगाया जाएगा मौके पर उपस्थित एसटीटी किरण देवी एवं सहियाओं को ऐसे रोगियों का सूची बनाकर उन्हें इलाज के लिए प्रेरित कर सदर अस्पताल लाने का निर्देश दिया ताकि समुचित उपचार की व्यवस्था विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा की जा सके उपचार करने वाले डॉक्टरों में रिनपास के डॉ विनोद कुमार महतो डॉ सुजीत कुमार मिश्रा डॉ अंशु कुमार मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन सभागार में गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिले के सिविल सर्जन अजीत खलखो किया मौके पर खलखो ने कहा कि आज सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य की सुविधा पहुंचाई जाए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए निरोग रहने के विभिन्न तरीकों जैसे खानपान में सुधार धूम्रपान से दूर रहना व्यवहारिक परिवर्तन योग आदि को भी बताने की आवश्यकता



है हमें इलाज से ज्यादा लोग बीमार ना पड़े इस पर कार्य करने की आवश्यकता है विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब केवल स्वस्थ रहना ही नहीं है बल्कि लोग स्वास्थ्य और लंबा जीवन जिएं इस बात का भी ध्यान रखना है नई दवाएं,टीके, तरीके और मशीनें स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मिल सके इन सारी चीजों को ध्यान में रखना है दुनिया में कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रह जाए इसी सोच के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन का निर्माण किया गया था इसका मुख्य मकसद इस तरह की थीम रखकर लोगों तक अच्छी सेहत को पहुंचाना है मौके पर खलखो ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपने क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का निर्देश दिया मौके पर डीडीएम श्वेता सिंह,डीपीसी डॉक्टर उदयन शर्मा, राजीव तिवारी, संजय दुबे, सरस्वती शिव तिर्की,एसटीटी किरण देवी के साथ स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद,रामगढ़

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2023–24**

1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 15.04.2023 से 17.04.2023 को कार्यालय अवधि तक। (कार्यालय दिवस में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 18.04.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 18.04.2023 को 03:30 बजे अपराह्न।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी : –

| क्रसं | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PATRATU | Lapanga | Construction of Culvert near Cristian Kabrishthan in Path of Bhadaninagar Shiv Mandir to Masterghoda | 294696.00 | 695196.00 | 14000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| | | PALI | Construction of Ghat at Sarna Talab in Vill.- Nimmi. | 400500.00 | | | | |
| 2 | PATRATU | Chikor | Construction of Ghat at Chhath Ghat in Chikor Domuhani River . | 400500.00 | 990800.00 | 20000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| | | Chikor | Construction of Shed at Upper Chikor Kabrishthan . | 590300.00 | | | | |
| 3 | PATRA TU | Central Saunda | Construction of Culvert at near H/O- Dablu Singh . | 294696.00 | 695196.00 | 14000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| | | Patratu | Construction of Ghat at Near Patratu Basti Talab . | 400500.00 | | | | |
| 4 | PATRATU | Talatand | Construction of Culvert at near H/O- Rajeshwar Ganjhu in Dudhiya gadha . | 294696.00 | 589392.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| | | Bicha | Construction of Culvert at near Kusumtand Panchayat bhawan . | 294696.00 | | | | |
| 5 | PATRATU | KURSE | Construction of Culvert at near Dashkarmaghat . | 294696.00 | 589392.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| | | Patelnagar | Construction of Culvert at near H/O- Sushil Srivastava in between Niche Khatal and Nagar Muhalla . | 294696.00 | | | | |
| 6 | MANDU | KEDLA MADHYA | Construction of Pucca Ghat at Aadivasi Harijan Talab of Mahuwa Ghoda. | 400500.00 | 801000.00 | 18000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| | | KEDLA MADHYA | Construction of Pucca Ghat at Godaitiya Talab of Kedla Madhya. | 400500.00 | | | | |
| 7 | MANDU | RATWE | Construction of Shed beside Panchayat Bhawan at Khawraghara Nala | 590300.00 | 590300.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 (तीन) माह |
| 8 | GOLA | HUPPU | Construction of PCC road from Land of Raju Mahto to Mayadevi Sthan | 1793000.00 | 1793000.00 | 36000.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

9. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 8986791292
10. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ में निबंधित संवेदक ही भाग लेंगें।
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा एवं प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankers Cheque मान्य नहीं होगा।
12. निविदा से संबंधित अन्य शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

नोट :– सरकार के सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक –2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से– (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,रामगढ़

PR 294615 District(23-24).D



## कार्यालयः– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।
## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 1560, दिनांक– 21/03/2023 एवं भारत सरकार का पत्रांक– j-01013/ 16/2023/-Fy(E-21995), दिनांक– 15.03.2023 के आलोक में सिमडेगा जिला के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए भारत सरकार के मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" हेतु आवेदन अमांत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैः–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला (राषि लाख रू0 में) | | अन्य (राषि लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 60% सरकारी अनुदान | 40% लाभुक अंषदान | 40% सरकारी अनुदान | 60% लाभुक अंषदान |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं0 में | 50.00 | 30.00 | 20.00 | 20.00 | 30.00 |
| 3 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 4.20 | 2.80 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 4.20 | 2.80 | 2.80 | 4.20 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेषियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों का निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 2.40 | 1.60 | 1.60 | 2.40 |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 8.40 | 5.60 | 5.60 | 8.40 |
| 7 | ज्लाषयों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख रू0 प्रति एक लाख अंगुलिकाओं हेतु) | हे0 में | Rs.@03/ Fingerling | Rs.@1.80/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs.@1.80/ Fingerling |
| 8 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | सं0 में | 3.00 | 1.80 | 1.20 | 1.20 | 1.80 |
| 9 | माध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | सं0 में | 8.00 | 4.80 | 3.20 | 3.20 | 4.80 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई (ब्रीडिंग एवं रियरिंग हेतु) | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रूड बैंक की स्थापना | सं0 में | 100.00 | 60.00 | 40.00 | 40.00 | 60.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion of Recreational Fisheries) | सं0 में | 50.00 | 30.00 | 20.00 | 20.00 | 30.00 |
| 13 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उॅचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लोक की स्थापना | सं0 में | 50.00 | 30.00 | 20.00 | 20.00 | 30.00 |
| 14 | माध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टैंक/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 15 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उॅचाई के 25 टैंक वाले माध्यम बायोफ्लोक की स्थापना | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 16 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | सं0 में | 7.50 | 4.50 | 3.00 | 3.00 | 4.50 |
| 17 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उॅचाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 4.50 | 3.00 | 3.00 | 4.50 |
| 18 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | सं0 में | 0.50 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.30 |
| 19 | ज्लाषयों में केज अधिष्ठापन | सं0 में | 3.00 | 1.80 | 1.20 | 1.20 | 1.80 |
| 20 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 1.80 | 1.20 | 1.20 | 1.80 |
| 21 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज आईस प्लांट निर्माण) | सं0 में | 40.00 | 24.00 | 16.00 | 16.00 | 24.00 |
| 22 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज आईस प्लांट निर्माण) | सं0 में | 80.00 | 48.00 | 32.00 | 32.00 | 48.00 |
| 23 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज आईस प्लांट निर्माण) | सं0 में | 120.00 | 72.00 | 48.00 | 48.00 | 72.00 |
| 24 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज आईस प्लांट निर्माण) | सं0 में | 150.00 | 90.00 | 60.00 | 60.00 | 90.00 |
| 25 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | सं0 में | 50.00 | 30.00 | 20.00 | 20.00 | 30.00 |
| 26 | रेफ्रिजेरेटर वाहन | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 27 | इन्सुलेटेड वाहन | सं0 में | 20.00 | 12.00 | 8.00 | 08.00 | 12.00 |
| 28 | आईस बॉक्स के साथ मोटर साइकिल | सं0 में | 0.75 | 0.45 | 0.30 | 0.30 | 0.45 |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | सं0 में | 0.10 | 0.06 | 0.04 | 0.04 | 0.06 |
| 30 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्षा) भी | सं0 में | 3.00 | 1.80 | 1.20 | 1.20 | 1.80 |
| 31 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 12.00 | 8.00 | 8.00 | 12.00 |
| 32 | लघु फीष फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 18.00 | 12.00 | 12.00 | 18.00 |
| 33 | माध्यम फीष फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 100.00 | 60.00 | 40.00 | 40.00 | 60.00 |
| 34 | वृहत फीष फीड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 200.00 | 120.00 | 80.00 | 80.00 | 120.00 |
| 35 | फिष फीड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 650.00 | 390.00 | 260.00 | 260.00 | 390.00 |
| 36 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0 में | 100.00 | 60.00 | 40.00 | 40.00 | 60.00 |
| 37 | फिष कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | सं0 में | 10.00 | 6.00 | 4.00 | 4.00 | 6.00 |
| 38 | मछली का मूल्य सवंर्धित इकाई (फिष वैल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0 में | 50.00 | 30.00 | 20.00 | 20.00 | 30.00 |
| 39 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेनिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफार्म | DPR(Datailed Project Report)/SCP(Self Contained Proposal) पर आधारित | | | | | |
| 40 | Establishment of Disease diagonotic and quality lab (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवता की जॉच हेतु प्रयोगशाला का स्थापना) | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 41 | Establishment of Disease diagonotic and quality lab (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवता की जॉच हेतु चलंत प्रयोगषाला/क्लीनीक का स्थापना) | सं0 में | 35.00 | 21.00 | 14.00 | 14.00 | 21.00 |
| 42 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | सं0 में | 5.00 | 3.00 | 2.00 | 2.00 | 3.00 |
| 43 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | सं0 में | 25.00 | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 15.00 |
| 44 | Bivalve Cultivation(Pearl culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर) | सं0 में | 0.20 | 0.12 | 0.08 | 0.08 | 0.12 |
| 45 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली षिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | सं0 में | केन्द्राष–1500रू0 + राज्यांष–1500रू0 + लाभुक अंषदान–1500रू0= 4500रू0 प्रति वर्ष | | | | |
| 46 | मछआरों का बीमा | सं0 में | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | | | |

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला (राषि लाख रू0 में) | | अन्य (राषि लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 25% सरकारी अनुदान | 75% लाभुक अंषदान | 20% सरकारी अनुदान | 80% लाभुक अंषदान |
| 1 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टैंक/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0 में | 50.00 | 12.50 | 37.50 | 10.00 | 40.00 |

उक्त योजना अंतर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य आवश्यक माप–दण्डों की विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के वेबसाईट www.jharkhandfisheries.org पर भी उपलब्ध है। प्रत्येक कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा तय अहर्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार भूमि एवं डी0पी0आर0 लाभुकों को स्वयं के आय पर उपलब्ध कराना होगा। विशेष जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक अपने जिला के जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

उक्त योजना अंतर्गत लाभ लेने हेतु सिमडेगा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। www.simdega.nic.in से भी आवेदन डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक दिनांक 25.04.2023 तक किसी भी कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में वांछित कागजातों के साथ आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

PR 294602 Fish(23-24)D


जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।

## रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया कलेक्शन तंजावुर को किया प्रदर्शित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिलायंस ज्वेल्स ने अपना शानदार अक्षय तृतीया कलेक्शन लॉन्च- तंजावुर को प्रदर्शित किया। सम्मोहक कर देने वाले मंदिरों, शाही दरबार हॉल, बोम्मई डोल और आर्टिस्टिक पूम्पुहर जहाजों से प्रेरित एक बहुत ही सुंदर आभूषण कलेक्शन। यह मेगा लॉन्च इवेंट बुधवार, 5 अप्रैल 2023 को शांगरी-ला, बैंगलोर में हुई, और इसमें एचएनआई ग्राहकों, मीडिया, फैशन बन्धुत्व और संभावित खरीदारों ने हिस्सा लिया। इस इवेंट का प्रमुख आकर्षण का केंद्र शानदार शो स्टॉपर जाह्नवी कपूर थीं, जिन्होंने राजसी तंजावुर कलेक्शन आभूषण पहनकर रैंप की शोभा को बढ़ाया। जाह्नवी कपूर की शो-स्टॉपर मौजूदगी के अलावा, रनवे ने सोने और हीरे के कलेक्शन की एक विस्तृत रेंज को प्रदर्शित किया, जो क्षेत्र की आर्ट और आर्किटेक्चर से प्रेरित थे। इस कलेक्शन में शानदार नेकलेस सेट, चोकर्स, लेयर्ड नेकलेस, चूड़ियां, ब्रेसलेट, झुमके, अंगूठियां, कमरबंद, मांग टीका, कान की चेन और अन्य बहुत कुछ शामिल हैं ।

## तालाबों के लिए राशि जुटाने को 15 अप्रैल को कॉमेडी शो



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तालाब बनाने के सहातार्थ राशि जुटाने के लिए यंग इंडियंस (वायआई) का जमशेदपुर चैप्टर 15 अप्रैल को देश के मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन अतुल खत्री का शो आयोजित करने जा रहा है. लोयोला स्कूल के फेजी ऑडिटोरियम में 15 अप्रैल की शाम साढ़े सात बजे से होने वाले खत्री से खतरा नामक इस शो में अतुल खत्री अपनी कॉमेडी से शहरवासियों को गुदगुदाएंगे. यह आयोजन जमशेदपुर चैप्टर द्वारा तालाब परियोजना के तहत धन जुटाने के लिए किया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि अतुल खत्री एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूब व्यक्तित्व हैं. उन्हें सीएनएन-आईबीएन द्वारा शीर्ष भारतीय हास्य अभिनेताओं में से एक का दर्जा दिया गया था और वे हांगकांग इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में प्रदर्शन करने वाले एकमात्र भारतीय थे. वे सीईओ गॉट टैलेंट सीजन वन के विजेता भी रहे हैं. शो के टिकट के लिए 7004426063, 8409061150 पर संपर्क किया जा सकता है। टिकट बुक माई शो की वेबसाइट पर भी ले सकते है।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उन्नत डॉरमेट्री सुविधा उद्घाटित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील खेल विभाग ने शुक्रवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उन्नत डॉरमेट्री सुविधा का उद्घाटन किया। चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्नत डॉरमेट्री सुविधा में बिस्तर, गद्दे और एयर कंडीशनिंग सिस्टम से सुसज्जित कुल 17 शयनकक्ष हैं। डॉरमेट्री में प्रति शयनकक्ष में 10 व्यक्तियों को समायोजित करने की क्षमता है। खेल विभाग और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन हर साल जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 150 से अधिक खेल गतिविधियों का आयोजन करते हैं। प्रतियोगिताएं अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/ राज्य या जिला स्तर की चैंपियनशिप स्तर की होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में बाहरी खिलाड़ी आते हैं। ये उन्नत डॉरमेट्री हमें खेल परिसर के भीतर लगभग 150 प्रतिभागियों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगे।

## गम्हरिया के तड़ित सरकार का जीओ वर्ल्ड सेंटर में चल रहे म्यूजिकल प्रोग्राम में हुआ चयन




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुंबई के द ग्रैंड थिएटर, नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) जीओ वर्ल्ड सेंटर में चल रहे म्यूजिकल प्रोग्राम शो (3 से 23 अप्रैल तक) में गम्हरिया के कत्थक डांसर तड़ित सरकार का चयन हुआ है। इसमें निदेशक की भूमिका में फिरोज अब्बास खान, म्यूजिक में अजय-अतुल, कस्टम डिजाइन में मनीष मल्होत्रा, गेस्ट कोरियोग्राफर में वैभवी मर्चेंट व लीड कोरियोग्राफर की भूमिका में मयुरी उपाध्याय शामिल हैं। इस शो में झारखंड के एकमात्र युवा डांसर तड़ित सरकार को स्थान मिलने से उसके गुरु, माता-पिता समेत शुभचिंतकों में खुशी व्याप्त है। तड़ित सरकार जमशेदपुर के बारीडीह में संदीप बोस और सौमी बोस के निर्देशन में चल रहे नृत्यांगना डांस एकेडमी का छात्र है। गम्हरिया निवासी तन्मय सरकार व रीता सरकार को अपने पुत्र तड़ित की सफलता पर काफी खुशी है। उन्होंने बताया कि तड़ित का बचपन से ही कत्थक नृत्य में विशेष रुचि है।

## गंभीर बीमारी से जूझ रही बच्ची की कुणाल षाड़ंगी के पहल पर हुआ सफल ऑपरेशन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोडाम निवासी मनींद्र नाथ महतो की 2 वर्षीय बेटी देवश्री महतो एक गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। परिवार का आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण परिजन बच्ची का इलाज कराने में असमर्थ था। परिजनों ने समाजसेवी परेश दत्ता से मिल भाजपा नेता विमल बैठा को इसकी जानकारी दी। कुणाल षाड़ंगी ने इस विषय को गंभीरता के साथ लेते हुए नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य निधि केडिया को इसकी ज़िम्मेदारी दी। निधि केडिया ने तुरंत बच्ची को साकची स्थित डॉ अभिषेक चाइल्ड केयर में एडमिट करवाया। डॉ अभिषेक तथा उनके डॉक्टरो के सम्मिलित प्रयास से देवश्री महतो का निःशुल्क ऑपरेशन सफल हुआ। ऑपरेशन के बाद बच्ची के परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## बिरसानगर के हुरलुंग व लालटांड में दो अवैध महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्पाद विभाग की कार्रवाई में बिरसानगर थाना के हुरलुंग एवं लालटांड में 02 अवैध महुआ शराब चुलाई भट्टियों को ध्वस्त किया गया। अवैध शराब चुलैकर्ताओं के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। शुक्रवार को गश्ती के क्रम में सीतारामडेरा थाना अंतर्गत मानगो बस स्टैंड के समीप एक टेम्पो की तलाशी के क्रम में अवैध महुआ शराब बरामद कर जब्त किया गया। अवैध शराब कारोबारी भीड़ का लाभ उठाकर फरार हो गया। अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी के दौरान जावा महुआ 6000 किलो, महुआ शराब- 420 लीटर और एक टेंपो को जब्त किया गया।

### जय भारत सत्याग्रह यात्रा में जमशेदपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष व मंत्रियों का हुआ भव्य स्वागत

# कार्यकर्ताओं में भरा जोश, 2024 के लिए तैयार किया रुपरेखा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में शनिवार को सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, विशिष्ट अतिथिगण प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख के आगमन पर आगवानी एवं स्वागत मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। आगमन स्थान डोबो पुल, सोनारी में 1000 से अधिक कांग्रेसजन एवं मोटर साइकिल काफिले के साथ बिस्तुपुर, साकची होते हुए कार्यक्रम स्थल बिरसा मुण्डा टाऊन हॉल सिदगोड़ा पहुंचा। जहां आदिवासी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन जसाई मार्डी एवं आदिवासी समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा परंपरागत तरीके से ढोल नगाडो के धुन पर अतिथि का स्वागत महिलाओं के टीम ने किया।

**राहुल गांधी ने अडानी के हाथों देश को खोखला करने के आवाज को उठाया : अविनाश पाण्डेय**

मुख्य अतिथि अविनाश पाण्डेय ने जय भारत सत्याग्रह यात्रा सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब कांग्रेस कार्यकर्तागण को आगे आना है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने चार हजार कि मी की यात्रा कर भाजपा सरकार के गलत कार्यों महंगाई, बेरोजगारी एवं अडानी के हाथों देश को खोखला करने के आवाज को उठाया है।

**चौक चौराहे में नुक्कड सभा कर भाजपा सरकार के नीतियों का विरोध करें : राजेश ठाकुर**

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता ने आम जनता के आवाज को मजबूती से उठाया, जिससे मोदी सरकार तिलमिला गई और आनन-फानन में राहुल गाँधी जी का सदस्यता षडयंत्र रचकर करा दिया। लोकतंत्र को खतरा मोदी सरकार में बढ़ गया है। प्रखण्ड स्तर के चौक चौराहे, हाट बाजार में नुक्कड सभा का आयोजन कर भाजपा सरकार के नीतियों का विरोध करें।

**कार्यकर्तागण पार्टी को मजबूत करें : बन्ना गुप्ता**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्तागण पार्टी को मजबूत करें, कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, वरिष्ठ नेता को ध्यान से सुने और जिम्मेवारियों का निर्वहन करें।

वरिष्ठ नेतागण में डॉ अजय कुमार, डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, मंत्री बादल पत्रलेख, राकेश्वर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष इंटक, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। महंगाई चरम पर बढ़ गया है। पढ़ लिख कर नौजवान बेरोजगार है। सभी सरकारी उपक्रम को कमज़ोर कर दिया गया है। सरकारी उपक्रमों को बेचा जा रहा है। 2024 में आम जनता के भलाई के लिए भाजपा को उखाड कर फेकें, कांग्रेसजन जनता के बीच पहुचें। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद एवं ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया। अतिथिगणों का स्वागत जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने किया एवं सभी विशिष्ट अतिथिगणों का स्वागत कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर एवं ग्रामीण अमित राय ने किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद सदस्य एआईसीसी, अखिलेश्वर सिंह, अशोक चौधरी, चन्द्रभान सिंह, अजय सिंह, रघुनाथ पाण्डेय, बिजय खान, राकेश तिवारी, गुड्डु गुप्ता, योगेंद्र सिंह यादव, जसाई मार्डी, सुबोध सिंह सरदार, राकेश साहू प्रदेश महामंत्री युवा, बिजय यादव, आदि उपस्थित थे। सभा के अंत में पूर्व एमजीएम मण्डल कांग्रेस के अध्यक्ष अभय उपाध्याय और मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दिया।

## अंबेडकर जयंती पर विशाल अधिकार शोभा यात्रा 14 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर-2 के जागृति मैदान से सटे अंबेडकर चौक के पास स्थित एससी-एसटी, ओबीसी समन्वय समिति के कार्यालय में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया. इस दौरान आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर उत्सव एवं अधिकार शोभा यात्रा के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया. उक्त अवसर पर करीब साढ़े तीन सौ अभावग्रस्त स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया जाएगा. साथ ही, महापुरूषों की चित्र प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी. बैठक में सरायकेला जिला बार एसोसियेशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओमप्रकाश, पुरेंद्र नारायण सिंह, समिति की संरक्षक शारदा देवी, संयोजक पांडी मुखी, देव प्रकाश देवता, खिरोद सरदार, सुशील मंडल, राहुल कुमार रजक, सुनील कुमार राम, रामानंद सिंह, संजय कुमार, हरिनंदन रजक, नंदलाल नायक, दुर्गा राम बैठा, फुलेश्वर साह, राम जी शर्मा, उमाशंकर राम, भोला रवानी, राम बाबू वर्मा, रवि, राजीव प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

## आदिवासी उद्यमियों की उपेक्षा के विरोध में टिक्की का टाटा स्टील गेट के समक्ष धरना 24 को

### टाटा ग्रुप के कुछ अधिकारियों द्वारा आदिवासी समुदाय को उद्योग व्यापार से वंचित रखने का काम हो रहा : वैद्यनाथ मांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री, झारखंड चैप्टर ओर से ट्राईबल कल्चर सेंटर, सोनारी में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गई. सम्मेलन से पूर्व झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन रखा गया । टिक्की के प्रदेश अध्यक्ष वैद्यनाथ मांडी ने बताया कि टाटा ग्रुप के द्वारा एफर्मेटिव एक्शन का क्रियान्यवन नहीं होने एवं आदिवासी उधमिता की उपेक्षा के विरोध में 24 अप्रैल 2023 को ट्राईबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, झारखंड चैप्टर के बैनर तले आदिवासी उद्यमियों द्वारा टाटा स्टील गेट के समक्ष एक दिवसीय धरना आहूत की गई है . उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 में आदिवासियों के विकास के लिए निजी क्षेत्रों में एफर्मेटिव एक्शन योजना बनाई गई थी जिसे वर्ष 2011 में प्रथम बार टाटा ग्रुप द्वारा इस योजना को अपने प्रतिष्ठानों में लागू कराया । जिसमें कुछ आदिवासियों को बिजनेस व्यापार से जोड़ा गया था एवं अन्य को टाटा ग्रुप से जोड़ना था परंतु वर्ष 2011 के बाद एफर्मेटिव एक्शन योजना को केवल अखबार में प्रदर्शित किया गया और भाषा संस्कृति संबंधित कार्यक्रमों से उधमिता को गायब ही कर दिया गया। मात्र दो-चार आदिवासी वेंडरों को छोड़कर बाकी सभी वेंडरों को इंक्वायरी तक नहीं दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि, टाटा ग्रुप के कुछ अधिकारियों द्वारा भी आदिवासी समुदाय को उद्योग व्यापार से वंचित रखने का काम कर रही है । स्वर्गीय टाटा जी ने आदिवासी समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है जिसका आदिवासी समुदाय हमेशा ऋणी रहेगा परंतु कुछ अधिकारियों के कारण टाटा के साख पर धब्बा लग रहा है। हमारी कुछ मांगे हैं जो उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में ही सुलझाई जा सकती है द्य आज हम लोग राज्य सरकार से भी मांग करते हैं कि निजी क्षेत्रों में ठेकेदारी एवं आपूर्ति कार्यों में 75 परसेंट स्थानीय को प्राथमिकता दी जाए जिसमें 25परसेंट एसटी - एससी के लिए आरक्षित किया जाए । उन्होंने बताया कि इस धरने की जानकारी टाटा स्टील प्रबंध निदेशक समेत टाटा स्टील के उच्च अधिकारियों को दी जा रही है साथ ही, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, अनुसूचित जनजाति आयोग, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, उद्योग सचिव, उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को भी दी जा रही है द्य हम सभी निजी एवं सरकारी तंत्रों से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं द्य हम लोगों का यह धरना बिल्कुल शांतिपूर्वक रहेगा। प्रेस वार्ता कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंचल लकड़ा, बसंत तिर्की, जोसेफ कंडीर, सुखराम टूडू , सुरेंद्र टुडू, रांजन मराडी, राज मार्शल मारदी, रतन मंडल, लक्ष्मी सामंत, अनिल चौधरी, अमित सूरीन, सुबोध सरदार, श्रीकांत सरदार, विजय गोंड, धरणीधर कालिंदी , कुंवर नाग, रामलाल महली, अजय देवगन, ब्रज देवगम, सौरव बेसरा इत्यादिओं के मुख्य भूमिका रही।

## मुटुगोडा में मुखिया ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रुगुडीह पंचायत अंतर्गत मुटुगोडा गांव में पीसीसी पथ निर्माण का पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने शिलान्यास किया। जानकारी देते हुए मुखिया करम सिंह मुंडा ने कहा कि यह सड़क 15वें वित्त आयोग से राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। इसकी लागत लगभग 3,76,450 रुपये होगी। उक्त सड़क हरिश मुंडा के घर से जीतू मुंडा का घर तक 300 फीट निर्माण किया जाएगा। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि काफी लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग चल रही थी। आज ग्रामीणों की मांग मुखिया के द्वारा पूरा किया गया। मुख्य रूप से मुखिया करम सिंह मुंडा,प्रखंड अध्यक्ष धमेन्द्र कुमार मुंडा,उप मुखिया सुखलाल मुंडा, ग्राम मुंडा बुधन लाल मुंडा आदि थे।

## यातायात नियमों का अनुपालन के लिए विभाग लोगों को कर रहा है जागरुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त अरवा राजकमल के निर्देशानुसार ज़िला परिवहन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु यातायात नियमों के अलुपलन हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत ज़िला सड़क सुरक्षा टीम, कुंदन वर्मा एवं आशुतोष कुमार सिंह द्वारा सरायकेला के गैरेज चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चालकों व बिना सीट बेल्ट प्रयोग के बड़े वाहन चलाने वालों को यातायात नियमों के अनुपालन हेतु जागरूक किया गया। यातायात नियमों की अनदेखीं से होने वाले दुर्घटनाओं से सुरक्षित रहने की अपील की गई। किसी भी परिस्थिति में ड्रंक एंड ड्राइव तथा ओवरस्पीडिंग ना करने की भी सलाह दी गयी।

## शरारती तत्वों ने होटल में लगाई आग सामान समेत दुकान जलकर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित घोडाबाबा मंदिर के समीप सड़क किनारे झोपड़ीनुमा एक होटल में बीते शुक्रवार की देर रात शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी गई जिससे होटल पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत क्रॉस कंपनी के पास सड़क किनारे बने झोपड़ी होटल में आग की लपटें स्थानीय लोगों द्वारा शनिवार की सुबह करीब चार बजे बजे देखा गया। लोगों द्वारा इस घटना की जानकारी होटल के मालिक अरुण पासवान को दिए जाने के बाद वे मौके पर पहुंचे। किन्तु, तब तक पूरा होटल स्वाहा हो चुका था। बताया जाता है कि इसी होटल के सहारे उसका पूरा परिवार चलता था।

## सुरभि शाखा का आदित्यपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आदित्यपुर सब्जी बाजार के पास स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया और महिलाओं को 580 से अधिक सेनेटरी पैड बाँटे गए। कार्यक्रम में डॉक्टर सुस्मिता, डॉक्टर रीना और डॉक्टर लक्ष्मी की टीम ने पूरा सहयोग दिया। सुरभि शाखा अध्यक्ष ऊषा चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाखा की प्रियंका अग्रवाल, पूजा अग्रवाल आदि ने भी अपनी सेवा प्रदान की।

## कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत आदित्यपुर में कार्यक्रम का अयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** मोदी सरकार के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत शनिवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके तहत सरायकेला जिले के आदित्यपुर स्थित अटल पार्क में भी सभा का आयोजन किया गया. जिसमें प्रमुख रुप से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे शामिल हुए. जय भारत सत्याग्रह अभियान में आयोजित सभा में शामिल होने झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के साथ प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख ,पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बालमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो पहुंचे. जहां सरायकेला जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी नेताओं का स्वागत किया गया. इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हमारा नेता राहुल गांधी बेघर है उन्हें साजिश के तहत केंद्र की मोदी सरकार ने फसाने का षड्यंत्र रचा है. ऐसे में हमें एकजुट होकर आम जनमानस के साथ दमनकारी सरकार के विरुद्ध है आर पार की लड़ाई लड़नी है. कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने दिया ,जबकि मंच का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार कर रहे थे. वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष बिशु हेम्ब्रम ने किया .कार्यक्रम में सुरेश धारी, समरेंद्रनाथ तिवारी, जगदीश नारायण चौबे, ऋषि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे.

## झामुमो संपर्क कार्यालय साकची में शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को दी गई श्रद्धांजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में पार्टी के आंदोलनकारी नेता सह झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री दिवंगत जगन्नाथ महतो की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लालटु महतो, जिला के उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, राज लकड़ा ,गुरमीत सिंह गिल, विजय महतो, सपन महतो, गोपाल महतो, राजद नेता शौकत हुसैन, प्रीतम हेंब्रम, आमिर अली, समद अंसारी, आरिफ, विनोद डे आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# कर्ज की बेड़ियां

**बजट** की तारीफों के बाद नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट ने बता दिया कि हिमाचल का वित्तीय प्रबंधन कितना कागजी और कितना नाजुक है। वित्त वर्ष 2021-22 का लेखाजोखा फिर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले घाटे के बजट में, ऋण के बढ़ते बोझ को घूर रहा है। हर साल राज्य का व्यय तो बढ़ रहा है, लेकिन आमदनी की जगह ऋण का अंगूठा लग रहा है। पिछले पांच सालों में खर्च की रफ्तार अगर 36.06 प्रतिशत दर वृद्धि से बढ़ गई, तो पिछले ही साल उधार का नया कीर्तिमान 14437 करोड़ हो गया। कर्ज की बेड़ियों में हिमाचल के लिए आत्मनिर्भरता के संकल्प पालना एक भ्रम सरीखा है, जबकि उन्नति की राहों पर भारी भरकम प्रशासनिक दबाव, कर्मचारी फौज की हिफाजत में उदारता की मुद्रा और निजी क्षेत्र के प्रति स्पष्टता का अभाव अब एक स्थायी चरित्र बन चुका है। कर्ज अब मूलधन के साथ-साथ ब्याज की मूछों से आतंकित है। पिछले ही साल की आर्थिक व्यथा पर गौर करें, तो 2021-22 के अंत तक कुल 68630 करोड़ के उधार में मूलधन 45297 करोड़ जबकि इसमें ब्याज चुकाने की उधारी भी 23333 करोड़ जुड़ गई। यह कमाल की आर्थिक व्यवस्था है जहां उधार के साथ ब्याज चुकाने के लिए भी नए ऋण की व्यवस्था करनी पड़ती है। यही वजह है कि अगले पांच साल अगर चालीस फीसदी दर से भी ऋण चुकाने की बाध्यता देखी जाए, तो 27677 करोड़ की देनदारी अब से गिन लेनी चाहिए। कैग रिपोर्ट ने एक तरफ हमारी खाना खराबी दर्ज की है, तो दूसरी ओर राजनीति का अपना हिसाब और हिमाचली जनता की अपनी अपेक्षाएं हैं। देश में सबसे कम कर अदायगी करने वाले राज्य के रूप में हिमाचल की हर सरकार को कर मुक्त बजट में कर्मचारियों की तनख्वाह तथा पेंशन भुगतान में ही पसीना बहाना होगा ताकि इनकी शिकायत कहीं चुनावी पेटी न सुन ले। पिछले वित्तीय साल की डरावनी सूरत में भी वेतन पर बढ़ता खर्च 12192.52 करोड़ रहा, जबकि पेंशन भुगतान 6398.91 करोड़ पहुंच गया। ऐसे में राज्य को वित्तीय खुराक कहां से मिलेगी। हैरानी यह कि अगर वाटर चार्जेज के जारी बिलों में से नौ करोड़ वसूलना ही विभाग भूल जाए, तो इससे पता चल जाता है कि हम कितने अगंभीर हैं। अभी तो ओपीएस बनाम एनपीएस का लेखाजोखा भी जुड़ेगा और कहीं सत्ता की गारंटियों में महिलाओं को पंद्रह-पंद्रह सौ का उपहार तथा आगे चलकर तीन सौ यूनिट बिजली का मुफ्त का उपहार, वित्तीय व्यवस्था के मरे हुए सांप धारण करेगा। ऐसे में प्रश्न यह भी है कि आखिर संसाधन विहीन राज्य कब तक सबक सीखेगा। आश्चर्य यह कि वित्तीय कुप्रबंधन के बावजूद हिमाचल अपने अनावश्यक व्यय पर रोक नहीं लगा रहा। सार्वजनिक उपक्रमों का घाटा अगर 4378 करोड़ की सीमा लांघ रहा है, तो इसका अर्थ यह भी कि किसी ने व्यवस्था सुधारने के लिए वित्तीय अनुशासन की जरूरत ही नहीं समझी। पिछले वित्तीय वर्ष में बिजली बोर्ड 185.32 करोड़ के घाटे के बावजूद मुफ्त बिजली प्रदान कराने का शेखचिल्ली अंदाज दिखा रहा है, तो 40.23 करोड़ की हानि उठा कर भी इस दौरान एचआरटीसी नए बस डिपो खोलने की हिमाकत कर पाई। आश्चर्य यह कि हिमाचल पर्यटन विकास निगम की ढाई दर्जन के करीब इकाइयां केवल घाटा पैदा कर रही हैं, लेकिन कोई यह पूछ नहीं पाया कि पर्यटन राज्य के सरकारी दस्तावेज इतने कमजोर कैसे हुए। कैग रिपोर्ट ने वित्तीय अनियमितताओं को छूते हुए यह जाहिर कर दिया कि राजनीतिक प्राथमिकताओं के कारण बजट को वित्तीय सर्प दंश का जहर चढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासनिक व वित्तीय सुधारों की सख्त जरूरत को हम टाल नहीं सकते। यदि 23 अग्निशमन केंद्रों के समीप पानी का कोई स्थायी प्रबंध ही नहीं, तो इस विकास मॉडल की अर्थियां ही निकलेंगी। पद और पदक के बीच अपनों के कल्याण की फेहरिस्त में हुई फिजूलखर्ची का भी एक रिकॉर्ड वित्तीय अनुशासनहीनता में दर्ज हो रहा है। ऐसे में देखना यह होगा कि क्या प्रदेश में सियासी हाथी अपनी चाल में मस्त रह कर वित्तीय सिद्धांतों का उल्लंघन करते रहेंगे या कभी वित्तीय घोड़ों को दौड़ाने लायक शक्ति बचेगी भी या नहीं। जरूरी यह है कि सरकार अपने आकार और प्रकार में सीमित रहने की वजह को अंगीकार करते हुए फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाए।

> पिछले पांच सालों में खर्च की रफ्तार अगर 36 .06 प्रतिशत दर वृद्धि से बढ़ गई, तो पिछले ही साल उधार का नया कीर्तिमान 14437 करोड़ हो गया। कर्ज की बेड़ियों में हिमाचल के लिए आत्मनिर्भरता के संकल्प पालना एक भ्रम सरीखा है, जबकि उन्नति की राहों पर भारी भरकम प्रशासनिक दबाव, कर्मचारी फौज की हिफाजत में उदारता की मुद्रा और निजी क्षेत्र के प्रति स्पष्टता का अभाव अब एक स्थायी चरित्र बन चुका है। कर्ज अब मूलधन के साथ-साथ ब्याज की मूछों से आतंकित है। पिछले ही साल की आर्थिक व्यथा पर गौर करें, तो 2021-22 के अंत तक कुल 68630 करोड़ के उधार में मूलधन 45297 करोड़ जबकि इसमें ब्याज चुकाने की उधारी भी 23333 करोड़ जुड़ गई। यह कमाल की आर्थिक व्यवस्था है जहां उधार के साथ ब्याज चुकाने के लिए भी नए ऋण की व्यवस्था करनी पड़ती है।

## राहुल गांधी ने अपने बयान पर माफी मांगने से साफ इनकार कर दिया

# राहुल गांधी की संसदीय अयोग्यता: साजिश या सियासत

विकास सक्सेना

> "मेरा नाम सावरकर नहीं हैं, मेरा नाम राहुल गांधी हैं। गांधी माफी नहीं मांगते।" हालांकि कांग्रेस के नेता लगातार कह रहे हैं राहुल गांधी का बयान सिर्फ ललित मोदी और नीरव मोदी जैसे भगोड़े अपराधियों के खिलाफ था, इसका मोदी उपनाम वाले समुदाय से कोई सम्बंध नहीं था। लेकिन अगर राहुल गांधी और उनके वकीलों ने अदालत में इस स्थिति को स्पष्ट करते हुए इतना भर साबित कर दिया होता कि उनके बयान का उद्देश्य मोदी सरनेम वाले समुदाय को अपमानित करना नहीं था। इसके अलावा वे इसको लेकर जिनकी भावनाएं आहत हुई हैं, उनसे खेद भी जता सकते थे, तो संभवत: उन्हें इस मामले में दो साल की अधिकतम सजा नहीं होती। वे बार-बार यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि वह माफी नहीं मांगते। हालांकि "चौकीदार चोर है" वाले मामले में वह उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांग चुके हैं।

**मानहानि** के मामले में दो साल की सजा मिलने से संसद सदस्यता के अयोग्य हो चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस सजा के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील नहीं की है। दिग्गज वकीलों की भारी भरकम फौज होने के बावजूद कांग्रेस के सबसे कद्दावर नेता की संसद सदस्यता बचाने वाली अपील में देरी से लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। वे समझ नहीं पा रहे कि 10 दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील न करना कांग्रेस की राजनैतिक रणनीति का हिस्सा है या फिर राहुल गांधी किसी गहरी सियासी साजिश का शिकार हो रहे हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा के दबाव में माना जा रहा है कि राहुल गांधी के वकील जल्द ही इस मामले में ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी जनसभा के दौरान उन्होंने कथित तौर पर मोदी उपनाम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में गुजरात के भाजपा नेता पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे के दौरान राहुल गांधी ने अपने बयान पर माफी मांगने से साफ इनकार कर दिया। यहां तक कि सजा मिलने के बाद भी उन्होंने कहा कि "मेरा नाम सावरकर नहीं हैं, मेरा नाम राहुल गांधी हैं। गांधी माफी नहीं मांगते।" हालांकि कांग्रेस के नेता लगातार कह रहे हैं राहुल गांधी का बयान सिर्फ ललित मोदी और नीरव मोदी जैसे भगोड़े अपराधियों के खिलाफ था, इसका मोदी उपनाम वाले समुदाय से कोई सम्बंध नहीं था। लेकिन अगर राहुल गांधी और उनके वकीलों ने अदालत में इस स्थिति को स्पष्ट करते हुए इतना भर साबित कर दिया होता कि उनके बयान का उद्देश्य मोदी सरनेम वाले समुदाय को अपमानित करना नहीं था। इसके अलावा वे इसको लेकर जिनकी भावनाएं आहत हुई हैं, उनसे खेद भी जता सकते थे, तो संभवतः उन्हें इस मामले में दो साल की अधिकतम सजा नहीं होती। वे बार-बार यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि वह माफी नहीं मांगते। हालांकि "चौकीदार चोर है" वाले मामले में वह उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांग चुके हैं। ऐसे में राहुल गांधी का अपने बयान पर खेद न जताना किसी राजनैतिक रणनीति का हिस्सा या उनके खिलाफ सियासी साजिश ज्यादा नजर आता है। राहुल गांधी की सजा को



राजनैतिक रणनीति का हिस्सा मानने वालों को लगता है कि यह भाजपा और नरेंद्र मोदी को घेरने का विपक्षी दलों के पास सबसे कारगर हथियार साबित होगा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा पर साम्प्रदायिकता, जातिवाद, घातक आर्थिक नीतियों के आरोप लगाए हैं लेकिन इनका देश के मतदाताओं पर कोई खासा प्रभाव नहीं पड़ा। भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार से कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों के सामने अस्तित्व का संकट गहराने लगा है। इसलिए वे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने से रोकना चाहते हैं। इस बार विपक्ष ने भाजपा को संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों को खत्म करने और देश में तानाशाही करके अघोषित आपातकाल जैसे हालात बनाने के आरोप लगाने शुरू किए हैं। विपक्षी दलों को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय ताकतों के सहयोग से वे भाजपा के खिलाफ लोकतंत्र विरोधी और तानाशाही के विमर्श गढ़ कर आम चुनावों में भाजपा की राह रोकने में कामयाब हो सकेंगे। विपक्षी दलों के नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई की कार्रवाइयों को आधार बनाकर मोदी विरोधी पहले से ही सरकार पर संस्थाओं के दुरुपयोग के आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने तो चुनाव आयोग जैसे स्वायत्त संस्थान और कई मामलों मनमुताबिक फैसला न आने पर न्यायालय के निर्णयों को भी सरकार से प्रभावित बताने की कोशिश की है। केंद्र की भाजपा सरकार को जनता की नजरों से गिराने की रणनीति पर काम कर रहे कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दलों को राहुल गांधी की सजा एक हथियार के तौर पर मिल गई या फिर अदालत में समुचित पैरवी न करके यह सजा हासिल की गई ताकि सरकार पर तानाशाही के आरोप ज्यादा प्रमाणिक तरीके से लगाए जा सकें। राजनैतिक चिंतकों का एक वर्ग ऐसा भी है जो राहुल गांधी को मिली सजा को एक सियासी साजिश के तौर पर देखता है। उनका मानना है कि कांग्रेस पर आधिपत्य स्थापित करने को लेकर गांधी परिवार के भीतर चल रही खींचतान के चलते षड्यंत्र रचकर राहुल गांधी को लम्बे समय के लिए चुनावी राजनीति से दूर कर दिया गया है। इसके अलावा देश की सक्रिय राजनीति में राहुल गांधी की मौजूदगी को भाजपा की जीत का महत्वपूर्ण कारण मानने वाले भी इस राहुल गांधी को राजनैतिक फलक से दूर करने की इस साजिश का हिस्सा हो सकते हैं। राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा आम है कि कांग्रेस पार्टी शक्ति के तीन प्रमुख केंद्रों सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी में बंटी हुई है। तीनों के समर्थकों के बीच पार्टी और सरकार में पदों को हासिल करने को लेकर आए दिन खींचतान भी होती रहती है। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के एक बड़े वर्ग को लगता है कि प्रियंका गांधी की नेतृत्व क्षमता राहुल गांधी की अपेक्षा बेहतर है। आमलोगों से संवाद स्थापित करने की कला में भी वह ज्यादा निपुण हैं। इसके बावजूद उन्हें अभी तक चुनावी राजनीति से दूर रखा गया। यहां तक कि लोकसभा चुनाव 2019 में करारी हार के बाद जब राहुल गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया तो साफ कर दिया कि अब उनके परिवार को कोई सदस्य कांग्रेस का अध्यक्ष नहीं बनेगा। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस पार्टी पर राहुल गांधी का वर्चस्व बनाए रखने के लिए ही प्रियंका गांधी को लम्बे समय तक संगठन की गतिविधियों से अलग रखा गया और अभी तक उन्होंने या उनके पति रावर्ट बाड्रा ने लोकसभा या विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच देश और दुनिया ने राहुल गांधी को हॉफ टी शर्ट में पैदल चलते देखा। हालांकि उनके इस तरह घूमने से देश की जनता के बीच न तो किसी तरह का राजनैतिक संदेश जा रहा था और न ही इसका कोई राजनैतिक लाभ मिलने की उम्मीद थी। इस घटना से इतना तो साफ है कि राहुल गांधी को मामूली सा उकसा कर उनसे बिना लाभ-हानि की परवाह किए कोई भी काम कराया जा सकता है। स्वास्थ्य कारणों से सोनिया गांधी भी सक्रिय राजनीति से संन्यास ले सकती हैं।

# पीर पंजाल में उभरते नए समीकरण

> गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी समुदाय दोनों ही लम्बे अरसे से मांग कर रहे थे कि इनको एसटी यानी जनजाति का दर्जा दिया जाए। अंग्रेजी भाषा में कहा जाए तो इनकी मांग थी कि इन्हें ट्राइबल माना जाए। ट्राइबल मान लिए जाने के बाद इन समुदाय के लोगों को सरकारी नौकरियों में देश के अन्य हिस्सों की तरह आरक्षण का लाभ मिल सकता था। जम्मू कश्मीर में कश्मीरियों और डोगरों के बाद जनसंख्या के लिहाज़ से गुज्जर-बकरवाल व पहाड़ी समुदाय का ही नाम आता है। ये समुदाय केवल पीर पंजाल में ही नहीं, बल्कि कश्मीर घाटी के अनंतनाग व बारामूला जिला में भी काफी संख्या में निवास करते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के कारण अभी तक वहां की राजनीति में गुपकार रोड के दो-तीन परिवारों का ही कब्जा था। इनमें से मुफ्ती परिवार एटीएम मूल (अरब, तुर्क, मुग़ल) के समुदाय से ताल्लुक रखता है और फारूक अब्दुल्ला का परिवार डीएम (देसी मुसलमान) यानी देसी मुसलमानों से ताल्लुक रखता है। ये दो अलग-अलग वर्ग हैं। यह अलग बात है कि अब्दुल्ला परिवार ने अपने राजनीतिक हितों के लिए डीएम का केवल इस्तेमाल ही किया है, उसे एटीएम के शिकंजे से छुड़ाने का कोई प्रयास नहीं किया।

**भारत** सरकार ने जम्मू कश्मीर के पीर पंजाल क्षेत्र में रहने वाले पहाड़ी समुदाय को एसटी का दर्जा देने का निर्णय किया है। पीर पंजाल वस्तुतः जम्मू संभाग और कश्मीर घाटी को विभाजित करता है। कश्मीर घाटी मोटे तौर पर मैदानी इलाक़ा है और पीर पंजाल दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र है जहां की ज़िंदगी वस्तुतः बहुत ही कठिन है। विकास की दृष्टि से अभी तक की सरकारों ने इस इलाके की ओर किंचित भी ध्यान नहीं दिया। पीर पंजाल में ज़्यादातर राजौरी और पुंछ क्षेत्र आता है। इस क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश लोग गुज्जर-बकरवाल या फिर पहाड़ी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। दोनों के जीवन यापन का तौर तरीक़ा लगभग एक जैसा ही है। पशुपालन इनका व्यवसाय है। शिक्षा का अभाव है। गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी समुदाय दोनों ही लम्बे अरसे से मांग कर रहे थे कि इनको एसटी यानी जनजाति का दर्जा दिया जाए। अंग्रेज़ी भाषा में कहा जाए तो इनकी मांग थी कि इन्हें ट्राइबल माना जाए। ट्राइबल मान लिए जाने के बाद इन समुदाय के लोगों को सरकारी नौकरियों में देश के अन्य हिस्सों की तरह आरक्षण का लाभ मिल सकता था। जम्मू कश्मीर में कश्मीरियों और डोगरों के बाद जनसंख्या के लिहाज़ से गुज्जर-बकरवाल व पहाड़ी समुदाय का ही नाम आता है। ये समुदाय केवल पीर पंजाल में ही नहीं, बल्कि कश्मीर घाटी के अनंतनाग व बारामूला जिला में भी काफी संख्या में निवास करते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के कारण अभी तक वहां की राजनीति में गुपकार रोड के दो-तीन परिवारों का ही कब्जा था। इनमें से मुफ़्ती परिवार एटीएम मूल (अरब, तुर्क, मुग़ल) के समुदाय से ताल्लुक रखता है और फारूक अब्दुल्ला का परिवार डीएम (देसी मुसलमान) यानी देसी मुसलमानों से ताल्लुक रखता है। ये दो अलग-अलग वर्ग हैं। यह अलग बात है कि अब्दुल्ला परिवार ने अपने राजनीतिक हितों के लिए डीएम का केवल इस्तेमाल ही किया है, उसे एटीएम के शिकंजे से छुड़ाने का कोई प्रयास नहीं किया। इसीलिए यह परिवार अपने पारिवारिक हित के लिए बीच बीच में एटीएम से भी समझौता कर लेता था। अपने राजनीतिक हितों की रक्षा के लिए बीच बीच में अब्दुल्ला परिवार और एटीएम परिवार गुपकार यूनियन भी बना लेते। ये जानते थे कि यदि गुज्जर बकरवाल व पहाड़ी समुदाय को उनके उचित अधिकार दे दिए गए तो इनकी कश्मीर केन्द्रित राजनीति में भूकम्प आ जाएगा। गुपकार यह भी जानता था कि अनुच्छेद 370 निरस्त हो जाने से जम्मू कश्मीर में सचमुच लोकतंत्र स्थापित हो जाने का रास्ता खुल चुका था। पंजाबियों, विस्थापितों, गुज्जर-बकरवालों व पहाड़ी समुदाय के लोगों को भी उनके उचित सांविधानिक अधिकार मिल गए थे। इसलिए गुपकार ग्रुप ने पहले ही चिल्लाना शुरू कर दिया था कि यदि अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया तो राज्य में ख़ून की नदियां बह जाएंगी। एटीएम मूल के मुफ़्ती मौलवियों ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया था कि राज्य में तिरंगा थामने वाला कोई नहीं होगा। लेकिन डोगरों, विस्थापितों, डीएम यानी देसी मुसलमान कश्मीरियों, गुज्जर-बकरवालों व पहाड़ी समुदाय को पता था कि गुपकार ग्रुप से उनकी मुक्ति का रास्ता अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद ही खुलता था। यही कारण था कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने पर ख़ून की नदियां तो नहीं बहीं बल्कि पीर पंजाल की पहाडियों पर तिरंगा और भी शान से फहराने लगा। स्थानीय निकायों के चुनाव हुए तो गुपकार ग्रुप पहले विरोध में चिल्लाता रहा लेकिन जब उसे लगा कि राज्य में सत्ता का केन्द्र गुपकार न रह कर, राज्य के गांवों में शिफ्ट हो जाएगा तो उसने झख मार कर चुनावों में भाग लिया। सरकार ने विधानसभा क्षेत्रों के सीमांकन में पीर पंजाल की विधानसभा सीटों में इजाफा कर दिया। गुपकार को सांप सूंघ गया। गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी समुदाय को आरक्षण का लाभ दिया गया। विधानसभा में एसटी के लिए सीटें देश के अन्य राज्यों की तरह आरक्षित कर दी गईं। गुपकार रोड पर सन्नाटा छा गया। लेकिन उसके तरकश में एक तीर बाक़ी था। उसने गुज्जरों व पहाडियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास किया। एटीएम की महबूबा मुफ़्ती अपने असली रंग में आ गई। उसका कहना था कि पहाडियों को एसटी का दर्जा देने से गुज्जर उठ खड़े होंगे। पीर पंजाल वर्षों से शांत रहा है, अब वह अशांत हो जाएगा। महबूबा जानती थीं कि पीर पंजाल शांत कभी नहीं रहा। वह तो अपने खिलाफ हो रहे अन्याय से लड़ते हुए दशकों से अशांत था, लेकिन अनुच्छेद 370 के कारण उनकी चीख़ें दब जाती थीं। एटीएम उनको इस्लाम की घुट्टी पिला पिला कर चुप कराने का प्रयास करता था। लेकिन उससे पेट की आग तो नहीं बुझती। उसके न्यायोचित अवसर तो नहीं मिलते। पीर पंजाल में रहने वाले अधिकांश पहाड़ी भी राजपूत समुदाय के क्षत्रिय लोग हैं। इनकी मातृभाषा पहाड़ी है। ये भी सभी प्रकार के आरक्षण अधिकारों से वंचित प्राणी हैं। एटीएम को इस देश की सामाजिक संरचना को समझने के लिए और दिमाग खपाना होगा। महबूबा मुफ़्ती और उनकी सोच के लोग नहीं चाहते कि सत्ता ताश के पत्तों की तरह उनके हाथों से निकल कर गुज्जरों, बकरवालों, पहाडियों, डोगरों, हांजियों, कश्मीरियों, दरदों, बलतियों, पिछड़ों और दलितों के हाथ में चली जाए। इसलिए वे पहाडियों को एसटी का दर्जा दिए जाने का विरोध करते रहे। एटीएम का दूसरा तर्क और भी मज़ेदार था। उनका कहना था कि पहाडियों में हिंदू, सिख और मतांतरित मुसलमान सभी शामिल हैं। इसलिए उनको एसटी का दर्जा कैसे दिया जा सकता है? यह सचमुच हास्यास्पद तर्क था। इसका अर्थ हुआ कि यदि ये हिंदू-सिख मतांतरित होकर मुसलमान हो जाएं तब तो एसटी का दर्जा देने में कोई एतराज़ नहीं है। एतराज़ इन पहाडियों के हिंदू और सिख होने का था। अब नई व्यवस्था में गुज्जर/बकरवाल के अलावा पहाडियों के लिए भी विधानसभा की कुछ सीटें आरक्षित करने की सम्भावना बनी थी। गुज्जरों ने चाहे अरसा पहले इस्लाम मत को स्वीकार कर लिया था, लेकिन ये शेख और सैयद उनको अपने नज़दीक खड़े होने के काबिल भी नहीं मानते थे। लेकिन अब अनुच्छेद 370 के हटने से हालात बदल गए।



## देश दुनीया से

# खेल विभाग अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाए

**हिमाचल** प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं मगर अधिकतर खिलाडियों के प्रशिक्षण में हिमाचल का योगदान कहीं नजर नहीं आता है। इस सबका प्रमुख कारण है कि इस पहाड़ी प्रदेश का खेल विभाग खेल प्रशिक्षण के लिए राज्य में वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण एक दशक से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी लंबी समय अवधि खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम को देकर ही कोई किस्मत वाला खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है क्योंकि इस टैस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है। ऐसे में एथलेटिक्स प्रशिक्षक की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां अन्य खेलों, जैसे कुश्ती, मुक्केबाजी, हैंडबाल व वालीबाल आदि के प्रशिक्षक का क्या औचित्य है, इस बात का उत्तर किसी के भी पास नहीं है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज मस्ती कर रहा है वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा। हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडियों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है। क्या प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह सरकार का अपने प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है। खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण पर कई बार इस कॉलम के माध्यम से खेल विभाग को जागरूक किया जाता रहा है। स्तरीय प्रशिक्षण के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन बहुत कठिन है। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वह उसे उस क्षेत्र में उच्चतम शिखर तक ले जाना चाहता है जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी, मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सबके लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सके।

> हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है क्योंकि इस टैस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है।

## कुछ अलग

# इतिहास को 'नया' करना जरूरी

**अब** पाठ्य पुस्तकों में मुग़ल साम्राज्य और उसके बादशाहों-बाबर, अकबर, शाहजहां, औरंगज़ेब आदि-का इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद आर.एस.एस. सरीखे कथित सांप्रदायिक संगठनों पर पाबंदी लगाई गई थी। आरएसएस गांधी को पसंद नहीं करता था, क्योंकि गांधी देश में हिंदू-मुस्लिम एकता के पैरोकार थे। कुछ हिंदूवादी और उग्र संगठन भारत को 'हिंदू राष्ट्र' बनाने पर आमादा थे, लिहाजा गांधी की हत्या के कई प्रयास किए गए। पाठ्यक्रम से इसे हटा दिया गया है, क्योंकि संघ पर पाबंदी तात्कालिक थी और तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने ही उस पाबंदी को हटाया था। उस दौरान के पत्रों को पढऩा चाहिए कि आखिर सच क्या था? बहरहाल 1975-77 के आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संवैधानिक शक्तियों का जमकर दुरुपयोग किया। न्यायपालिका और प्रेस को कुचलने के प्रयास किए गए। विपक्षी नेताओं और पत्रकारों को जेलों में ठूंस दिया गया। विशेषज्ञों ने इस अध्याय को क्यों हटा दिया, यह हमारी समझ के परे है। भारत में लोकतंत्र की मजबूती का आकलन करना है, तो आपातकाल को पढऩा और जानना, कमोबेश नई, युवा पीढ़ी के लिए, बेहद प्रासंगिक है। देश का प्रधानमंत्री भी चुनाव हार सकता है और जनता पार्टी सरकार के रूप में एकीकृत, संगठित विपक्ष की पूर्ण बहुमत वाली सत्ता भी स्थापित हो सकती है, ये आपातकाल के जुल्मों के फलितार्थ ही हैं। उन्हें क्यों न पढ़ाया जाना चाहिए? गुजरात के गोधरा में हिंदू कारसेवकों को ज़िंदा जला दिया गया और फिर 2002 के सांप्रदायिक दंगे भडक़े। ऐसे कमोबेश सैकड़ों दंगे भारत की ज़मीं पर भडक़े और फैले हैं, बल्कि गोधरा से भी बर्बर और वीभत्स दंगों का साक्षी यह देश रहा है, पाठ्य पुस्तकों में किन दंगों को पढ़ाएंगे और किन्हें हटाएंगे, यह चयन करना असंभव है, लिहाजा गोधरा दंगों को हटाना विवेकपूर्ण निर्णय है। नफरती दंगों को छात्रों को पढ़ाने से कौन-सी विद्वत्ता और कौन-सा ज्ञान हासिल होगा? हिंदी की पुस्तक से महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविता को हटाना हमें भी पीड़ित कर गया, लेकिन साहित्यिक विश्लेषण हमें स्पष्ट बताता है कि निराला के बाद करीब आठ दशकों की हिंदी कविता रची गई है। मूर्धन्य, समकालीन, प्रासंगिक कवियों की भरमार है, जो प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी आदि छायावादी कवियों से कमतर नहीं हैं। कविता का बहुत विस्तार हुआ है। छात्र उन कवियों और लेखकों की रचनाएं क्यों न पढ़ें? साहित्यिक विकास पर छाती पीटना महज प्रलाप है। बहरहाल यह नई बहस इसलिए छिड़ी है, क्योंकि एनसीईआरटी ने पाठ्य पुस्तकों में संशोधन कर इतिहास के नवीनीकरण की कोशिश की है। यह इतिहास का पुनर्लेखन नहीं है। कांग्रेसी, वामपंथी, मुग़ल-मुस्लिमवादी और मोदी-संघ के कट्टर विरोधी जरूर चिलचिला रहे हैं। 9वीं से 12वीं कक्षा के किशोर छात्र करीब 15-20 साल से महात्मा गांधी की हत्या के 'अद्र्धसत्यों' को पढ़ते रहे हैं। भारत देश के तौर पर स्वतंत्र और संप्रभु हुए 75 लंबे साल जी चुका है। आज भारत परमाणु-शक्ति वाला देश है, औद्योगिक और प्रौद्योगिकी सम्पन्न देशा है, विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया का सबसे बड़ा, सकारात्मक और सार्थक बाज़ार वाला देश है। हम हथियार से विमान तक खुद बनाते हैं। साफ्टवेयर में दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। फिर भी हम स्वतंत्रता से पहले के पूर्वाग्रही इतिहास को कब तक अपने छात्रों को पढ़ाते रहेंगे? इतिहास से खिलवाड़ नहीं किया जा रहा, बल्कि 'नए तथ्यों' को जोडऩे के प्रयास किए जा रहे हैं। हम देश का 'नया मूड' देखने जा रहे हैं।

## नागरिक बोध

# जिसके ह्दय में करुणा की धारा प्रवहमान है उसी का जीवन सफल

**किसी** को दुःखी एवं पीड़ति देखकर हमारा ह्दय उसके दुःख को दूर करने की भावना जगाता है।वह करुणा है।किसी को मरते देखकर बचाने की जो भावना पैदा होती है।वह करुणा है। किसी सुधा पीड़ति को देखकर उसे रोटी देने की इच्छा प्रबल होती है वह करूणा है। सम्पूर्ण मानवता को सुखी बनाने हेतु हमारा ह्दय तरंगायित रहता है। वह करुणा है। इसीलिए भगवान को करुणा दया का सागर कहा गया है। अकालमूर्त रूप कहा गया है।संपूर्ण विश्व के प्रति कृपालु रहे,किसी का भी दुःख उसे देखा नही गया एसलिए वे करुणा के पुंज है। जब मानव मन मे ईर्ष्या जन्म लेती है तो वह विनाश को ही आमंत्रण देती है।ईर्ष्या का परिणाम बहुत भयंकर होता है। जिसके ह्दय में करुणा नही है,वह किसी का भला सोच ही नही सकता। जिसका ह्दय विशाल है,मन में परदुःखकातरता है,वही संसार के कल्याण का विचार रखता है। समाज मे कई ऐसे उदाहरण है। जिनका पूरा जीवन दुसरो को सुखी एवं शांतिमय बनाने में लगा रहता है। वे जहा भी जाते है,करुणा की धारा प्रवाहित करते है। करुणा उपदेश नही बल्कि आचरण चाहती है। सेवा के अनेक टन उपदेश देने की उपेक्षा एक तोलाभर सहायता करना कही ज्यादा श्रेष्ठ है। आज सेवा की बाते तो बहुत की जाती है मगर सेवा करने वाले कम ही दृष्टिगोचर होते है। धर्म की ऊंची ऊंची बाते करने की आवश्यकता नही है,बल्कि धर्म को ह्दय में उतारने पर ही मानवता का कल्याण संभव है। ह्दय में करुणा की एक बूंद पैदा झरने की क्षमता जगाने का प्रयत्न करेंगे तो संसार गुलाम हो जाएगा।करुणा की एक बूंद सूखे जीवन मे हरियाली की बहार ला सकती है। दयालुता ही जीवन के आनन्द का झरना है। इस झरने को बहने दो।इसे रोकने की चेष्ठा नही करनी चाहिए। अगर इसे रोका गया तो संसार नरक तुल्य हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरे

### पतंजलि योग समिति जिला इकाई सिमडेगा की ओर से 7 दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारत स्वाभिमान सह पतंजलि योग समिति जिला इकाई सिमडेगा की ओर से 7 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ पाकर टांड प्रखंड के सिकरिया टांड पंचायत के इंद टांड स्थल पर किया गया। यह शिविर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल 23 तक चलेगी। इस शिविर के संचालन राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम लालचंद नायक, देवेंद्र सोनी, तुलसी साहू, जसिंता कुमारी के द्वारा सामूहिक द्वीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। योग सुबह 5 से 7 बजे तक होगी। राज्य प्रभारी के द्वारा योग में सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियों के साथ कराया गया मुख्य आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, हलासन आदि योग कराये और ईश्वर से जुड़ने की साधारण प्राणायाम अनुलोम विलोम, कपाल भांति, भस्त्रिका आदि कराया गया।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आधुनिक सामुदायिक जिम जल छाजन का किया उदघाटन

➲ चतरा वासियों के लिए जिम का मिला सौगात, आम नागरिक कर सकते हैं उपयोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा शहर के गन्दौरी मंदिर के समीप जलछाजन भवन में नवनिर्मित आधुनिक सामुदायिक जिम जल छाजन भवन चतरा का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। जिला प्रशासन चतरा द्वारा अधिष्ठापित आधुनिक सामुदायिक जिम जल छाजन भवन चतरा के संचालन हेतु श्री विकास केशरी को नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा जीम का संचालन आज से प्रारंभ कर दी गई है। चतरा वासियों इस जिम में सादर आमंत्रित हैं विशेष जानकारी हेतु जिम संचालक विकास केशरी के मोबाइल संख्या 9431333282, 8210407739 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सुबह में 5 बजे से 9 बजे तक वहीं शाम में 4 बजे से 8 बजे रात्रि तक जिम खुली रहेगी। इसके अलावे महिलाओं के लिए भी समय निर्धारित की जा रही है। इस दौरान चतरा उपायुक्त श्री अबु इमरान, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, समाजसेवी नवलकिशोर यादव, नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया शिशु भारती का गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में विद्यालय शिशु भर्ती का गठन किया गया। छात्र छात्रओं में नेतृत्व क्षमता प्रदर्ज़हन के लिये विद्यालय के सभागार में मध्यावकाश के बाद विद्यालय के छात्र छात्राओ और आचार्य आचार्यो के साथ बैठक कर प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी के द्वारा शिशु भारती का गठन किया गया। वही प्रधानचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने बताया कि सत्र भर विभिन्न योजना एवं गतिविधि को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहनों को विभिन्न विभागों का दायित्व दिया गया। वही सेनापति अंशु और मृन्तुंजय, अध्यक्ष संध्या कुमारी, उपाध्यक्ष आदित्य कुमार, सचिव सुभद्रा कुमारी, सह सचिव आशीष कुमार, वंदना प्रमुख पूजा, अर्चना, शिल्पी और सुभद्रा, घोष प्रमुख आदित्य कुमार, जल प्रमुख प्रिंस कुमार, अनुशासन प्रमुख शिवानी कुमारी, जयंती प्रमुख अंशु कुमारी, सांस्कृतिक प्रमुख संध्या कुमारी, योग प्रमुख राहुल कुमार, खोया पाया विभाग पूजा कुमारी, खेल प्रमुख अमृत उराँव, स्वच्छता प्रमुख शिल्पी कुमारी, पर्यावरण प्रमुख पल्लवी कुमारी को बनाया गया है। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक दायित्व निर्वहन करने की बात कही। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

## रोल में पुष्पा व पीरी में रेखा बनी सेविका



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में शनिवार को दो आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविकाओं का चयन आम सभा कर किया गया।यह चयन रोल भाग 1 और पीरी भाग 1 केंद्रों के लिए किया गया। रोल में पुष्पा भारती पति लव कुमार सिंह जबकि पीरी में रेखा कुमारी पति अरुण यादव को सेविका बनाया गया। उक्त सेविकाओं का चयन तत्कालीन सेविकाओं के सेवानिवृत्त होने के बाद किया गया। रोल केंद्र में कूल पांच आवेदन पडे थे जिसमें पुष्पा के आवेदन को विभागीय मापदंड के अनुसार सही पाया गया जिसके बाद उसे चाइनीस कर लिया गया। वही पीरी केंद्र में 7 आवेदन पड़े थे जिसमें रेखा कुमारी को सभी कागजात सही मापदंड के पाए गए जिसके बाद उनका चयन कर लिया गया। चयन के बाद उन्हें बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेविकाओं के चयन प्रक्रिया में बीडीओ सह सीडीपीओ नीतू सिंह स्वयं मौजूद थी। इसके अलावा रोल में महिला प्रवेक्षिका रेशमी कुमारी मुखिया पार्वती देवी पंचायत समिति सदस्य भोला सिंह वही पीरी में सुशील हेरेंज आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका और ग्रामीण मौजूद थे।

## नलजल में हो रही अनियमितता पर जेएमएम ने लिया संज्ञान



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में चल रहे सरकार की महत्वाकांक्षी नलजल योजना में हो रही अनियमितता को लेकर अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर के आलोक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मलेश्वर साव, सचिव भूपेंद्र कुमार ठाकुर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए चल रहे योजना में लगाए जा रहे पाइप में बरती जा रही अनियमितता को देख कार्य कर रहे संवेदक को फटकार लगाया। और जांच में पाए गए कमियों से संबंधित विभाग के जेई अविनाश कुमार से दूरभाष पर सम्पर्क कर अवगत कराया गया। जिसपर जेई ने त्रुटियों को सुधारने को कहा है।जेई के जवाब से असंतुष्ट कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त चतरा, माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पेयजल मंत्री झारखंड सरकार को मामले से अवगत कराते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों कर्मियों व संवेदकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की बदनामी और सरकारी कोष का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार की योजना पूर्ण रूप से धरातल पर उतारना होगा जिससे आम लोगों के लिए जनोपयोगी हो। जांच के दौरान आनंददेव यादव, सुरेश यादव, बिनोद महतो, सीता लाल, मदन साव के अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि सह प्रभारी व मंडल अध्यक्ष ने जनसंघी नेताओं को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** भारतीय जनता पार्टी के सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सांसद प्रतिनिधि सह टंडवा मंडल प्रभारी ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय एवम् मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने जनसंघी नेताओं को उनके घर पहुंच कर शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वालों में मुख्य रूप से सिसई निवासी पुर्व मुखिया छेदी पांडेय, युगल किशोर रजक, स्व. महेश भारतीय की पत्नी लक्ष्मी देवी, संत कुमार पांडेय, बुकरू निवासी प्रसिद्ध नारायण सिंह, सोपारम निवासी पुर्व मुखिया रघुनंदन दास थे। ये सभी जनसंघ काल में 1977 इमरजेंसी के समय पुर्व विधायक स्व. उपेन्द्र नाथ दास के साथ जेल में भी रहे थे। जनसंघ काल से भाजपा के लम्बे काल खण्ड में अब तक ये सभी पार्टी के लिए समर्पित रहें हैं। भाजपा के सेवा सप्ताह कार्यक्रम में ये सभी सम्मान पाकर खुश हुए और कहा कि आज हमे गर्व होता है कि जिस पार्टी के हम कार्यकर्त्ता, नेता कहलाते हैं वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, आज हमारे देश के अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा,झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास हैं, अतःऐसा प्रतीत होता है कि जिस पौधा को श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय, अटल, एवम आडवाणी के साथ हम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा सींच कर बड़ा किया गया वह आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा वट वृक्ष के समान हो गया है। मौके पर वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह,मंडल महामंत्री संजीव पांडेय, पुर्व मंडल महामंत्री उदय पांडेय, राम चन्द्र प्रसाद गुप्ता, पंचायत संयोजक धनंजय पांडेय, पिंटू कुमार सिंह, व अन्य उपस्थित थे।

## एमएलए कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन एमएलए कॉलेज लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली के साथ किया गया जिसको अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने झंडा दिखला कर रवाना कराया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस रैली का उद्देश्य है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस रैली के माध्यम से समाज में स्वस्थ रहने का अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। साइकिल रैली एमएलए कॉलेज से निकलकर न्यू रोड, पावरगंज, अमला टोली, बड़ा तालाब, अपर बाजार, महावीर चौक, बरवा टोली चौक होते हुए पुनः एमएलए कॉलेज में पहुंचकर विचार गोष्ठी के रूप में संपन्न हुआ। साइकिल रैली का नेतृत्व स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी कर रहे थे। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि स्थापना के 75 वें वर्ष में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सबके लिए स्वास्थ्य घोषित किया। इसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ होना होगा। राज्य भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन भी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता एवं सहायता प्रदान कर रहा है। सांसद प्रतिनिधि एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस पैट्रोन चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि आप सभी स्वच्छता के दूत है, आपसे यह संदेश दूर-दूर तक जाएगा कि अपने खानपान में नियंत्रण, नियमित योग के द्वारा स्वस्थ रहा जा सकता है। डॉ राजेश ने छात्राओं को दांतो की सफाई एवं स्वच्छता के महत्व को बतलाया। सिटी मैनेजर विजय कुमार ने बतलाया कि लोहरदगा नगर परिषद आप सभी के सहयोग से नगर को स्वच्छ बनाने के लिए तत्पर है।

## आंगनबाड़ी सहायिका चुनाव के लिए किया गया ग्राम सभा नेहा कुमारी को मिली स्वीकृति



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र कॉड नंज़89 भाग 1 में सहायका चुनाव के लिए ग्राम सभा का आयोजन 8 अप्रैल शनिवार को मुखिया बेबी देवी के अध्यक्षता में किया गया। जहां कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें नेहा कुमारी पति दामोदर साव को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयनित किया गया। जिसका योग्यता बिए है। चयन करने के लिए इटखोरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अवनेशा एक्का मौजूद थे। यह कार्य ओबीसी बहुमूल्य संख्या के आधार पर चुनाव किया गया है। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य लालो साव एवं वार्ड सदस्य और ग्रामीण समाजसेवी मुकेश साव उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन और डीटीओ लातेहार के निर्देश पर महुआडांड़ थाना के निकट पु0अनी संजय रतन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों का वाहन कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस जांच करते हुए चालान के लिए मोबाइल नंबर एवं गाड़ी नंबर दर्ज किया गया। चेकिंग के दौरान अधिकतर वाहन चालकों के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था साथ ही उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। जांच के दौरान पु0अनी संजय रतन ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं, जुर्माना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में पु0अनी संजय रतन जिला पुलिस बल और आईआरबी के जवान शामिल थे।

## झामुमो कार्यकर्त्ताओं ने किया शोक सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मनिका :** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।मनिका प्रखंड मुख्यालय में शिक्षा मंत्री के निधन पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर संयुक्त रूप से 2 मिनट का मौन रखा एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। वहीं मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम ने कहा की जगरन्नाथ महतो झारखंड आंदोलन के रूप में उनकी पहचान थी। इसी कारण लोग उन्हें टाइगर कहा करते थे उनकी मौत सिर्फ पार्टी व सरकार की क्षति नहीं है बल्कि जल जंगल, जमीन आदिवासी स्मिता एवं पूरे झारखंडी के लिए अपूर्णीय क्षति है। वहीं मौके पर मौजूद पश्चिमी जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि जगरन्नाथ दा झारखंड के आंदोलनकारी जुझारू, कर्मठ, और लोकप्रिय नेता थे। उनके निधन से झारखंड ने एक अच्छा संघर्षशील नेता को खो दिया। इस अवसर पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम, पश्चिमी जिप सदस्य बलवंत सिंह, प्रखंड सचिव संदीप उरांव, प्रखंड जेएमएम प्रभारी रामेश्वर भुईया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश प्रसाद, मुरारी ठाकुर, सुरेश सिंह, अमानुल्लास अंसारी, रामू भुईया, नरेश भुईया समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कांग्रेस जिला कमिटी का हुआ विस्तार**

## फारूक को बनाया गया महासचिव कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा/सिमरिया :** जिला कांग्रेस कमिटी का पुनः विस्तार किया गया। जिसमें सिमरिया से जिला महासचिव मो फारूक को बनाया गया है। यह मनोनयन झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो द्वारा 25 मार्च को पत्र जारी कर जिला में भेजा है। प्रदेश महासचिव द्वारा चतरा जिले के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव, कोषाध्यक्ष का नाम प्रेषित कर जिला को भेजा है। इधर सिमरिया से मो फारूक को महासचिव के पद पर किए गए मनोनयन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी है और बधाई दिया है। जिसमें बधाई देने वाले जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे हाजी साबिर हुसैन, जयशंकर पाठक, मो. कोसर, प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र साव, कामाख्यानारायण सिंह, परवेज आलम, मोहम्मद नेसार, करम साहू, सलीम अख्तर, मोहम्मद अरशद, आलोक सिंह मेराज अंसारी, मोहम्मद उस्मान मोहम्मद ऐनुल, सनी कुमार, अरुण यादव, महेन्द्र यादव, नरेश साव,, एमडी जियाउल, नशरुद्दीन अंसारी, एमडी अख्तर,, मुकेश कुमार सिंह, केदार राम, असरार अंसारी के अलावे अन्य हैं।

## मंजिल कोचिंग में पहुंच बीडीओ ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक मोड में संचालित मंजिल कोचिंग में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह और विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी पहुंचे जहां बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए सराहा। एवं माता पिता के नाम रोशन करने के लिए बच्चों से बिडियो ने बोले। जहां उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष जेएमएम मनोज वर्मा शिक्षक अजय दांगी रोहित कुमार निर्देशक गोविंद राम दांगी उपस्थित थे। पदाधिकारी के द्वारा बच्चों को पढ़ने के लिए और आगे बढ़ने के लिए अच्छे रास्ते पर चलने के लिए बतलाया गया।

## बीएस डीएवी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** स्थानीय जलता स्थित बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में आज विद्यालय के विभिन्न सदनों के नवनिर्वाचित कप्तान और उपकप्तान ने अपने कर्तव्यों उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का शपथ लिया । शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रार्थना सभागार में साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें दयानंद , अरविंदो, विवेकानंद, श्रद्धानंद सदनों के नव निर्वाचित सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गये द्ध समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन और सी सी ए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने विभिन्न सदनों के सदन संचालकों के साथ संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालीय छात्रों ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार एवं भजन गायन किया। प्रभारी प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का द्योतक है अत- आप लोगों से अपेक्षा है कि इस जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करेंगे। विद्यालय के विभिन्न सदनों के पदाधिकारी अपने सदन संचालकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सदनों के प्रतीक ध्वज के साथ उपस्थित हुए। सी सी ए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने अनुशासन तथा शिष्टाचार के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हुये विद्यार्थियों को विद्यालय की गरिमा को उन्नत करने की शपथ दिलाई।वहीं अरुण कुमार पांडेय ने बच्चों को विद्यालय में सी सी ए की महत्ता को बतलाया।इस दौरान विभिन्न सदनों के संचालकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन करें और अपने बड़ों और शिक्षकों का सम्मान करें द्ध लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत व् लगन से काम करें सफलता अवश्य मिलेगी द्धइस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरुण पांडेय, रवि प्रकाश तिवारी, सुशील दुबे, बी एन साहा, बसंत कुमार, अजीत कुमार ,शिक्षिका शकुंतला पाल सहित अन्य कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## घोषणा तक ही सिमट कर रह गई भोजपुरी स्टार का कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** विगत माह मनिका विधायक रामचंद्र सिंह व राज्य सभा सांसद धीरज साहू के पहल पर विधायक रामचंद्र सिंह के लोकप्रिय विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव के द्वारा मनिका प्रखंड मुख्यालय में भोजपुरी सुपर स्टार खेसारीलाल यादव आज यानि 9अप्रैल को घोषित कार्यक्रम टांय टांय फिस हो गई। यहां बताते चले की मनिका प्रखंड मुख्यालय में भोजपुरी सुपर स्टार खेसारीलाल यादव के कार्यक्रम को लेकर विगत माह विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव व कांग्रेस के कई स्थानीय नेताओं ने सोशल मिडिया व समाचार पत्रो के माध्यम से घोषणा किया था की मनिका मे विधायक रामचंद्र सिंह व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद के निर्देश पर मनिका मे आगामी 9अप्रैल को खेसारीलाल यादव का कार्यक्रम आयोजित है।जिसे लेकर विगत माह से मनिका प्रखंड सहित अन्य क्षेत्र के लोगों के बीच खेसारीलाल यादव के कार्यक्रम को देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे थे।कार्यक्रम की घोषणा कर पिछे हटने से मनिका मे कांग्रेस के उन नेताओं की चारो ओर किरकिरी हो रही है।कई लोग सोशल मिडिया मे विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस के उन नेताओ का बयान दिखा कर मजाक उड़ा रहे हैं जिसमें विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेसी नेता आगामी 9अप्रैल को खेसारीलाल यादव का कार्यक्रम होने की घोषणा करते दिख रहे हैं।मनिका प्रखंड के युवावर्ग के लोगों ने कहा की सच तो यह है की कोई भोजपुरी स्टार का कार्यक्रम होना ही नही था ।जनता के बीच सस्ती लोकप्रियता के लिए भोजपुरी सुपर स्टार खेसारीलाल यादव का कार्यक्रम आयोजित करने की झूठी खबर विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस के कुछ नेताओं के द्वारा फैलाई गई। जिस प्रकार से विधानसभा चुनाव जीतने के लिए विधायक व उनके चाटुकार नेताओं के द्वारा झुठ का पुलिंदा बांधकर प्रखंड के युवा वर्ग को आगे कर चुनाव मे जीत हासिल किया था।उपरोक्त नेताओ को युवा वर्ग की भावनाओं से खेलना आदत सी बन चुकी है।बहरहाल एक माह पुर्व मनिका में खेसारीलाल यादव का कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर समाचार-पत्रो के माध्यम से झूठी खबर फैलाने को लेकर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह राज्य सभा सासंद सहित विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेसी नेताओं की चर्चा चहुंओर हो रही है।

## हेमंत सोरेन की सरकार हर मोर्चे पर फेल : बालमुकुंद सहाय



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जल, जंगल, जमीन की बात करने वाली सरकार,हेमंत सोरेन और कांग्रेस गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। यह वक्तव्य भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि भय, भूख, भ्रष्टाचार का बोलबाला है। नियोजन नीति की अपरिपक्व राजनीति में बेरोजगार युवा सड़क में आज आंदोलन कर रहे हैं गठबंधन की सरकार ने राज्य को जर्जर बना दिया है। युवा विरोधी,महिला विरोधी,किसान विरोधी सरकार,लूट भ्रष्टाचार चरम पर है। आगामी 11 अप्रैल को सचिवालय का घेराव कर हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बब्बन गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, मनीर उराँव, श्री चंद प्रजापति, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, नीरज कुमार नलिन, बालकृषणा सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनाने को लेकर बैठक संपन्न

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के तत्वधान में संविधान निर्माता बाबा साहब



डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास व संचालन प्रखंड सचिव अर्जुन तुरी ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में चंदवारा पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम की देखरेख में बैठक संपन्न हुई तत्पश्चात आगामी कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु अपना महत्वपूर्ण विचार दिए साथ ही बैठक में उपस्थित तमाम सदस्यों ने अपना अपना मंतव्य दिए जिसमें सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर अनेकों बिंदु पर चर्चा परिचर्चा किया गया, जिसमें 14 अप्रैल को प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत में बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है जिसमें प्रखंड के सभी वरीय पदाधिकारी ,व सदस्यगण समेत भारी संख्या में एकजुट होने व कार्यक्रम में काफिले के साथ जाने का निर्णय लिया गया। बरकनगांगो में कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्रखंड के तुइयो पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उसी काफिले के साथ जाने का निर्णय लिया गया,इस प्रकार 14 अप्रैल अर्थात बाबा साहब की जयंती के दिन अति व्यस्तता के कारण प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में बाबा साहब की जयंती 16 अप्रैल को पूरे धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।मौके पर रवि पासवान,सचिन पासवान,सूरज पासवान, शिवपूजन पासवान,श्याम पासवान,उमेश पासवान,अशोक पासवान ,गणेश पासवान, कैलाश पासवान,लखन रविदास,पितांबर रविदास, भीम पासवान,रतन पासवान, देवानंद पासवान, सुंदरदास,संजय रविदास, बच्चन देव कुमार ,प्रकाश राम, सनोज रविदास,आकाश कुमार पासवान,सुनील कुमार दास, दिनेश दास, पप्पू कुमार, अमित पासवान,सुधीर कुमार पासवान, अनिल रविदास, कैलाश पासवान,दिनेश दास, मनी पासवान,समेत दर्जनों की संख्या में भीम आर्मी के सदस्यगण उपस्थित थें।

### बाइक का संतुलन बिगड़ने से एक युवक की मौत, दो घायल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को बनासो के बीस वर्षीय बाइक सवार युवक शेख दानिश,पिता शेख समीम को जीटी रोड पर ट्रक ने कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर दर्दनाक उसकी मौत हो गई। बताया जाता है,कि यह घटना जीटी रोड तिरला मोड स्थित इंडियन ऑइल पेट्रोल पंप के समीप सुबह ग्यारह बजे की है। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के नीचे युवक शेख दानिश पिता शेख समीम आ गया, जिससे ट्रक ने उसे कुचल दिया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक बनासो के तीनो युवक बीस वर्षीय शेख दानिश पिता शेख समीम, बीस वर्षीय समीम अंसारी पिता महरूम शहादत हुसैन, बीस वर्षीय अरबाज अली पिता हातिम अंसारी एक ही बाइक से सवार होकर नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहरिया अपने नानी घर जा रहे थे।बाइक चलाने के दौरान बाइक सवार का पैर फिसल गया,जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दो युवक रोड किनारे गिर गए और एक युवक बीच सड़क पर गिर गया जिससे विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया और घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौका देख ट्रक को लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवं विष्णुगढ़ मध्य के जिला परिषद सदस्य शेख तैयब घटनास्थल पहुंचे जहां मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने तत्काल आनन फानन में दोनों घायलों को बगोदर सीएचसी अस्पताल इलाज हेतु ले गए,जहां प्राथमिक उपचार उपरांत दोनों युवकों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया वहीं मृतक के शव को बगोदर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर हॉस्पिटल भेज दिया गया।वही घटना से आहत होकर मध्य के जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने मांग की कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

### दिव्यांग जनों के लिए पतरातू में होगा शिविर का आयोजन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ के आदेशानुसार समाजिक सुरक्षा के अंतर्गत प्रखंड पतरातू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिनांक 10/04/2023 एवं चैनगढा स्वास्थ्य उप केंद्र में दिनांक 27/04/2023 दिव्यांग जनों के लिए यू डी आई डी कार्ड बनाने हेतु शिविर कैंप का आयोजन किया जाएगा। जहां पर ऐसे दिव्यांगजन जिनका यू डी आई डी कार्ड अब तक नहीं बन पाया है। जो किसी कारणवश छूट गए हैं।और वैसे दिव्यांग जो किसी तरह का कोई लाभ नहीं ले पा रहे हैं। वैसे छूटे दिव्यांग जनों के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है। तथा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। कि अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक दिव्यांग जनों का यूडी आईडी कार्ड बनाने का काम करेंगे जिससे कि अधिक से अधिक दिव्यांगजनो सरकारी लाभ मिल सके।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को जिला समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को मध्याह्न भोजन के संचालन के दौरान विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन



करते हुए चावल का उठाव करने व खाद्य पदार्थों से संबंधित रोस्टर का पालन करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने एवं मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का भी जायजा लेने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में मध्याह्न भोजन हेतु उपलब्ध राशन सामग्रियों, आवंटन की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, खाध्य सुरक्षा पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, नगर प्रबंधक नगर परिषद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात लोगों ने दो एकड़ में लगे आम के बगीचा में लगाई आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शीलाडीह के ग्राम बाराडीह में भागीरथ पाण्डेय एवं मिथिलेश पाण्डेय दोनों के पिता स्वः-जगदीश पाण्डेय के भूमि पर 2 एकड़ में मनरेगा योजना से लगे आम के पौधों को अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया।जिससे 200 आम का पौधें और अन्य शीसम,सागवान का एक सौ पौधें जलकर स्वाहा हो गया है।वंही नबार्ड कि ओर से उक्त स्थल पर लगाये गए पानी पटाने का पाइप भी जल गया।जिससे भुक्तभोगी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।इस बाबत भुक्तभोगी मिथिलेश पाण्डेय ने बताया कि अज्ञात लोगों के द्वारा रात में आम के बागवानी में आग लगा दिया गया।जिसकी सूचना हमें सुबह में मिली।जब हम अपने बगीचे में गए तो देखा सभी आम का पेड़ जिसमें फल भी लगा हुआ था।जलकर स्वाहा हो गया है।मैंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सूचित कर दिया हूं।ओर दोषियों पर कार्रवाई कर उचित मुआवजे की मांग किया हूं।

## बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड कार्यालय के सभगार कक्ष में बीडीओ हरिनाथ महतो ने मनरेगा पीएम आवास एवं 15 वित्त आयोग आदि चल रही योजनाएं की समीक्षा बैठक की। एवं विकास योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।बैठक में मनरेगा के माध्यम से शुरू हुई वित्तीय वर्ष में अमृत सरोवर पर विशेष ध्यान देने के लिए रोजगार सेवक एवं मनरेगा के अन्य कर्मियों को प्रोत्साहित किया। मौके पर प्रधान सहायक चितरंजन



कुमार,पुलक माल्तो,परमानंद कुमार,अजीत कुमार गुप्ता,सुखदेव मरांडी,संजय दास, भोला मुंडा,केस्टो महतो,नरेश प्रसाद, कैलाश महतो,मोहन राम,सरजू महतो एवं सभी पंचायत सेवक रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## शनिचर बाजार कोलियरी सिरका क्षेत्र में पानी की समस्या बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** शनिचर बाजार सिरका के कुआ में लगातार महिलाएं, बच्चों की भीड़ सुबह से ही देखी जा सकती हैं। यहां क्षेत्र में पानी की समस्या लगातार बढ़ते जा रही हैं। एकमात्र शनिचर बाजार सिरका शिव मंदिर के समीप यह बड़ा कुआ हैं, जो सभी को पानी की सुविधा उपलब्ध करवा रहा हैं। वर्तमान में गर्मी की शुरुआत में ही इस प्रकार का दृश्य आगे और वृहद होने का अनुमान हैं। इस संबंध में



यहां के युवा समाजसेवी रणधीर कुमार, रामाशीष प्रजापति ने बताया कि सिरका शनिचर बाजार के आस-पास लगभग 1500 से भी अधिक की आबादी कॉलोनी क्षेत्रों में रहती हैं। कॉलोनी क्षेत्रों के अधिकांश चापानल खराब हो चुके हैं। कॉलोनी के पाइप लाइन से आवश्यकता अनुसार पानी की भी आपूर्ति नहीं हो रही हैं। जबकि बीते करीब 4 दिनों से बिजली की आंख में चोली के कारण भी लोगों की परेशानी बढ़ी हैं। यही एकमात्र बड़ा कुआं हैं। जिससे यहां के बाल मंडली, शनिचर बाजार, मुंडा पट्टी के लोग पानी लेने पहुंचते हैं। लोगो ने बताया कि तीन जलमीनार पानी सुविधा के लिए लगे हैं। लेकिन ये काफी समय से खराब पड़े हैं। ये जलमीनार एक बाजार, दो मुंडा पट्टी में लगाए गए हैं। जबकि चांपानल एक बाजार, एक मुंडा पट्टी और एक बाल मंडली में लगा है।

## जयंत सिन्हा डीएमएफटी बैठक समेत अन्य कार्यक्रमों में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाजपा 11 अप्रैल 2023 को रांची में झारखण्ड सचिवालय का घेराव करने जा रही है। पूरे झारखण्ड से जनता व भाजपा कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे। माननीय सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के नेतृत्व में हज़ारीबाग व रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश से इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। दोनों ज़िलों से बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में शामिल होने रांची जायेंगे।

जयंत सिन्हा ने इस विषय में आज रामगढ़ में प्रेसवार्ता को



संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे रामगढ़ से इस प्रदर्शन की घोषणा करते हुए बेहद ख़ुशी हो रही है, क्योंकि रामगढ़ ने ही विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाकर देश में यह संदेश भेजा है कि अब झारखण्ड कि भ्रष्ट सरकार को हटाने का समय आ गया है।

जयंत सिन्हा ने कहा कि 11 अप्रैल को झारखण्ड के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब लाखों कार्यकर्ता रांची में जनता की आवाज़ को मुखरता से उठाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

इसके साथ ही जयंत सिन्हा ने रामगढ़ की डीएमएफटी बैठक की अध्यक्षता कर विकास कार्यो की समीक्षा कर अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रामगढ़ बस स्टैंड का भूमिपूजन किया। 4 करोड़ 38 लाख से इस आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण किया जायेगा। अंत में वे पतरातू में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस में शामिल हुए और उपस्थित सदस्यों व आमजन को संबोधित किया।

## बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमि पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर अंतर्गत बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्यो का शिलान्यास 5 अप्रैल 2023 को मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को बिरसा बस स्टैंड परिसर में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र श्री जयंत सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित अन्य ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित सभी को बताया कि डीएमएफटी के तहत बिरसा बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है जोकि जिलेवासियों को कई सुविधाएं देगा वहीं उन्होंने जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत लोगों बिरसा बस स्टैंड में उपलब्ध होने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से



जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के बगल में बसा रामगढ़ शहर अपने आप में खास है। अगर बात की जाए रामगढ़ शहर के बिरसा बस स्टैंड की तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बसों से बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल सहित अन्य राज्यों तक का सफर करते हैं। उपायुक्त के जनता दरबार सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों द्वारा बस स्टैंड रामगढ़ में सुविधाओं की मांग पर उपायुक्त ने विशेष ध्यान दिया एवं इस मामले को डीएमएफटी के न्यास परिषद में रखा गया। न्यास परिषद से अनुमोदन के उपरांत तीव्र गति से विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी कर बिरसा बस स्टैंड जीर्णोद्धार परियोजना का शिलान्यास मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा किया गया है।बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होंगी कार्यो के तहत बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ में यात्रियों के लिए दो डॉरमेट्री एवं वाहन चालकों एवं अन्य कर्मियों के लिए अलग से एक डोरमेट्री का निर्माण कराया जाएगा वही कार्य पूर्ण होने के उपरांत एक बार में बस स्टैंड में 16 बसें खड़ी हो सकेंगी वही बस स्टैंड में दो रेस्टोरेंट एवं 12 अलग-अलग किओस्क (छोटी-छोटी दुकानें) का संचालन किया जाएगा।जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ में यात्रियों के लिए क्लॉक रूम की सुविधा उपलब्ध होगी जहां यात्री अपने सामान को रखकर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। इन सबके अलावा उपायुक्त द्वारा गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को कई अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### संजय मेहता ने मुख्यमंत्री एवं डीजीपी को लिखा पत्र

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पुलिस महानिदेशक, पुलिस उप महानिरीक्षक, हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से संजय मेहता ने हजारीबाग, कोर्रा थाना कांड संख्या 53/23 की निष्पक्ष अनुसंधान करने की मांग की है। संजय ने पत्र में लिखा है कि कांड संख्या 53/23 में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 120 (क्ल), 186, 188, 153 ( ), 294, 295 ( ), 341, 342, 323, 324, 325, 307, 332, 333, 353, 504, 506. मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 52, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 की धारा 5, द बिहार कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट 1955 की धारा 2 के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। जिसमें 29 नामजद अभियुक्त बनाए गए हैं। साथ ही 150-200 अन्य अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस प्राथमिकी में जिस घटना का उल्लेख किया है उस घटना के दौरान जो व्यक्ति वहाँ मौजूद भी नहीं थे उनका नाम भी इस प्राथमिकी में जोड़ दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर इस तरह की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने जो आरोप लगाएं हैं वे भी बेबुनियाद हैं। पुलिस ने भ्रामक तथ्यों का उल्लेख प्राथमिकी में किया है।पुलिस के द्वारा दर्ज किए गए इस प्राथमिकी से निर्दोष लोग परेशान हैं। वे मानसिक तौर पर प्रताड़ित हो रहे हैं। पुलिस द्वारा इस तरह से बिना जाँच-पड़ताल, छानबीन के प्राथमिकी दर्ज कर लिया जाना पुलिस व्यवस्था के प्रति गहरी निराशा को भी जन्म दे रहा है। संजय ने मुख्यमंत्री समेत पुलिस पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस मामले की उचित निष्पक्ष अनुसंधान करते हुए निर्दोष व्यक्तियों का नाम इस केस से हटाया जाए।

### लोक नृत्य कार्यशाला सह उत्सव का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के साथ भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभाओं को निखारने एवं उनको बेहतर मंच प्रदान करने के लिए तरंग ग्रुप एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद ,युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत जिला स्तरीय 10 दिवसीय निःशुल्क लोक नृत्य कार्यशाला सह उत्सव का उद्घाटन शनिवार को प्रधान कैफेटेरिया स्थित सभागार में बतौर मुख्य अतिथि जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव , एपीओ परिमल कुमार के साथ समाजसेवी जितेंद्र सिन्हा,दीपक घोष, विनीत जैन,जेपी जैन ,डॉक्टर भैया असीम,पंकज सिन्हा,मनोज कुमार,उदय कुमार , प्रह्लाद सिंह, संजय तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए पंचानन उराव ने बताया कि हजारीबाग में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस जरूरत है उन्हें बेहतर मंच और मार्गदर्शन की और इस तरह के कार्यशाला का आयोजन मिल का पत्थर साबित होगी। दिनांक 7 अप्रैल को आयोजित अंतिम निबंधन कैंप में लगभग 150 प्रतिभागियों ने निबंधन करवाया । कार्यशाला में सभी प्रशिक्षुओं को झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। 10 दिवसीय कार्यशाला का समापन 16 अप्रैल को स्थानीय नगर भवन में प्रस्तावित है, जहां कार्यशाला में तैयार नृत्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के साथ कार्यशाला प्रशिक्षक सुनील कुमार सोनी, अपूर्वा बरडियार, रूबी राणा सदस्य स्वेता ,सालिनी ,शिवनी,स्वेता प्रिया,अमित कुशवाह,विक्रम कुमार, भारती सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्यों के साथ प्रशिक्षकों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## भंडारों पंचायत के सदर जहूर ने अपने घर पर किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के सदर जहूर ने अपने आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के विधानसभा अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम उपस्थित थे। मौके पर मोहम्मद कयूम ने कहा कि रमजान का पाकीजा महीना माना जाता है, इस महीने में खुदा रोजेदारों पर रहमतों का बारिश करता है, वही या महीना भाईचारे, और इंसानियत का पैगाम भी देता है, रोजा सिर्फ दिन भर भूखा रहने का नाम नहीं है, बल्कि या इंसान को इंसान से प्यार करना सिखाता है, रोजा गरीब भाइयों से मोहब्बत करने का जज्बा पैदा करता है, भूखे प्यासे रहकर



खुद का इबादत करने वालों के गुनाह माफ हो जाते हैं, यह माह साल के अन्य महीनों में जिंदगी जीने का एक नया प्रशिक्षण है, इससे इबादत कर खुदा की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर रोजेदार को एक नेक इंसान के व्यक्तित्व के लिए जरूरी हर बात की तरबियत देता है,पूरी दुनिया की कहानी भूख,प्यास और इंसानी ख्वाहिशों,के ईर्द-गिर्द घूमती है, रोजाना इन तीनों चीजों पर सब्र रखने का पैगाम है,रमजान में जरूरतमंदों की मदद विशेष तौर पर की जाती है, और जाकर की रकम से समाज के वंचित करीबी रिश्तेदारों और अन्य लोगों तक सहायता पहुंचाई जाती है, जिससे वह रमजान की इबादत के साथ-साथ ईद की खुशी में शामिल हो सके, वास्तव में मुसलमान नमाज तिलावत इतिहास इफ्तार व शहरी के द्वारा अल्लाह की खुशनूदी हासिल करने का प्रयास करता है।

## अनशनकारियों एवं डीवीसी के बीच बनी सहमति, आमरण-अनशन समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** कोनार डैम के बनने से पूर्व आज के कोनार डैम के बीचों-बीच परसा बेड़ा से विस्थापित परिवार के वंशजों ने अपने हकों-हुक़ूक़ के लिए 04 अप्रैल 2023 से 08 अप्रैल 2023 के करीब 12:30 बजे तक आमरण-अनशन में थे । आमरण अनशन पर बैठे महेंद्र प्रसाद महतो व सुरेश राम एवं तमाम विस्थापित ग्रामीणों के बीच डीवीसी पदाधिकारियों एवं अनशनकारियों के बीच वार्ता हुई ।सफल वार्ता में अनशनकारियों ने अपनी बातों का उल्लेख किया जिसमें परसाबेड़ा से विस्थापित 65 परिवारों के वंशजो को पंचायत जनप्रतिनिधियों से सत्यापित कराकर प्रपत्र 12 भरकर,15 अप्रैल 2023 प्रस्तुत करेंगे जिसे डीवीसी के द्वारा अपने पास उपलब्ध दस्तावेजो के आधार पर दिए गए प्रपत्रों की जाँच कर अंचलाधिकारी को सौपा जायेगा,20 अप्रैल तक अंचलाधिकारी अपने आधार पर जाँचकर प्रपत्रों को अग्रसारित करेंगे । साथ ही डीवीसी ने नावाटांड के ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि यथाशीघ्र उपायुक्त महोदया से आग्रह किया जाएगा कि विस्थापित परसाबेड़ा खतियान खोजने के लिए टीम गठन करने की



माँग की जायेगी । जिसे टीम गठन के पश्चात जिला अभिलेखागार में ना मिलने की दशा में टीम तत्कालीन बिहार राज्य अभिलेखागार पटना का भी दौराकर खतियान दस्तावेज खोजने का काम करेगी,तथा 2019 के आंदोलन के उपरांत बनी सहमति पर भी डीवीसी स्थानीय प्रबन्धन एवं सीसीआर विभाग नीतिगत समीक्षा के लिए मुख्यालय को अगले दस दिनों के भीतर अग्रसारित करेगी ।उपरोक्त बातों पर अनशनकारियों ने आमरण-अनशन के पाँचवे दिन अनशन समाप्ति की घोषणा की । इस मौके पर मुख्य रूप से चन्द्रनाथ भाई पटेल,जयप्रकाश सिंह पटेल,चंद्रशेखर पटेल,राजू महतो समेत सैकड़ो की संख्या में विस्थापित मौजूद थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# झामुमो के प्रखण्ड प्रवक्ता ने शोक व्यक्त किया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के कुटाम निवासी झामुमो के प्रखण्ड प्रवक्ता फखरुद्दीन राय ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक प्रकट कर श्रध्दांजलि दिया। कहा की झारखंड सरकार शिक्षा के मंत्री सह झामुमो के कद्दावर नेता थे। उसके आकस्मिक निधन पर पार्टी पर बेहद असर पड़ा है। आज हमलोग झामुमो पार्टी के दिग्गज नेता खो दिए है। जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का इलाज चेन्नई मे चल रहा था। गुरुवार को इलाज के दौरान उसका निधन हो गया।

# शौचालय का हाल बदतर दुर्गंध से परेशान मरीज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ। अस्पताल में बने शौचालय काफी गंदा एवं बदतर है। शौचालय में बना पैन का गन्दा पानी उपर ही तैर रहा है। सारा गन्दा ऊपर ही आ गया है। ऐसे मे मरीज जाए तो काहाँ जाए मजबूरन शौच करने बहार के तरफ रात के अंधेरे मे जाते है। शौचालय देख के ऐसा लगता है कि महीनों से इसकी साफ सफाई नहीं किया गया है। जिसके कारण आसपास के वार्ड में काफी दुर्गंध फैल रहा है। इस संबंध में डॉ प्रियंका कुमारी से पूछने पर उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए बताया की साफ तो अक्सर किया जाता है लेकिन मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण गंदा हो जाता है। दूसरी ओर साफ सफाई पर सरकार द्वारा काफी खर्च दिखाया जा रहा है। इस अस्पताल का शौचालय टंकी वर्षो से सफाई नहीं किया गया है जिसका परिणाम मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

# यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण



**बरकट्ठा (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी चट्टी बरियातू खनन परियोजना के सौजन्य से यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया। मौके पर यक्ष्मा जिला पदाधिकारी राजकिशोर जयसवाल,एनटीपीसी के अनिल कुमार गुप्ता, चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी मुख्य रूप से मौजूद थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यक्ष्मा जिला पदाधिकारी राजकिशोर जयसवाल ने कहा कि यक्ष्मा मरीजों को घबराना नहीं चाहिए।नियमित दवा का सेवन से और पौष्टिक आहार लेने यक्ष्मा रोग से मुक्ति मिल सकती है।

# बंद घर को चोरो ने बनाया निशाना नगद, जेवर व समान चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के करंज टोली गांव में बेड़ो पाकलमेडी सड़क किनारे स्थित बंद घर का शुक्रवार की ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने सोना चाँदी के जेवर,नगदी, बर्त्तन व समान चोरी कर ली। घटना की रात गृह स्वामी आशीष महतो अपनी पत्नी नेहा देवी व दोनो बेटा सहित पूरे परिवार सहित रांची उपचार कराने गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। ताला तोड़ कर चोर उनके घर में प्रवेश कर गए और घर के अलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवरातों के अलावा नगद पचास हजार रुपए लेकर फरार हो गये। साथ ही पीतल व कांसा के बर्तन, कपड़ा जिसमें जिंस, साड़ी व बच्चों के कपड़ा चोर चोरी कर ले गए। आशीष ने बताया कि शनिवार की सुबह में उनके घर के बगल के लोगों ने उन्हें दुरभाष पर बताया कि घर दरवाजा खुला हुआ है। उन्होंने अपने पिता सूरजदेव महतो और जीजा नवदीप महतो को सूचना दिया। जब दोनो आशीष के घर पहुंचे तो घर के दरवाजे में लगे ताले टूटे मिले। साथ ही घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था।



# सरना झंडा के अपमान के विरोध में किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** शनिवार को सरना झंडा के अपमान में झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज ने ओरमांझी के शास्त्री चौक में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।बीते दिनों लोअर करमटोली में असामाजिक तत्वों व भू माफियाओं द्वारा सरना झंडा को उखाड़ कर फेंके जाने व जला देने के विरोध में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। सड़क जाम किए जाने पर रांची रामगढ़ मुख्य सड़क पर लंबी कतारें लग गई। और सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी किया गया। मौके पर स्थानीय प्रशासन ने लोगों को समझा बुझाकर जाम हटाया गया। सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने का नेतृत्व सरना पड़हा समझ के अध्यक्ष प्रो प्रेमनाथ मुंडा कर रहे थे।सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने मेंमुख्यरुप से अध्यक्ष प्रो प्रेमनाथ मुंडा, बालक पाहन, हरिलाल मुंडा, तुलसी खरवार,अध्यक्ष बाबूलाल महली आदिवासी 22 पड़हा संजय तिर्की, सुनील उरांव, समुंदर पाहन,सफीउलाह, जगमोहन मुंडा, गुदी सिंह मुंडा,सोनाराम मुंडा, सफीक, रवि मुंडा, दिनेश उरांव, पम्मी मुंडा, अंकिता मुंडा, प्रमिला मुंडा,अर्जन मुंडा, उमेश उरांव,जतरू बेदिया के अलावा समाज के सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# इंजीनियर बनने का राह हुआ आसान, 40 लाख की छात्रवृत्ति योजनाओं के साथ शुरू हुआ नामांकन

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आप अपने बच्चों को इंजीनियर बनाना चाहते हैं और एक साथ फीस जमा नहीं कर सकते हैं, तो यह खबर आपके लिए हैं। पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज वैसे अभिभावकों और छात्रों की तमन्ना पूरी करने के लिए तकनीकी शिक्षा को और भी सुविधाजनक बना दिया है। तकरीबन 40 लाख की योजना के साथ शैक्षणिक सत्र शुरू करने जा रही है। जिसमें अलग-अलग कोर्स के लिए निर्धारित राशि को किस्तों में जमा करने की सुविधाएं भी हैं। इसके अलावा छात्रों को निःशुल्क या कम खर्च पर किट्स की सुविधाएं दी गई है। पॉलिटेक्निक के निदेशक अभिजीत कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के लिए अब छात्रों को पाकुड़ से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आर्थिक कमजोरी पढ़ाई में बाधक नहीं बनेगा। उन्होंने बताया कि सत्र 2023-24 में नामांकन के लिए संस्थान ने छात्रों के हित में कई फायदेमंद योजनाएं लेकर आई है। अभिभावक आसानी से बच्चों को तकनीकी शिक्षा जिला में ही दे सकेंगे।

# फेस संस्था के वर्ड पावर चैंपियनशिप कार्यक्रम में नन्हे छात्रों ने दिखाया दम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** स्वयंसेवी संस्था फेस की ओर से डायस भवन में शनिवार को वर्ड पावर चैंपियनशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीडीसी डॉ. शाहिद अख्तर,एसडीओ हरिवंश पंडित,एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं प्रोफेसर त्रिवेणी प्रसाद भगत शामिल हुए।उक्त कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए संस्था विभा और एलएफडब्लू कि टीम की कड़ी मेहनत और लगन से कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।जिसमें चयनित नन्हे छात्र-छात्राओं के बीच अंग्रेजी शब्दों के स्पीकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में स्क्रीन पर अंग्रेजी शब्दों को प्रदर्शित कर छात्रों से निर्धारित समय पर उच्चारण करना था। इसमें भाग लेने वाले नन्हे छात्र-छात्राएं तय समय पर स्क्रीन पर एक के बाद एक आ रही अंग्रेजी शब्दों का उच्चरण करते गए। प्रतियोगिता में सफल होने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।वहीं छात्रों के द्वारा स्क्रीन पर अंग्रेजी शब्दों का फटाफट उच्चारण से अतिथि एवं तमाम मौजूद लोग अचंभित रह गए।अतिथि एवं मौजूद लोगों ने छात्रों का तालियों से उत्साह बढ़ाया।फेस संस्था की सचिव रितु पांडेय ने बताया कि बच्चों का क्लास जैसे-जैसे बढ़ता जाता है,अंग्रेजी भाषा की मांग बढ़ती है।अंग्रेजी विषय में छात्रों को मजबूत बनाने के लिए शुरुआती दौर में ही मजबूत बनाना जरूरी है।नींव मजबूत होने से आगे चलकर दिक्कत नहीं होगी। पिछले डेढ़ साल से 135 स्कूलों में 135 छात्रों का चयन कर उन्हें अंग्रेजी विषय में शिक्षा दी गई। अंग्रेजी शब्दों का ज्ञान दिया गया। आज के इस प्रोग्राम के जरिए यह देखना था कि छात्रों ने अब तक क्या सीखा। यह एक तरह से परीक्षा भी कह सकते हैं। जिसमें छात्रों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। जिस तरह छोटे-छोटे बच्चे स्क्रीन पर अंग्रेजी शब्दों को पढ़कर फटाफट उच्चारण कर रहे हैं, यह वाकई में प्रशंसनीय हैं।आगे चलकर छात्रों को अंग्रेजी विषय में पढ़ाई करने में सुविधा होगी।इस तरह आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ेगा।अंग्रेजी सीखने की ललक बढ़ेगी।फेस संस्था छात्रों के भविष्य को लेकर हमेशा गंभीर रहा है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 669 दिनांक 27.03.2023 एवं पत्रांक 702 दिनांक 31.03.2023 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/GUMLA/47/2022-23 जिसका पी0आर0 नं0 क्रमशः PR No. 293749 Rural Development (2022-23)_D एवं 294110 (Rural Development) 22-23 (D) है, के कंडिका 7 में आंशिक संसोधन करते हुए निविदा खोलने का स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला पढ़ा जाय।

अन्य कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0वि0वि0 प्रमण्डल, गुमला

PR 294657 (Rural Development)23-24*D

# विभावि दर्शनशास्त्र विभाग में अभिभावक शिक्षक मंत्रणा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शनिवार को दर्शनशास्त्र विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में पैरंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र बरई ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ यामिनी सहाय, डॉक्टर अमित कुमार सिंह, प्राध्यापक विजय कुजूर थे। मंत्रणा में डॉ सहाय ने शिष्टाचार एवं समयनिष्ठता पर बल दिया,वहीं डॉ सिंह ने सभी चीजों को एक साथ लेकर, मिलाकर चलने की बातें कही तथा किसी भी कार्य को सच्चे और खुशी मन से करने की प्रेरणा दी। इसी प्रकार अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को अनेक मूल्यवान तथ्यों से अवगत कराया। सभा को सम्बोधित करते हुए शोधकर्ता के रूप में गंगा कुमार दास, अमित रंजन, अनिल कुमार दास, आइशा फातमा ने विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया। सभा के संबोधन में विभिन्न जगहों से आए आगंतुको व अभिभावको ने भी अपनी बात कही। इस पैरंट टीचर मीटिंग में सेमेस्टर - 4और सेमेस्टर 2 के विद्यार्थियों ने अपना अनुभव शेयर किया। किसी भी बच्चे की प्रथम शिक्षक उसके माता-पिता होते हैं तथा शिक्षा की महत्ता समेत विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। मंच का संचालन शोधार्थी गंगा कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के ठोस बिंदुयों को समेटते हुए सभा का समापन डॉ अमित कुमार सिंह ने किया।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA-835207,

E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

**Corrigendum**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR 293469 Road (22-23)*D** द्वारा प्रकाशित पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur-Mahuadarn upto Dumri Road (MDR-36) (Total Length-11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

Sd/-
Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla

PR 294635 Road(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन.आर.ई.पी.), चतरा ।

**Email Add: nrepchatra@gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

1. एन॰ आर॰ ई॰ पी॰, चतरा DMFT योजना अन्तर्गत् ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–**EE/NREP/CHATRA/11/2022-23**, दिनांक–18.03.2023, है तथा **P.R. No.** 293065 (**NREP**) 22–23 (**D**) जिसकी वेबसाइट ई–निविदा प्रकाशन की तिथि 01.04.2023, प्राप्ति की अंतिम तिथि 08.04.2023 अपराह्न 05.00 बजे तक, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमयः– 10.04.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक तथा ई–निविदा खोलने की तिथि 11.04.2023 है जिसमें ग्रूप संख्या 16 से 23 तक की तिथि में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–
2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.04.2023
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमयः– 18.04.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.04.2023 पूर्वाह्न 2.00 बजे।
6. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 294684 NREP(23-24)D

## कार्यालय
## जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।
### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वर्श 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत गुमला जिले में भारतीय मेजर कार्प मत्स्य स्पॉन, कॉमन कार्प एवं फ्राईकैंचिंग नेट/जाल की आपूर्ति हेतु हैचरी संचालक, मत्स्य स्पॉन उत्पादक सह आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | योजना का नाम | जिला | कार्य का नाम | अधिकतम दर राशि | डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना | गुमला | गुमला जिले में मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन आपूर्ति हेतु | 550/–रू0 प्रति लाख | 80000=00 |
| 2 | | | गुमला जिले में फ्राईकैचिंग नेट आपूर्ति हेतु | 2000/–रू0 प्रति ईकाई | 15000=00 |

निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :–

1. निविदा का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।
2. निविदा की राशि – स्पॉन 36.38 लाख (अनुमानित) एवं जाल का राशि – 06 लाख रू0 मात्र (अनुमानित)
3. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 20.04.2023 एवं 1.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 20.04.2023 एवं 1.30 बजे अपराहन् क्रमशः सर्वप्रथम स्पॉन, पश्चात् जाल की निविदा खोली जाएगी।
6. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
7. दिनांक 20.04.2023 को अपराहन् 1.30 बजे, उपायुक्त महोदय, गुमला द्वारा गठित समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला के कार्यालय कक्ष मे निविदा खोली जाएगी ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
गुमला ।

PR 294667 Fish(23-24)D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE (DIRECTORATE OF SOIL CONSERVATION)

Jharkhand Agriculture Machinery Testing & Training Center (JAMTTC), 4th Floor Room No. – 403, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008
Telephone- 06513583258
e-mail - edjamttc@gmail.com, website - www.jamttc.org

**संशोधित विज्ञापन PR NO. 294537 Agriculture(23-24):D**

**मिनी ट्रैक्टर के परिचालन, पावर टीलर, पम्पसेट अन्य कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति एवं रख–रखाव हेतु एक माह का निःशुल्क आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।**

**SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME**

झारखण्ड राज्य में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य सहायता समूहों को विगत कई वर्षो से कृषि उपकरण बैंक की स्थापना अन्तर्गत ट्रैक्टर/मिनी ट्रैक्टर, ट्रैक्टर चालित यंत्र, पावर टीलर, रीपर, पम्प सेट, राईस हॉलर, कल्टीवेटर, डिक्स हैरो, सीड ड्रील कम फार्टिलाईजर इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है परन्तु स्थानीय स्तर पर कृषि यंत्रों के मरम्मति के अभाव में अधिकांश कृषि यंत्र का समुचित उपयोग में कठिनाई हो रहा है। संबंधित निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा मिस्त्री एवं मेकेनीक की उपलब्धता सभी प्रखण्ड एवं ग्राम स्तर पर सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। विशेषकर वांरटी अवधि में भी मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रासप्लाटर, पम्प सेट, राईस हॉलर इत्यादि की सभी आवश्यक सर्विसींग ससमय होने में कठिनाई हो रही है।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन कार्यरत संस्था ''जेएएमटीटीसी, राँची'' द्वारा कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति, परिचालन एवं रख–रखाव हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में तत्काल 30 बांछित तकनीकी योग्यता वाले झारखण्ड राज्य के नवयुवको को एक माह (30 दिन) का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है।

| क्र0 | प्रस्तावित तिथि | प्रशिक्षणार्थियों की प्रस्तावित संख्या |
|---|---|---|
| 01 | 12.04.2023 से 11.05.2023 तक | 30 |

मिनी ट्रैक्टर के परिचालन, पावर टीलर, पम्पसेट अन्य कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति एवं रख–रखाव हेतु एक माह का निःशुल्क आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमसे संबंधित एक माह का निःशुल्क आवसीय प्रशिक्षण'' झारखण्ड राज्य के युवकों को दिया जाना है। प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक जिला से वैसे युवक का चयन किया जाना है जो वरियतः आई0 टी0 आई0/पॉलटेकनीक से फीटर/मैकेनीकल इंजीनियरींग/आटोमोबाईल इंजीनियरींग/कृषि इंजीनियरिंग में डिग्री/डिप्लोमाधारी या समकक्ष तकनीकी योग्यताधारी हो।

चयनित प्रशिक्षणार्थी को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर (फोन) के माध्यम से सूचित किया जायेगा जिनको निर्धारित तिथि 12.04.2023 को निम्न पते पर उपस्थित होना होगा।

**प्रशिक्षण केन्द्र का पता–जेएएमटीटीसी, राँची, ई0 टी0 सी0 परिसर, काजू बगान, हेहल,**
**(सामने जुनियर डी0 ए0 वी0 स्कूल, हेहल) राँची, पीन कोड–834005**

किसी प्रकार की विशेष जानकारी हेतु जेएएमटीटीसी कार्यालय दुरभाष 06513583258 या मोबाईल सं0 9144442809/7870473118 (केवल पूर्वाहन् 10.30 बजे से संध्या 05.00 बजे तक) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः प्रशिक्षण हेतु इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला उद्यान पदाधिकारी से अनुशंसा कराते हुए सादे कागज पर अपने आवेदन में अपना नाम, पिता का नाम, ग्राम, पोस्ट, थाना, जिला, मोबाईल नम्बर, आधार संख्या, तकनीकी योग्यता के साक्ष्य प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो के साथ आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन को संबंधित जिला के उक्त पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा कराते हुए या कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जेएएमटीटीसी, राँची, कृषि भवन, कांके रोड, राँची–834008 को डाक से या सीधे email - edjamttc@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

ह0/–
कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण)
जेएएमटीटीसी, राँची।

PR 294613Agriculture(23-24)#D

# क्षत्रिय दहेज उन्मूलन समिति महासभा का 97वां अधिवेशन आज से

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कटियोन में तीन दिवसीय क्षत्रीय दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वाँ अधिवेशन आज से शुरू हुआ। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, धनबाद आदि जिलों से क्षत्रिय बंधु शामिल हो रहे है। सबसे पहले क्षत्रिय धर्मशाला वीर कुंवर सिंह रोड बरही में एकत्रित होकर सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल एवं कार के साथ बरही चौक आए। बरही चौक पर अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया गया। जिसके बाद डूमरडीह होते हुए कार्यक्रम स्थल कटियोंन पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुवात झंडोत्तोलन कर किया गया। होने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन के लिए कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह को नियुक्त किया गया, जिन्हे पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ हीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह संरक्षक अवधेश कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान एवं समस्त पदाधिकारियों को पगड़ी एवं माला बनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि क्षत्रिय महासभा के उत्थान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। युवा अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि आज वक्त आ गया है कि संपूर्ण क्षत्रिय समाज एक मंच पर आए, ताकि समाज की एकता व अखंडता का नया अध्याय जुड़ सके। इस दौरान उन्होंने समाज में फैल रही कुरीतियों पर अंकुश लगाने और समाज को संगठित करने पर, दहेज मुक्त समाज एवं मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज से दूर किये जाने की बात कही। मौके पर बिहार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा प्रमंडलीय अध्यक्ष राज सिंह चौहान, संरक्षक अवधेश सिंह, पंसस विकास सिंह, तीन दिवसीय कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, संरक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, सदस्य दिगंबर सिंह, सुजीत सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, शिक्षक संजय सिंह, मिथिलेश सिंह शामिल है।

## कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती सूचना (3rd Call)**

**कुडू बस स्टैण्ड एवं कुडू हाट**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिला परिषद् के नियंत्राधीन बस स्टैण्ड एवं हाट की बन्दोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथियों को की जायेगी:–

| क्र0 | बस स्टैण्ड/हाट का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कुडू बस स्टैण्ड | 37,15,650/- | 371565/- | 15.04.2023 | अपराह्न 03:00 बजे |
| 2 | कुडू हाट | 16,68,650/- | 166865/- | 15.04.2023 | अपराह्न 03:30 बजे |

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 4 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो तथा संबंधित अंचल अधिकारी या उच्च स्तर से निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र डाक के पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवम् शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले की वेबसाइट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 294646 Lohardaga(23-24)D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग
## जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301

Email Id - deo_hazaribagh@rediffmail.com

**विज्ञप्ति संख्या–02/2023–24**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1018 दिनांक– 31.03.2023 के आलोक में Cont. No. 000612/2022 in Civil Appeal (C) No. 4044 of 2022 Soni Kumari Vrs. K.Ravi Kumar में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–15.12.2022 को पारित न्यायादेश की कंडिका–3 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के पत्रांक–353 दिनांक–17.03.2023 द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु हजारीबाग जिले के लिए निम्नांकित 14 अभ्यर्थियों की अनुशंसा प्राप्त हुई है :–

| Sl. | Subject | Roll No. | Candidate Name | Fathers Name | Date of Birth | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Economics | 30119276281 | Mukesh Kumar | Debnath Mahto | 08.08.1988 | BC2 |
| 02 | English | 19115186573 | Lilesh Kumar Prajapati | Chetlal Prajapti | 07.10.1989 | EBC1 |
| 03 | English | 16138175023 | Arun Kumar | Tokhnarayan Sahu | 21.08.1980 | EBC1 |
| 04 | Geography | 17115179472 | Santosh Pandit | Munshi Pandit | 17.02.1989 | EBC1 |
| 05 | Geography | 25116220857 | Niraj Kumar Pal | Ashok Kumar | 05.02.1975 | EBC1 |
| 06 | Geography | 12113129605 | Birendra Kumar | Dhenshwar Mahto | 20.12.1984 | EBC1 |
| 07 | Geography | 13116133212 | Ram Prawesh Saw | Gorakh Saw | 10.01.1980 | BC2 |
| 08 | His/Civ | 28169262042 | Sunita Kumari | Krishna Prasad Mehta | 12.01.1987 | BC2 |
| 09 | His/Civ | 28136245568 | Binod Kumar | Bangali Ravidas | 09.12.1980 | SC |
| 10 | Math/Phy | 11122119308 | Bablu Kumar | Moti Saw | 11.09.1984 | EBC1 |
| 11 | Physical Edu | 22116207894 | Sudhir Kumar Mehta | Sarju Prasad Mehta | 10.10.1988 | BC2 |
| 12 | Urdu | 15121160478 | Rukhsana Perween | Md Shamim | 24.11.1977 | EBC1 |
| 13 | Urdu | 29116271787 | Jasmeen Ara | Asfaque Ahmad | 09.11.1979 | UR |
| 14 | Urdu | 13113131933 | Imrana Khatun | Taj Muhammad | 07.01.1985 | EBC1 |

उक्त सभी अभ्यर्थियों के सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति, आवासीय आदि प्रमाण पत्रों की वैधानिक स्थिति एवं मान्यता आदि के संबंध में जांच हेतु उपायुक्त, हजारीबाग के निदेशानुसार दिनांक–12.04.2023 को छान–बीन/भौतिक जाँच (Counselling) की तिथि निर्धारित की गयी है।

सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि **दिनांक–12.04.2023 को अपराह्न 12:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, हजारीबाग** में आयोजित छान–बीन/भौतिक जाँच (Counselling) में निम्नलिखित अभिलेख (मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो फोल्डर में) के साथ सम्मिलित होंगे :–

1. प्रवेश–पत्र।
2. शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चतर योग्यता तक)।
3. प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र। (बी0एड0) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
4. आवासीय प्रमाण पत्र।
5. जाति प्रमाण पत्र।
6. आधार/पैन/वोटर आई0डी0 एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
7. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांगता कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।
8. अनापत्ति एवं अनुभव प्रमाण पत्र (प्राथमिक शिक्षक कोटा से चयनित अभ्यर्थियों के लिए)।

निर्धारित तिथि को आयोजित छान–बीन/भौतिक जाँच (Counselling) में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 294702Hazaribag(22-23)#D

## अनियंत्रित कार ने सफाई गाड़ी को मारी टक्कर, चालक फरार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को अहले सुबह एक अनियंत्रित कार ने उपायुक्त आवास के समीप नगर निगम के सफाई गाड़ी को टक्कर मारते हुए फुटपाथ से जा टकराई। दुर्घटना के बाद मौके से गाड़ी चालक फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार केंदुआ के रहने वाले कोई व्यक्ति अपनी मारुती सुजुकी गाड़ी संख्या JH09AK 3454 से स्टेशन होते हुए सिटी सेंटर की ओर जा रहा था। उपायुक्त आवास के समीप चालक को अचानक नींद आ गई और गाड़ी अनियंत्रित होकर फुटपाथ से टकरा गई। हालांकि टक्कर में किसी भी प्रकार की कोई हताहत की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना सदर थाना को दी गई है। घटना की सूचना पाकर सदर थाना की गश्ती दल मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को थाने ले गई।



## 20 शराब भट्ठियों को किया गया ध्वस्त

### उत्पाद विभाग ने मुफस्सिल पुलिस के साथ मिलकर की संयुक्त कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह उत्पाद विभाग की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गडरमा गांव में छापेमारी कर अवैध महुआ शराब की 20 भट्ठियों को नष्ट कर दिया है। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह मुफस्सिल थाना की पुलिस के सहयोग से टीम में गडरमा गांव में छापेमारी की। टीम को देखते ही भट्ठी संचालक और कामगार भागने में सफल रहे। इस दौरान बीस शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गाया। मामले में गडरमा गांव के ही लगभग बीस कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एएसआई प्रमोद कुमार बताया कि अवैध शराब भट्ठियों के पास से शराब बनाने की कई सामग्री जब्त की गई है। छापेमारी दल में एएसआई प्रमोद कुमार के अलावा मुफस्सिल थाना के एएसआई मनीष कुमार, सरिता मुर्मू, रामवचन यादव, श्याम किशोर प्रसाद, जय शंकर चौधरी, भगवान राय, जयदेव यादव और सुरेंद्र यादव सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।



## झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन व केंद्रीय सहायता समिति ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति ने सभापति सह माननीय विधायक जामताड़ा, इरफान अंसारी की अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर माननीय सभापति ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभापति ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को गति देने तथा सभी जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कृतसंकल्पित है। गर्मी की मौसम को देखते हुए उन्होंने जिले में किसी प्रकार से पेयजल और बिजली की समस्या उत्पन्न नहीं हो, पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रदूषण बोर्ड के पदाधिकारी से जिले में संचालित उद्योगों के प्रदूषण सर्टिफिकेट, नदियों के पानी की क्वालिटी की जानकारी ली तथा विभिन्न विभागों में आंतरिक संसाधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की। सभापति ने कहा कि विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन में सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में गत वित्तीय वर्ष में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए राजस्व संग्रह की समीक्षा समिति द्वारा की गई।

## एनएसयूआई ने की बीएसके मैथन कॉलेज के परीक्षा केंद्र बदलने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार एनएसयूआई ने बीएसके मैथन कॉलेज के परीक्षा केंद्र बदलने की मांग की है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत यूजी सेमेस्टर 5 की परीक्षा की शुरुआत 11 अप्रैल से होने को है जहां बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र वर्तमान में केके टीटी कॉलेज गोविंदपुर निर्धारित की गई है। जिला सचिव मनीष झा एवं बीएसके मैथन कॉलेज के उपाध्यक्ष शाहबाज हुसैन ने कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात की। साथ ही मांग पत्र देते हुए कहा है कि बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र केके टीवी कॉलेज गोविंदपुर निर्धारित की गई है जोकि हमारे कॉलेज से काफी दूरी पर है तथा मैथन कॉलेज में बहुत से विद्यार्थी बंगाल से भी आते हैं। ऐसे में उन विद्यार्थियों का समय पर अपने परीक्षा केंद्र पहुंचना एवं छात्राओं को अंधेरा होने से पूर्व अपने घर पहुंचने में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिसे ध्यान में रखते हुए एनएसयूआई यह मांग करती है कि परीक्षा शुरू होने से पूर्व मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र किसी नजदीकी कॉलेज को बनाया जाए।

## कलश यात्रा के साथ महायज्ञ आरंभ

**सरिया(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया अंतर्गत निमाटाँड मे शनिवार को श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत मूल परायण महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर 170 कन्याओं ने उतरवाहिनी राजदह धाम से जल उठाकर वापस यज्ञ मंडप को पहुँचा, वहीं यज्ञ मे लगातार 9 दिनों तक कथा वाचक शत्रुघ्न पांडेय, एवम कथावाचिका जयंती शास्त्री के द्वारा प्रवचन एवम वृंदावन से आये टीम के द्वारा रासलीला का आयोजन होना है। इस मौके पर मुख्य रूप से जीप सदस्य श्री अनूप कुमार पांडेय, पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, दशरथ पुजारी,मुखिया संगीता कुमारी, पंसस चंद्रिका सिंह, सोनी कुमारी, सुरेश भारती, झरी पंडित, अशोक कु शर्मा, राजकुमार वर्मा, रामेश्वर शर्मा, अनिल शर्मा, सीताराम महतो, रंजीत शर्मा, बीरेंद्र यादव, दिनेश यादव, भोला पांडेय, उमेश वर्मा, सरयू महतो, रामप्रसाद महतो, शंकर वर्मा, सुखदेव महतो, आशीष, संतोष, राजेंद्र, थानु गोप, मेघन गोप सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।



## जवाहर बाल मंच के कोऑर्डिनेटर बने आसिफ इकबाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जवाहर बाल मंच, धनबाद का विस्तार करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर साहिर खान ने वासेपुर निवासी समाज सेवक आसिफ इकबाल को झरिया और धनबाद विधानसभा क्षेत्र का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया। श्री खान ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है की आसिफ इकबाल जवाहर बाल मंच की नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए राहुल गांधी जी और मल्लिकार्जुन खड़गे जी के हाथों को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अजय पांडे, संतोष राय, निसार अहमद, विशाल राउत तथा अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने धनबाद-बंधुआ खंड का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद श्री कमल किशोर ने धनबाद मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 07.04.2023 को धनबाद - बंधुआ खंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की साफ सफाई और समग्र स्थिति, ट्रेन की सवारी की गुणवत्ता विशेष रूप से पॉइंट और क्रॉसिंग पर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के कार्य की प्रगति, ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स (टीजीआई) में सुधार, स्तर की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर का मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मार्ग में क्रॉसिंग फाटक आदि का अवलोकन किया गया। साथ ही सलाह दी गई कि सभी सुरक्षा संबंधी कार्य जैसे स्लीपर नवीनीकरण, रेल नवीनीकरण, गिट्टी की गहरी स्क्रीनिंग और रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) कार्यों को लक्षित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। मंडल रेल प्रबंधक ने यह भी सलाह दी कि ट्रैकमेन रेस्ट विकसित करके ट्रैकमेन और अन्य फील्ड कर्मचारियों की कार्य स्थिति में सुधार किया जा सकता है।



डीआरएम ने अपने साथ गए अधिकारियों को गझंडी में पुराने परित्यक्त ढांचों जैसे केबिन आदि को प्राथमिकता के आधार पर तोडने् के भी निर्देश दिए। डीआरएम ने बासकटवा हाल्ट स्थित रेलवे क्वार्टर बनाने के भी निर्देश दिए। कोडरमा - गुरपा सेक्शन के बीच सुरंग नंबर 1 का भी निरीक्षण किया गया। पहाड़पुर स्टेशन, बंधुआ स्टेशन पर भी निरीक्षण हुआ। मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद श्री कमल किशोर निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, एप्रोच रोड आदि पर ध्यान दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने शुक्रवार को अपनी यात्रा के दौरान ट्रैक, घुमाव पुल पॉइंट और क्रॉसिंग, सिग्नलिंग और अन्य सुरक्षा पहलुओं की भी जांच की।

## सवाना बीज कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्र में किया किसान गोष्ठी का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के सरिया प्रखंड क्षेत्र के बागोडीह गांव में सवाना बीज कंपनी के टेट्री मैनेजर बबलु वर्मा के नेतृत्व में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया ।वही टेट्री मैनेजर ने ग्रामीणों को बताया कि सावा स्मार्ट धान सावा 300 के बारे मे बताया गया साथ ही विजेता 100 के बारे में बताया गया। वहीं गांव के सावा मित्र बालेश्वर राम ने कहा कि हम पिछले साल धान लगाए थे जो अन्य धान से सावा 300 काफी उपज हुआ और खाने मे स्वादिष्ट लगा और कम पानी मे अच्छा उपज दिया । वही उन्होंने लोगो से अपील किया कि सावा 300 ही लगाए ओर अच्छी उपज के साथ साथ अच्छा स्वाद भी है । मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा इस साल स्मार्ट धान को लगाएंगे। वमौके पर उपस्थित कुशवाहा बीज़ भंडार सरिया के प्रोश्र सुरेस प्रसाद कुशवाहा क्षेत्र अधिकारी उमेश कुमार, किसान विवेक कुमार, गणेश मिस्त्री, सोनिया देवी इत्यादि लोग मौजूद थे।



## डॉ. उर्मिला सिन्हा को दी गई भावभीनी व अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि, श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव बैभव सिन्हा एवं डॉ. गौतम सिन्हा की माँ, प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. उर्मिला सिन्हा का श्रद्धांजलि सभा सह ब्रहमण, मित्र, कुटुम्ब भोज का आयोजन उनके निवास स्थान धैया स्थित व्हाइट हाउस मे हुआ। शहर के हज़ारों गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर स्वर्गीय डॉ. उर्मिला सिन्हा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा अपनी श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी एवं अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो की डॉ. उर्मिला सिन्हा का निधन 27 मार्च 2023 को हो गया था। कार्यक्रम मे कई दलों के नेता, मंत्री, अधिकारी सहित सभी धर्म के लोगों ने उपस्थित हो कर सिन्हा परिवार को ढाँढस बंधाया। वहीं मौके पर टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी रजनीश कुमार एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ भी शोकाकुल सिन्हा परिवार से मिल उन्हें सांतावना दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना भी की।

## धनबाद पुलिस कर रही प्रिंस खान पर इनाम की समीक्षा, जल्द बढ़ेगी राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अंतरराष्ट्रीय अपराधी बनने की दहलीज पर पहुंच चुके धनबाद वासेपुर के कुख्यात प्रिंस खान के सिर पर महज पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। धनबाद पुलिस प्रिंस खान पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाने पर विचार कर रही है। समीक्षा के बाद एक दो दिनों में पुलिस मुख्यालय को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा जाएगा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह तक इनाम की राशि बढ़ा दी जाएगी। प्रिंस खान के विदेश भागने की पुष्टि के बाद धनबाद पुलिस रेस हैं। धनबाद पुलिस के साथ साथ एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) और सीआईडी भी प्रिंस खान और उसके भाई गोपी खान को दबोचने में जुटी है। प्रिंस के पासपोर्ट की इंट्री से सुरक्षा एजेंसियों को पक्की सूचना है कि वह दुबई में है। इधर, सीआईडी की रिपोर्टिंग के आधार पर प्रिंस खान के पासपोर्ट को रद्द किया जा चुका है।



**प्रिंस खान के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी**

झारखंड सीआईडी ने इस संबंध में सीबीआई दिल्ली से पत्राचार किया है। प्रिंस खान से जुड़े अपराध का पुलिंदा सीबीआई को भेजा जा चुका है। रेड कार्नर नोटिस के लिए सीबीआई प्रस्ताव तैयार कर इंटरपोल को सौंपने की तैयारी में है। एक सप्ताह से 10 दिनों के अंदर प्रिंस खान को भारत का भगोड़ा घोषित करते हुए उसके खिलाफ 192 देशों व उन देशों के एयरपोर्ट पर रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद इंटरपोल की सहायता से प्रिंस खान को दुबई में ही पकड़ने के प्रयास शुरू होगा।

**बढ़ाया जाएगा इनामी राशि**

प्रिंस खान के सिर पर 50 हजार रुपए से एक लाख रुपए इनाम रखने की तैयारी है। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर धनबाद पुलिस मुख्यालय को भेजेगी। मुख्यालय से मुहर लगते ही इनाम की राशि बढ़ा दी जाएगी।

## मिजिल्स रुबेला अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर रैली 11 अप्रैल को

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिविल सर्जन के द्वारा जानकारी दी गई कि मिजिल्स रुबेला के सफल क्रियान्वयन को जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उचित प्रयास किए जा रहे हैं। साथी ही साथ प्रचार प्रसार के माध्यम से व्यापक तौर पर विभिन्न प्लेटफार्म, पोस्टर, फ्लेक्स तथा बैठकों के माध्यम से सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसके अलावा सिविल सर्जन ने बताया कि 12 अप्रेल से अगले 1 माह तक मिजिल्स रुबेला अभियान मनाया जाना है जिसमें 9 माह से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों को मिजिल्स रूबेला का टीका लगाया जाना है। जिसके सफल क्रियान्वयन तथा प्रचार प्रसार को लेकर 11 अप्रैल 2023 को उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सुबह 7–30 बजे से रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 1500 से 2000 तक बच्चें की उपस्तिथि सुनिश्चित की जानी है। रैली का आयोजन झंडा मैदान से ट्रेंड्स मॉल होते हुए रीतलाल वर्मा चौक से मकतपुर चौक और कालीबाड़ी चौक होते हुए टावर चौक से झंडा मैदान तक जाएगी।

## मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर राजा दास ने जताया शोक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के अकास्मिक निधन पर सरायढेला निवासी राजा दास ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दुःखद घटना है। झारखंड में शिक्षा को बेहतर करने के लिए इनके द्वारा उल्लेखनीय कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही 1932 खतिहान को लागु करने के लिए और इस आंदोलन को युवाओं में जोश भरने का काम किए थे।

## महिलाओं ने रैली निकाली



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के अंतर्गत कटनीया पंचायत के महिला ग्राम संगठन समिति द्वारा पंचायत सचिवालय से गांव में मँझलीटांड़, बरवाडीह, करमाटांड़ मिर्जापुर छाताबाड़ कटनियां गांव में शराब बंद नशा मुक्त जागरूकता अभियान में लगभग 1000 से ज्यादा महिलाओं ने रैली निकाली। मुख्य रूप से बीपीये मीना कुमारी बीआरपी रीता देवी कमरडीह संकुल के सचिव बालिका मुर्मू कटनिया पंचायत की मीना देवी, सुमित्रा देवी, कमला देवी, मंजू देवी, सुधा देवी, एवम् काफी महिलाये उपस्थित थी।

## मिजील्स रुबेला की रोकथाम को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिजिल्स रुबेला जैसी ख़तरनाक बीमारी के रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग सरिया के द्वारा जागरूकता रैली आयोजन निकाली गई , इस रैली के माध्यम से लोगो के बिच इसके रोकथाम व टीकाकरण को लेकर जागरूक किया गया साथ ही साथ प्रचार प्रसार के माध्यम से व्यापक तौर पर विभिन्न प्लेटफार्म, पोस्टर, फ्लेक्स तथा बैठकों के माध्यम से भी सुनिश्चित कराया जा रहा है इस बाबत वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अधिकारी पी मिश्रा ने बताया की दिनांक 12.04.23 को अगले 1 माह तक मिजिल्स रुबेला अभियान मनाया जाना है जिसमें 9 माह से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों को मिजिल्स रूबेला का टीका लगाया जाना है इस रैली में डॉ रमापति, एलटी संतोष कुमार, सहिया साथी प्रमिला देवी, गौरी देवी, छोटू कुमार समेत दर्जनों स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## गोमो में अभाविप की बैठक संपन्न



**गोमो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अभाविप गोमो नगर इकाई की नगर बैठक मजदूर संघ कार्यालय में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक के दौरान छात्र छात्राओं ने अपने साथ होने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा सर्व सम्मति से नगर अध्यक्ष डॉ विनय तथा नगर उपाध्यक्ष राजेश सिंह तथा गौतम को बनाया गया। इस दौरान इकाई के सदस्यों ने बताया कि गोमो में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें लोगों को पॉलीथिन का उपयोग न करने, हेलमेट पहनकर बाइक चलाने तथा सफाई अभियान के मुद्दे मुख्य रूप से होंगे। बैठक में विभाग सह संयोजक शिवम सिंह, जिला संयोजक अंशु तिवारी, सुधांशु गुप्ता, शिवम रवाणी, नगर मंत्री सुभाष सोनी, नगर सह मंत्री पीयूष गुप्ता, कोमल राज, आशीष, विकास, रितिक, अजय, बादल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाए 3 लाख की संपत्ति



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत लॉ कॉलेज के समीप बंद पड़े आवास से चोरों ने तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति उड़ा ले गए। जिसकी सूचना मकान मालिक ने सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि वह लोग घर में ताला बंद कर पूजा पाठ के आयोजन में अपने पैतृक आवास पूर्वी टुंडी गए हुए थे। उसी क्रम में आज जब वह लोग गांव से लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के सभी ताले टूटे हुए थे। कमरों के भीतर भी अलमारी और बक्से के टाला तोड़कर लगभग 1.5 लाख रुपये नगद और डेढ़ लाख के जेवरात चोरी कर ली गयी है।

### विद्यालय में बाल अधिकारों को लेकर सुरक्षित गांव कार्यक्रम का आयोजन

## मानव बाल तस्करी की घटना एक बड़ी चुनौती है : गौतम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम का मामला हो या बाल अधिकार के हनन का कहीं भी मामला दिखे, तो तुरंत टोल फ्री नंबर में फोन करें। शिकायत करने के कुछ ही घंटे में मामले पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। उक्त बातें बगदा पंचायत की मुखिया गीता देवी ने कही। वे कसमार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बगदा में सहयोगिनी संस्था द्वारा आयोजित सुरक्षित गांव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को संबोधित कर रहे थे। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बाल अधिकार के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दिया। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि मानव बाल तस्करी की घटना एक बड़ी चुनौती है। इसे रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। इस दौरान स्कूली बच्चों ने ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए संकल्प भी लिया। इसके अलावा सभी बच्चों को चाइल्ड लाइन की सेवा 1098 की भी जानकारी देकर बताया कि बच्चों की किसी भी तरह की मुसीबत में चाइल्ड लाइन दिन रात मदद करती है।

## झामुमो धनबाद ईकाई ने दिवंगत जगरनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि

**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** धनबाद झामुमो के जिला समिति की ओर से सैकड़ों की संख्या में एक जत्था बरवाअड्डा किसान चौक में इकट्ठा होकर डुमरी के लिए प्रस्थान किया जहां माटी पुत्र दिवंगत जगरनाथ महतो के पार्थिक शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्राप्त समाचार के अनुसार धनबाद झामुमो कार्य समिति सदस्यों की सारी टीम झामुमो धनबाद जिलाध्यक्ष लखी सोरेन के नेतृत्व में दिवंगत नेता जगरनाथ महतो के पैतृक आवास भंडारी घाट पहुंचे और दाह संस्कार में शामिल हुए, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं लाखों जनमानस के उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया दाह संस्कार में मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, झामुमो धनबाद जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, युदेशवर सिंह,सपन बनर्जी, जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम, धनबाद संगठन सह सचिव फूलचंद किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, तोपचांची अध्यक्ष लालचंद महतो समेत कई झामुमो नेता शामिल हुए।



## नक्सली घटना ने लगभग डेढ़ करोड़ का हुआ नुकसान

# खुद को कृषणा गोप का आदमी बताकर लेवी नहीं मिलने पर दिया घटना को अंजाम

**राजेश कुमार गुप्ता @ प्रभात मंत्र**

**कुडू-लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत मकान्दू स्थित बालाजी स्टोन माइंस पत्थर खदान और पुंडरीक नाथ शाहदेव नामक क्रेशर में शुक्रवार की रात पीएलएफआई नक्सली संगठन द्वारा मचाये गए उत्पात में लगभग डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ है। नक्सलियों ने माइंस में लगे एक टाटा हिटाची पोकलेन और त्रिपुरारी लाल के क्रेशर में लगे जैक्सन कंपनी का एक 250 केवीए का डीजी जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया। सूत्रों की माने तो घटना के पीछे लेवी का मामला सामने आ रहा है। और लेवी नहीं देने के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के वक़्त मौके पर मौजूद पोकलेन चालक हज़ारीबाग़ जिले के चौपारण नावाडीह निवासी धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि वह शुक्रवार की मध्य रात्रि 12 बजे खदान में पोकलेन में सो रहा था तभी सात-आठ की संख्या में पहुंचे लोगों ने ऊपर से पत्थर फेंके और उसे गाड़ी से नीचे उतरने को कहा और मेरे साथ लप्पड़ थप्पड़ से मार पीट करने लगे। फिर पोकलेन मशीन में आग लगा दी। और कहा कि हमलोग कृष्णा गोप के आदमी हैं तुम्हारा मालिक पैसा नही पहुंचाया है इस लिए मशीन जला रहे हैं। उसके बाद सभी क्रेशर पहुंचे और डीजी को भी आग लगा दी जिससे डीजी भी पूरी तरह जलाकर खाक हो गया। फायर फ्रिगेड की गाड़ी भी पहुंची लेकिन तबतक सब कुछ





खाक हो चुका था। चालक ने बताया कि अपराधियों में 3 के पास छोटे हथियार थे जबकि बाकी लोग हाथ मे लाठी डंडा पकड़े हुए थे। घटना की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय, कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह दल बल के साथ मकान्दू पहुँचे। शुरू से ही उग्रवादियों अपराधियों के निशाने पर रहा है मकांदु का पथ्थर व्यवसाय लगभग सभी वारदात में पीएलएफआई कमांडर कृषणा यादव उर्फ सुल्तान का नाम आया सामने कुडू प्रखंड के मकांदु इलाके में वर्ष 2010 के आसपास सिर्फ एक स्टोन क्रेशर चालू हुआ और इसी के साथ यहां पत्थर मंडी की नींव पडी और फिर धड़ाधड़ स्टोन क्रेशर लगने का सिलसिला चल पड़ा। विकास व निर्माण कार्यों में तेजी के कारण गिट्टी की मांग बढ़ने पर इस कारोबार को पंख लग गए और देखते ही देखते यह इलाका पत्थर खनन का केंद्र बन गया। वर्तमान में यहां आधा दर्जन स्टोन क्रेशर चल रहे हैं। लेकिन एक ओर जहां मज़दूरों को काम मिला तो अपराधियों की भी बल्ले बल्ले हो गयी। जब और जिसे मौका मिला अपनी धमक दिखाकर उगाही करने पहुंचते रहे। इसकी शुरुआत वर्ष 2019 में हुई जब यहां संचालित क्रेशर प्लांट %बालाजी स्टोन ट्रेडिंग वर्क लिमिटेड% में 17 नंबर की रात नक्सली संगठन पीएलएफआइ ने धावा बोलकर मज़दूरों को पीटा फायरिंग की और लेभी के बिना काम करने पर अंजाम भुगतने के चेतावनी भरे पर्चे छोड़ चलते बने। फिर यहां संचालित अनीसुर्रहमान के क्रेशर पर 9 अगस्त 2020 रविवार की रात धावा बोलकर मुंसी एवं अन्य कर्मियों के साथ मारपीट की तथा 5 लाख की रंगदारी की मांग की गयी थी, फिर से बालाजी स्टोन वर्क्स कंपनी की खदान में 20 फरवरी को हथियारबन्द अपराधियों ने हमला कर दर्जनों मज़दूरों की पिटाई की और एक पोकलेन मशीन जला दी थी,और इसी वर्ष 1 फरवरी को मकान्दू में संचालित एक क्रेशर में बमबारी और दूसरे में पोस्टरबाजी कर दहशत फैलाई थी और अब पुंडरीक नाथ शाहदेव के माइंस और क्रेशर पर हमला कर पोकलेन और डीजी जेनेरेटर जलाकर एक बार फिर अपनी दहशत कायम रखी है।

## समाहरणालय सभाकक्ष में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की याद में आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों व समाहरणालय कर्मियों द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में श्रद्धांजलि सभा मे दो मिनट का मौन रखा गया। ज्ञातव्य हो कि झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की चेन्नई (तमिलनाडु) में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

## कैरो थाना के चिपो मे लाखों रूपये के बिजली सामान चोरी, मामला दर्ज



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के चिपो व नगड़ा बरवाटोली में गुरुवार 06 अप्रैल की रात्रि 11 केवीए का तार और एलटी केवल की चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार नगड़ा बरवाटोली और चिपो गांव में नवनिर्मित सिंचाई के लिए बनाए गए 11 केवीए लाईन के तार एलटी केवल की चोरी हो गई। इसकी कीमत 09 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। इस सबंध में विद्युत विभाग के कनीय विधुत अभियंता सुजीत कुमार के द्वारा कैरो थाना में प्रथमिकी दर्ज की गई है। कैरो थाना कांड संख्या 12/2023 भा0द0वि0 की धारा 4/5-375, 34 दर्ज कर कैरो पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटित क्षेत्र से चोरों के द्वारा छोड़े गए कुछ तार, पोल चढ़ने का जूता, कटर आदि बरामद कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## शुरुआती गर्मी में ही जल संकट गहराया, जनप्रतिनिधि मौन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और जल संकट अभी से अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है कुवा तालाब सभी अपना विक्राल रूप दिखाना प्रारंभ कर दिया है वही ग्राम पंचायत तिगरा के भुजनिया हरिजन टोली सरकार द्वारा लगाई गई जलमीनार महीनो से खराब पड़ा है लिखित सूचना जनप्रतिनिधि एवम सबंधित विभाग को महीनो पहले दिया गया परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई गांव के लगभग सभी चापानल जलमिनर खराब है और संधित विभाग मौन है बताते चले कि सरकारी योजनाओं के तहत सदर प्रखंड भर ऐसे कई हजार सोलर एनर्जी वाली जलमीनार लगाए गए मगर साल दो साल में ही इन्होंने अपना दम तोड़ दिया,कुछ जलमिनारो पर तो दबंगों का भी कब्जा है जिसे लोग अपने निजी कामो के उपयोग में ला रहे है,सोलर जलापूर्ति ठप होने के कारण लोगो को पानी की व्यवस्था दूर दूर से करनी पड़ रही है,जबकि पंचायत चुनाव के बाद नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने समश्या के समाधान के विषय मे ग्रामीणों की आस जगी थी, पर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर जनप्रतिनिधि मौन है ग्रामीणों द्वारा जलापूर्ति के बारे में पूछने पर पंचायत स्तर के अधिकारी टाल मटोल का जवाब दिया जाता है, परन्तु ग्रामीणों को क्या पता था कि जो हैंडपंप दिन भर पानी निकाला जाता था वही हैंडपंप में सोलर पैनल लगने के बाद बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ेगा, जब सोलर पैनल योजना नहीं आई थी उस समय लोग हाथों के प्रयोग से हैंडपंप से पानी निकाल कर अपना गुजारा बड़े आराम से किया करते थे।

## मारपीट मामले में दो नामजद को त्वरित करवाई करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बदला ग्राम में मारपीट के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस संज्ञान में लेते हुए त्वरित कारवाई कर दो नामजद युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आइसक्रीम बेचने के दौरान किसी बात को लेकर आइसक्रीम वाले से दोनो युवक का कहा सुनी हुआ और विवाद बढ़ गया उसी दौरान आइसक्रीम वाले के साथ स्थानीय दोनो युवक मार पीट करने लगे जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देर शाम देते हुए वर्तमान सेरेंगहातू निवासी मोहादिन अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र समीम अंसारी द्वारा दो नामजद नितेश कुमार श्रीवास्तव एवं सुकेन्द्र उराँव के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए कानूनी कारवाई हेतु सेन्हा थाना में गुहार लगया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा मारपीट



मामला का आवेदन प्राप्त होते ही कांड संख्या 43/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 504, 506, 295 ए, 34 भादवी के तहत त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस द्वारा बदला निवासी ओम लाल के 32 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार श्रीवस्तव एवं बदला बोधा टोली निवासी एतवा उराँव के 35 वर्षीय पुत्र सुकेन्द्र उराँव को देर रात गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। वही बताया जाता है। कि वर्तमान सेरेंगहातू निवासी समीम अंसारी बिहार राज्य के रोहतास जिला अंतर्गत गोला थाना क्षेत्र के अकौरी गोल का स्थाई निवासी है। फिलहाल लोहरदगा जिला के सेरेंगहातू में किराए के मकान में रहकर जीविकोपार्जन हेतु आइसक्रीम बेचने का कार्य करता है।

## बीडीओ ने पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बहुदेशीय भवन में संचालित पुस्तकालय का बीडीओ द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड परिसर के बहुउद्देशीय भवन में जिला प्रशासन के निर्देश में संचालित पुस्तकालय का प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने औचक निरीक्षण करते हुए संचालित करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार बता दे की पुस्तकालय का उद्घाटन बिगत 21 मार्च को उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया था। तब से प्रखंड क्षेत्र के स्नातक एव इंटर पास विधार्थियो ने सुबह 10 बजे से ज़हम 5 बजे तक अध्ययन का कार्य कर रहें है। पुस्तकालय में विधार्थियो को आराम से बिना शोर शराबा का शांतिपूर्वक पढ़ाई करने का अवसर मिलता है। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की पुस्तकालय में पढ़ने के लिए प्रशासन





की ओर से सभी तरह की पुस्तकों का व्यवस्था किया गया है। छात्र छात्राएँ अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें। साथ ही बताया कि प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय कमेटि से बैठक कर निर्णय लिया जायेगा की प्रखंड कार्यालय का सरकारी छूटी के दिन पुस्तकालय खोला जाय की नही। उन्होंने कहा की पुस्तकालय की देखने के लिऐ प्रति दिन अलग अलग बीआरपी को लगाया गया है। बच्चो को निर्देश देते हुए कहा की अपने सहपाठियों को भी पढ़ाई के लिये पुस्तकालय में पंजीयन कराये और इच्छुक हो कर किताब से रिश्ता रखें जिसे आप सभी कामयाब बन सकेंगे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## लचरागढ के ब्राह्मण तलाब के पास से एक युवक का शव बरामद

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लचरागढ़ में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ । क्षेत्र में फैली सनसनी।मृतक व्यक्ति का नाम अनिल बरला बताया जा रहा है। अनिल के शव के आसपास कई जगहों पर खून के धब्बे मिले हैं । लोगों ने व्यक्ति की हत्या किए जाने की आशंका से पुलिस को दी है सूचना। मृतक की पत्नी पुष्पा बरला जिसकी उम्र तकरीबन 28 वर्ष है मृतक की दो बेटी और एक बेटा है। एक बेटी 11 वर्ष की और दूसरी बेटी लगभग 8 वर्ष की है बेटे की उम्र महज 2 वर्ष जो अभी तक मां का दूध पी रहा है। मृतक के पिता का नाम अकलु बरला है। मृतक का घर लचरागढ़-जलडेगा रोड दीप नगर स्थित अंधेरी गाढ़ा में है। मृतक की पत्नी पुष्पा बारला ने बताया कि बीती रात्रि 9ः00 बजे को तीन अज्ञात युवक उनके घर आए जोकि जलडेगा में कहीं पर लड़की देखने गए थे। मृतक के घर आकर तीनों युवक ने बताया कि हम आपके दीदी के ससुराल के हैं हम आपके यार लगते हैं। तत्पश्चात मेहमान समझकर मृतक की पत्नी ने उन्हें जलपान कराया फिर वे तीनों युवक मृतक अनिल बारला को अपने साथ ले गए , फिर वह नहीं लौटा । मृतक के घर में एक ही मोबाइल है और वह महीनों से बिगड़ा हुआ है इस कारण मृतक की पत्नी उससे संपर्क नहीं साध पाई। अहले सुबह जब मृतक की पत्नी को सूचना मिली कि उसके पति का लाश ब्राह्मण टोली तलाब के खेत में पड़ा हुआ है तब मृतक की पत्नी उसकी सास और ससुर रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना उपरांत थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गए। मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि लचरागढ़ गढ़ में एक लाश बरामद हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की एक-एक बिंदु की जांच की जा रही है ,बहुत जल्द अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

## वाहन जांच के दौरान 7 बाइक जब्त परिवहन नियम के अनुसार होगी कारवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** डीटीओ के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान 7 बाइक जब्त होगी परिवहन नियम के अनुसार कारवाई। सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर डीटीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान छोटी वाहन से लेकर भारी वाहन का जांच किया गया। जांच के दौरान वाहन से संबंधित कागजात का जांच किया गया। जिसमें त्रुटि पाए जाने पर 7 बाइक को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। बताया जाता है, कि जब्त बाइक का कागजात में त्रुटि पाया गया है। जिसको लेकर परिवहन नियम के अनुसार बाइक मालिक से जुर्माना राशि की वसूली किया जाएगा। परिवहन विभाग कर्मियों के अनुसार बता दें कि ससमय वाहन का



कागजात दुरुस्त नही किए जाने से विभाग को राजस्व की क्षति हो रहा है। और वैसे वाहन मालिक नियम को ताख पर रख कर धड़ले से वाहन परिचालन करवा रहे है। जिसको लेकर जिला के अलग अलग क्षेत्र में आदेशनुसार लगतार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। और वैसे वाहन मालिक को चेतावनी दिया गया जिसका वाहन का कागजात अधूरा है। जो ससमय परिवहन विभाग से संपर्क कर कागजात दुरुस्त करा लें वाहन जांच के दौरान अमरेश भार्ती सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावे सेन्हा थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद, लोहरदगा की ओर से इस माह 14 अप्रैल 2023 को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाये जाने के निर्णय से सभी को अवगत कराया गया। इसके अंतर्गत समाहरणालय के समीप अवस्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण 11.30 बजे पूर्वाह्न में किया जाएगा। इससे पूर्व कचहरी चौक से पावरगंज चौक, अपर बाजार, मिशन चौक से वापस न्यू रोड, पावरगंज होते हुए कचहरी चौक मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न होगी। इसके उपरांत समाहरणालय मैदान में स्कूली बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता की जाएगी। कला दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सेवानिवृत्त पदाधिकारियों/ कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को बाबा साहब की जीवनी से जुड़ी फिल्म भी दिखायी जाएगी। बाबा साहब से संबंधित पुस्तक का भी वितरण किया जाएगा।

## भाजपा सांसद प्रतिनिधि ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** भाजपा नेता सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने हाथी प्रभावित गांव हुटुपदा, परबा, टिकरा, जलडेगा, रामजडी, आदि गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुआ ग्रामीणों ने बताया की हाथीयों की झुंड में एक बहुत विशालकाय एवं आक्रामक हाथी है जो बहुत तेजी से ग्रामीणों को भागता एवं अपने आक्रमक रुप कर ग्रामीणों को भी अपनी उत्पात से डराता है मशाल दिखाने से भी नही डरता है,अंधेरे में ग्रामीणों को भगाने का प्रयास करतें हैं उल्टा ग्रामीणों को ही दौड़ाने लगता है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं रातजगा करने पर विवश हैं। यह जंगली हाथी अभी तक अनेक गरीब ग्रामीणों का घर को उजड़ चुके है। फिगर दिनों में हुटुपदा, परबा, टिकरा, जलडेगा, रामजडी गांवों में जमकर उत्पाद मचाया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने एवं मिट्टी तेल, जला मोबिल, बोरा, मशाल आदि राहत सामग्री उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उपायुक्त सिमडेगा, डीएफओ सिमडेगा, एसडीओ सिमडेगा, सीईओ जलडेगा, बीडीओ जलडेगा के सहयोग का अपील किया है। एवं हाथी को क्षेत्र से बाहर खदेड़ने हेतु आग्रह किया है।

## भ्रष्टाचार के आकन्ठ मे डूबी हुई है हेमंत नेतृत्व वाली सरकार : राजमोहन राम



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड की निक्कमी और भ्रष्टाचारी हेमंत नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ आगामी 11 अप्रैल को झारखण्ड सचिवालय घेराव को लेकर कैरो मंडल भाजपा की बैठक पुर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम की उपस्थिति मे बैठक हुई सम्पन्न। बैठक मे पुर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम ने कहा कि राज्य की वर्तमान हेमंत नेतृत्व वाली महिला, युवा विरोधी सरकार भ्रष्टाचार की आकण्ठ मे डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनता से किये गये वायदे को निभा पाने मे पूरी तरह विफल रही है, इन्ही सब नीतियो को लेकर झारखंड भाजपा द्वारा आयोजित 11 अप्रैल को भाजपा कार्यकर्ता सचिवालय को घेराव कर राज्य सरकार की नीतियों को भाजपा के एक एक कार्यकर्ता राज्यवासियो को बताने का कार्य करेंगे। उक्त घेराव कार्यक्रम मे कैरो प्रखंड क्षेत्र के बूथ स्तर के सैकड़ो कार्यकर्ता लेंगे भाग। उपरोक्त बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राजमोहन राम, प्रखंड कार्यक्रम संयोजक विशेश्वर प्रसाद दीन, पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष मनिन्द्र शाह, जिला कार्यसमिति सदस्य मोहन साहू, बजरंग उरांव, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, महामंत्री राधेश्याम लोहरा, कुलदीप सिंह, जगनारायण प्रजापति, विनोद राम, गोविंद महतो, शिवचरण तुरी, हरिगोपाल साहू, इत्यादि भाजपाई उपस्थित हुए।

## रात्रि जागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का

➲बरसलोया में पांच दिवसीय चौबीस प्रहरी अखंड हरी संकीर्तन का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत बरसलोया गांव में पांच दिवसीय रामनवमी मेला उत्सव सह अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।इस दौरान कीर्तन मंडली और भक्तजन आयोजित कीर्तन में शामिल होकर हरे राम हरे कृष्ण के धुन पर कीर्तन करते हुए नजर आए। इधर गुरुवार को झांकी एवं मेला का आयोजन किया गया जहां पर दूर-दूर से मेला देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। झांकी में मां काली हनुमान सहित अलग-अलग देवी-देवताओं का वेशभूषा में उपस्थित कलाकारों ने सभी लोगों को अपनी कला का प्रस्तुति करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एक से बढ़कर एक झांकी भी प्रस्तुत की गई। सदियों से चली आ रही मां काली देवी शोभा



यात्रा निकाली गई। रामनवमी समिति के सदस्यों और महिला मंडल कीर्तन कार्यक्रम में उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के चौथे दिन भव्य मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में मेला प्रेमी मेला देखने पहुंचे। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सुबह नगर भ्रमण और दही हांडी मटका फोड़ कार्यक्रम हुआ। जिसमें काफी संख्या में युवती और महिलाएं शामिल हुई पूरे ग्राम में प्रभु श्री राम के भक्ति गीत गीतों में झूमते थिरकते हुए नाच गान किया गया। वही रात्रि में भक्तिमय जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें पूरु रात भगवान श्री राम की असीम कृपा से लोगों को रिझाने झुमाने का कार्य स्थानीय कलाकारों के साथ ओडिशा एवं झारखंड के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप गोस्वामी वहीं विशिष्ठ अतिथि झापा के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भजन वंदन और आरती के साथ की गई जगराता कार्यक्रम में गायक जुगनू धनबाद , गायिका उर्मिला महतो, रूपेश बड़ाईक, मिस छाया और मृतक मंडली के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई।वहीं म्यूजिशन टीम में राकेश, गणेश, प्रकाश, गुड्डु, नागेश्वर शुभम और गणेश की सहभागिता रही । मुख्य अतिथि प्रदीप गोस्वामी ने ने कहा कि आज हरे राम की कृपा से आज इस मंच में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और रामचरित मानस गाथा का ब्यौरा लोगों को संबोधित करते हुए बताया और तुसली की गान गाकर लोगों को राम भगवान की असिम कृपा को लोगों तक पहुंचाने का काम किया।

## 11 अप्रैल को भ्रष्ट राज्य सरकार की नीवं हिला देंगे : बालमुकुंद सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा द्वारा आगामी 11 अप्रैल को आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज सिमडेगा जिला के भाजपा कार्यलय में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय जी मौजूद रहे। सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच मे काफी उत्साह देखने को मिला। सिमडेगा जिला से हज़ारों की संख्या में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता के साथ साथ ग्रामीण शामिल होंगे। कार्यक्रताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अभी राज्य में महाठगबंधन की सरकार चल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचारयुक्त है, राज्य के नवजवानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग को ठगने वाली सरकार है। राज्य में





आज कानून ब्यवस्था चरमरायी हुई है, अपराध अपने चरम पर है। पिछले तीन साल से झारखण्ड में विकास ठप है। राज्य सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर धोखा देने का काम कर रही है। लोगों में इस सरकार के प्रति नाराजगी व्याप्त है। इस सरकार से राज्य के लोगों का विश्वास पूरी तरह से उठ चुका है। अब यहां के लोगों को समझ मे आ चुका है कि राज्य का विकास अगर कोई कर सकता है तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है।श्री सहाय ने कार्यकर्ताओं से सचिवालय घेराव कार्यक्रम में भारी संख्या में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि 11 अप्रैल को भ्रष्ट राज्य सरकार की नींव हिला देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विमला प्रधान, ओम प्रकाश, सूरज शाहदेव, दुर्गविजय सिंह, सावित्री देवी, दीपक पूरी, चिंतामणि कुमार, मुकेश, सुशील श्रीवास्तव, अनूप प्रसाद, राकेश रविकांत प्रधान, दीपेंद्र श्रीवास्तव, नवीन, तुलसी साहू, संजय ठाकुर, रुकमणी देवी, संजय शर्मा, श्रद्धानन्द बेसरा, मोती लाल सिंह, सतीश पांडेय, श्री लाल साहू, नरेंद्र बड़ाईक, सुदर्शन सिंह, रामविलास बड़ाईक, देवकीनंदन साय, कृष्णकांत सिंह, प्रणव कुमार, सुजान, कृष्णा ठाकुर उपस्थित हुए।

चलते चलते एक नजर

## अडानी मुद्दे पर जेपीसी की तुलना में सुप्रीम कोर्ट का पैनल अधिक विश्वसनीय : शरद पवार

**नई दिल्ली :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को एक बार फिर दोहराया कि गौतम अडानी के मुद्दे पर सच्चाई सामने लाने के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की तुलना में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल अधिक विश्वसनीय है। पवार ने आज मीडिया को दिये एक बयान में कहा कि जेपीसी की मांग हमारे सभी साथियों ने की है ये बात सच है। मगर हमें लगता है कि जेपीसी में 21 में से 15 सदस्य सत्ताधारी पार्टी के होंगे। ऐसे में देश के सामने सच्चाई कहां तक आ पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी ने जेपीसी का समर्थन किया है लेकिन मुझे लगता है कि जेपीसी में सत्तारूढ़ पार्टी का वर्चस्व होगा इसलिए सच्चाई सामने नहीं आएगी। इसलिए मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल सच्चाई सामने लाने का एक बेहतर तरीका है। शरद पवार ने कहा कि एक जमाना ऐसा था जब सत्ताधारी पार्टी की आलोचना करनी होती थी तो हम टाटा-बिड़ला का नाम लेते थे। टाटा का देश में योगदान है। आजकल अंबानी-अडानी का नाम लेते हैं, उनका देश में क्या योगदान है। इस बारे में सोचने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और किसानों के मुद्दे जैसे अन्य मुद्दे अधिक महत्वपूर्ण हैं। 2024 के चुनावों के लिए 'विपक्षी एकता' पर राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि हमने सभी विपक्षी दलों की एक संयुक्त बैठक की और वहां सभी मुद्दों पर चर्चा की। कुछ ऐसे मुद्दे थे जिन पर हम सहमत नहीं थे लेकिन सभी ने बैठक में अपने विचार रखे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को एक निजी समाचार चैनल के साथ विशेष साक्षात्कार में एनसीपी प्रमुख ने अडानी मुद्दे पर कांग्रेस की मांग से असहमति जताते हुए कहा था कि उनका दृष्टिकोण उनके महाराष्ट्र सहयोगी से अलग है।

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित करेगा आयुष मंत्रालय

**नई दिल्ली :** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित करेगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस वैज्ञानिक सम्मेलन का विषय होमियो परिवार- सर्वजन स्वास्थ्य, एक स्वास्थ्य, एक परिवार है। इस अवसर पर सीसीआरएच की एक डॉक्यूमेंट्री, एक पोर्टल और 08 पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। होम्योपैथी के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के मकसद से कई संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। सम्मेलन के दौरान, नीतिगत पहलुओं, होम्योपैथी में उन्नति, अनुसंधान साक्ष्य और होम्योपैथी में नैदानिक अनुभवों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में डॉ. संगीता ए. दुग्गल, सलाहकार (होम्योपैथी), आयुष मंत्रालय, डॉ. राज के. मनचंदा, निदेशक (आयुष), दिल्ली और पूर्व डीजी, सीसीआरएच, डॉ. अनिल खुराना, डॉ. सुभाष कौशिक, डीजी, सीसीआरएच, डॉ. शैलेंद्र सक्सेना, वाइस डीन, प्रोफेसर आदि इस कार्यक्रम के दौरान अपने व्याख्यान देंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व होम्योपैथी दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की 268वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

# छह बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी पति की हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी।** बीमा के बीस लाख रुपये हड़पने और अपने प्रेमी के साथ रहने के लालच में छह बच्चों वाली महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। तोरपा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिले के रनिया थानांतर्गत सोदे पंचायत के बासिल सुरीन (48) की गत मंगलवार की रात हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने 72 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। इस हत्याकांड को मृतक की पत्नी मरियम सुरीन ने अपने



प्रेमी सिमोन आईंद के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपित पत्नी और उसके प्रेमी जरियागड़ थानांतर्गत निधिया गांव निवासी और वर्तमान में खादगड़ा रांची में रहने वाले सिमोन आईंद को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक वासिल सुरीन द्वारा कराए गए 20 लाख रुपये की बीमा राशि को हड़पने की नीयत से उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा साबल, एक स्कूटी और मृतक वासिल का टूटा मोबाइल सहित तीन मोबाइल फोन बरामद किया है।एसडीपीओ ने बताया कि गत बुधवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रनिया-सोदे रोड पर गोपला पुल के पास खून से लथपथ वासिल का शव बरामद किया था। इस संबंध में स्वजनों के बयान पर रनिया थाना में मामला दर्ज किया गया था।

## असम के बरपेटा से प्रतिबंधित पीएफआई और सीएफआई के तीन शीर्ष कैडर गिरफ्तार

एजेंसी

**बरपेटा (असम):** पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) और कैंपस फ्रंट आफ इंडिया (सीएफआई) के तीन शीर्ष कैडरों को बरपेटा जिले के बरपेटारोड रेलवे स्टेशन इलाके से गिरफ्तार किया गया। फिलहाल तीनों से पुलिस की पूछताछ जारी है। केंद्र सरकार ने सितंबर 2022 में पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। बरपेटा जिले के पुलिस अधीक्षक अमिताभ सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में पीएफआई और सीएफआई के तीन शीर्ष कैडरों की गिरफ्तारी की जानकारी साझा की। शुक्रवार रात को गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों में जाहिदुल इस्लाम, जाकिर हुसैन और अबू समा शामिल हैं। तीनों को पुलिस अधीक्षक सिन्हा के नेतृत्व वाली टीम ने बरपेटारोड रेलवे स्टेशन इलाके से पकड़ा। तीनों को आज बरपेटा के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश कियाजाएगा। जाहिदुल इस्लाम सीएफआई की राष्ट्रीय समिति का कोषाध्यक्ष और असम राज्य समिति का अध्यक्ष है। जाहिदुल इस्लाम असम के बाक्सा जिलांतर्गत गोवर्धना के ग्राम सनबारी का निवासी है। जाकिर हुसैन पीएफआई का राज्य सचिव है और वह बाक्सा के ग्राम गोवर्धना का निवासी। अबू समा पीएफआई का प्रदेश अध्यक्ष है और वह बरपेटारोड के वार्ड-9 का रहने वाला है। पुलिस ने पीएफआई और सीएफआई के कैडरों के पास से 1.5 लाख रुपये नकदी के साथ बैंक दस्तावेज और कई अन्य सामान जब्त किए हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंटिफिक सेशन का किया शुभारंभ



एजेंसी

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के कौशाम्बी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंटिफिक सेशन का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री वीके सिंह और राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि यह केंद्र सरकार के सभी मिशन के लिए स्वास्थ्य की यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यशोदा अस्पताल के लिए इस तरह की सेवाओं को जोड़ना न केवल पेशेवर काम है बल्कि वे इसे राष्ट्र के विकास के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश की मानसिकता बदली है कि लोग केवल सरकार से देश के लिए काम करने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन अब निजी क्षेत्र देश के विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के साथ सामने आने लगा है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत को विश्वस्तर पर स्वास्थ्य के मामले में अग्रणी स्थिति में ले जाने के लिए यशोदा-कौशांबी की भांति अन्य निजी अस्पतालों को भी ऐसी बड़ी पहल करनी चाहिए। यशोदा हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने लॉन्च पर कहा, हम उन्नत और सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के नए तरीके खोजने में हमेशा सबसे आगे रहते हैं और सबसे अत्याधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी लाना हमारा लक्ष्य है।

# सीआरपीएफ महानिदेशक ने कोबरा बटालियन कैंप का किया दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के महानिदेशक डॉ सुजय लाल थाउसेन ने शनिवार को हजारीबाग के बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन कैंप का दौरा किया। इस दौरान महानिदेशक ने चतरा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। अभियान के दौरान जवानों ने जिस साहस और समर्पण से अपनी जान की परवाह किये बिना नक्सलियों का डटकर सामना किया, यह देश सेवा की अप्रतिम मिसाल है। महानिदेशक की ओर से अभियान में शामिल अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कुल 34 अधिकारियों एवं जवानों को



महानिदेशक डिस्क तथा प्रशंसा-पत्र भी प्रदान किये गए। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रांची में झारखंड के पुलिस महानिदेशक से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों की रूपरेखा तथा वर्तमान नक्सल परिदृश्य पर चर्चा की गई।उल्लेखनीय है कि हाल ही में चतरा जिले के लावालौंग थानान्तर्गत नौडिहा जंगल में नक्सलियों तथा 203 कोबरा बटालियन के जवानों से मुठभेड़ में दो सैक सदस्यों सहित कुल पांच नक्सली मारे गए थे। इस दौरान काफी मात्रा में स्वचालित हथियार, गोलियां और माओवादियों की अन्य सामग्री बरामद की गई थी। इस अभियान में शामिल जवानों और अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने एवं उनको सम्मानित करने के लिए महानिदेशक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हजारीबाग पहुंचे थे।

# विजय के लिए संगठित कार्य शक्ति जरूरी: भागवत

एजेंसी

**जयपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। इसके लिए सामर्थ्य-सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है।



डॉ. भागवत जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ परिसर में सेवा संगम के दूसरे दिन शनिवार को देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संघ की प्रार्थना का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। धर्म का सरंक्षण करते हुए हम राष्ट्र को परमवैभव सम्पन्न बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किए। इनसे ही सेवा भारती का जन्म हुआ। सेवा का कार्य सात्विक होता है। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं वे राजसी कार्य होते हैं। तामसिक कार्य भी होते हैं, ऐसा करने वाले अपना तो भला करते नहीं और दूसरों का भी नुकसान करते हैं।

उन्होंने निःस्वार्थ सेवा पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता कार्य के स्वभाव के साथ तन्मय होता है, तब कार्य होता है। कार्य के अनुरूप कार्यकर्ता हो, ऐसी समझ हमें विकसित करनी है। सेवाकार्य मन की तड़पन से होते हैं। हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है। कार्य करने के लिए कार्यकर्ता में रुचि, ज्ञान और भान होना आवश्यक है। हमें जय-जय नहीं करनी है और ना ही करानी है। जो सभी ने मिलकर तय किया उसको मानना और असहमत होते हुए भी कार्य सफल करना कार्यकर्ता का स्वभाव होना चाहिए। सेवा कार्य में जोश से ज्यादा होश की आवश्यकता रहती है।

डॉ. भागवत ने प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि सेवा करते हैं तो अपने आप प्रसिद्धि मिलती है, लेकिन उस ओर ध्यान नहीं देना है। सात्विक सेवा के पीछे अहंकार नहीं होता है। कई बार छोटी- छोटी बातों से बड़ी बातें बनती हैं। सात्विक प्रकृति का हमारा कार्य है, इसलिए सात्विक कार्यकर्ता बनाने पड़ेंगे। ज्यादा बड़बोलापन काम का नहीं है। इसलिए सौ काम हो जाएं, तब एक बताने का हमारा स्वभाव होना चाहिए।

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि सेवा का कार्यकर्ता बनना बहुत आसान बात नहीं है। अपना जैसा रीति रिवाज है, वैसा अन्य किसी संस्था में नहीं है। हम अपनी- अपनी जगह खूब सेवा कार्य करते हैं। सेवा का काम डॉ. हेडगेवार की जन्मशती से नहीं, उनके जन्म से शुरू हुआ। संघ की स्थापना तक डॉ. हेडगेवार ने भी बहुत सेवा कार्य किए। आपदा प्रबंधन भी किया। पीड़ितों की सेवा की। इसी का प्रतिबिंब संघ के कार्यक्रमों में आया और जगह-जगह होने वाले सेवा कार्यों को सेवा भारती के रूप में व्यवस्थित रूप दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा के लिए उपयुक्त एवं उत्कृष्टतापूर्ण कार्यकर्ता बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## सीबीआई ने जम्मू में मुख्य बागवानी अधिकारी को 10 लाख की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

**जम्मू :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में एक मुख्य बागवानी अधिकारी को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उसने रिश्वत की यह रकम एक कनिष्ठ सहयोगी की अनुकूल पोस्टिंग एवं अन्य विभागीय समस्याओं को हल करने के बदले में मांगी थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता के मुताबिक शिकायतकर्ता की पोस्टिंग के लिए 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगने एवं पदोन्नति सहित उसके विभागीय समस्याओं को हल करने के आरोपित और अन्य के खिलाफ शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आवश्यक सत्यापन के बाद सीबीआई ने सीएचओ सरबजीत सिंह और बिचौलिए गौहर अहमद डार को रिश्वत के लेनदेन के दौरान रंगेहाथ पकड़ लिया। बाद में दोनों आरोपितों के परिसरों और विशेष सचिव (बागवानी) के परिसरों में तलाशी ली गई।

# सासाराम के पीड़ितों के पुनर्वास की हो समुचित व्यवस्था : फैज सिद्दीकी


एजेंसी

**पटना :** सासाराम में भंग हुई शांति पर काँग्रेस नेता फैज सिद्दीकी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे एक घिनौना और शर्मनाक बताया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता की तारीफ भी की है। जारी किये विज्ञप्ति मे उन्होंने कहा, ÷भाजपा इस विवाद को मीडिया में जिस प्रकार से प्रस्तुत कर रही है वास्तविकता इसके विपरीत है। दोनों पक्षों के असामाजिक तत्वों के कारण यदि कुछ घटित भी हुआ तो प्रशासनिक सूझबूझ और शहर के कुछ सक्रिय और शांतिप्रिय व्यक्तिओं द्वारा विवाद को बढ़ने से त्वरित रोका गया। मात्र तीन दिनों में शहर की चहल पहल पूर्व की भांति हो जाना इस बात को दर्शाता है कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शहर के बुद्दिजीवी और सामाजिक लोगों की मदद से आम लोगों को साम्प्रदायक भय से मुक्त कर दिया। सासाराम की आम जनता ने भी अफवाहों पर ध्यान ना देकर आपसी भाईचारा बनाए रखने में ही शहर की भलाई समझी इसके लिए शहरवासी बधाई के पात्र हैं।÷ इसके साथ ही श्री सिद्दीकी ने सरकार के सामने कई मांगों को रखा है जिसमे विस्थापित लोगों का पुनर्वास करवाना मुख्य रूप से शामिल है। इस बिन्दु पर उनका कहना है कि जिन गरीबों के मकान में उपद्रवी द्वारा आग लगा दी गई उन सभी पीड़ितों को चिन्हित कर



अविलम्ब मुआवजा के रूप में एक निश्चित राशि की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पीड़ितों का पुनर्वास हो सके और सभी एक सामान्य जीवन जी सकें। मुआवजा देने में जिलाधिकारी को सक्रियता दिखानी चाहिए क्योकि पीड़ितों में एक ऐसा परिवार भी हैं जिनकी मेहनत से कमाई जमा पूंजी भी जल कर खाक हो गई जिसका उपयोग उसे आगामी माह में अपनी बेटी के विवाह में करना था।

## मनरेगा फंड के लिए पश्चिम बंगाल से एक करोड़ लोग लिखेंगे प्रधानमंत्री को पत्र



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के फंड के इस्तेमाल में भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद केंद्र सरकार ने पिछले एक साल से फंड रोक रखा है। अब इसे जारी करवाने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस केंद्र पर दबाव बनाने की तैयारी में है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में जनसभा के दौरान घोषणा की है कि राज्य से एक करोड़ लोग मनरेगा का फंड रिलीज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इसमें किसी भी तरह का भ्रष्टाचार है तो केंद्र चाहे तो सीबीआई जांच करवा ले। लेकिन फंड रोकना स्वीकार नहीं है। अभिषेक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दो बार प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से इस संबंध में मुलाकात की और राज्य का बकाया भुगतान की मांग की। अब तृणमूल कांग्रेस इस संबंध में अभियान चलाएगी जिसके तहत एक महीने के भीतर एक करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बाबत पत्र लिखेंगे। अगर एक महीने के अंदर मनरेगा का फंड जारी नहीं किया गया तो पार्टी दिल्ली को जाम करेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना के लिए काम किया है उन्हें आवश्यकता पड़ने पर हम दिल्ली ले जाएंगे। उनके रहने की व्यवस्था करेंगे लेकिन राजधानी में बड़े पैमाने पर आंदोलन होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली बढ़त का जिक्र करते हुए अभिषेक ने कहा कि बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने केंद्र को पत्र लिखकर मजदूरों का पैसा रोकने को कहा है। बंगाल के लोगों ने उन्हें लोकसभा में सीटें दीं और जीतने के बाद उन्होंने आपके पैसे रोक लिए। लेकिन राज्य सरकार बंगाल के लोगों को लगातार राज्य की योजनाओं का लाभ दे रही है। भाजपा आस्तीन का सांप है।

उन्होंने बार-बार पृथक बंगाल की मांग संबंधी भाजपा नेताओं के बयान का भी जिक्र किया और कहा कि बंगाल अखंड बंगाल है।

## देहरादून जिले में पर्यटकों की कार खाई में गिरी, तीन की मौत, एक घायल

**देहरादून :** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के पास पर्यटकों की स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी-14 सी 3336) के सड़क से 200 मीटर नीचे खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौके पर जान चली गई। एक पर्यटक घायल हो गया। यह हादसा देहरादून जिले के थाना कालसी अंतर्गत सहिया की तरफ चापनु के पास हुआ। इस कार में चार पर्यटक ही सवार थे। पुलिस के मुताबिक यह कार चकराता की ओर जा रही थी। यह हादसा कालसी से 14 किलोमीटर दूर हुआ।घायल पर्यटक ज्ञानेंद्र सैनी (48) को विकासनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 361 मालीवाला, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है। सूचना पाते ही एसडीआरएफ और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवारों को सूचित कर दिया गया है। हादसे में घायल ज्ञानेंद्र सैनी ने पुलिस को बताया कि वह लोग गाजियाबाद से चकराता घूमने जा रहे थे।

# एक किमी तक दंडवत की तीन आदिवासी महिलाएं, फिर ज्वाइन की टीएमसी

एजेंसी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में तीन महिलाओं का दंडवत करते हुए वीडियो सामने आया है. बताया जा रहा है कि तीन आदिवासी महिलाओं ने सड़क पर दंडवत किया इसके बाद उन्होंने टीएमसी ज्वाइन कर ली. इस मामले को लेकर विवाद शुरू हो गया है. बीजेपी ने आरोप लगाया है कि महिलाओं ने बीजेपी ज्वाइन कर ली थी. इसके बाद वे टीएमसी में गईं. बीजेपी में जाने को लेकर ही टीएमसी ने सजा के तौर पर महिलाओं को सरेआम दंडवत करने को कहा. जानकारी के अनुसार, यह घटना बालूरघाट के तपन की है. यहां तीन महिलाओं ने लगभग एक किलोमीटर तक दंडवत किया. इसके बाद टीएमसी ज्वाइन की. बीच सड़क पर महिलाओं को दंडवत करता देख सब हैरान रह गए. वहीं इस मामले में टीएमसी का कहना है कि प्रायश्चित के तौर पर



टीएमसी ने सजा के तौर पर महिलाओं को सरेआम दंडवत करने को कहा : भाजपा

महिलाओं ने ऐसा किया है. इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकान्त मजूमदार ने कहा है कि ये तीन महिलाएं टीएमसी छोड़कर बीजेपी में आ गई थीं, लेकिन जब इन तीनों ने टीएमसी में वापसी करनी चाही तो इन्हें जबरन दंडवत करवाया गया. वहीं बीजेपी इस मामले की शिकायत महिला आयोग से करने पर विचार कर रही है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस हमेशा आदिवासी विरोधी पार्टी रही है. इन तीनों आदिवासी महिलाओं के साथ जो तृणमूल कांग्रेस ने किया है, वो आदिवासियों का अपमान है. मेरा आदिवासी समाज से आह्वान है कि इस मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करे.

इससे पहले भी तृणमूल कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्म के राष्ट्रपति बनने का विरोध किया था. बता दें कि बीते दिनों केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने पश्चिम बंगाल के मौजूदा माहौल पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा था. प्रमाणिक ने कहा था कि मुख्यमंत्री के पद पर बैठकर ममता बनर्जी बेहद हल्की बातें कर रही हैं. उन्होंने कहा था कि वो नहीं, बल्कि पूरा देश कह रहा है कि बंगाल हिंसा के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है.